सुप्रभात
रांची, शनिवार
24.06.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net आषाढ़, शुक्ल पक्ष, षष्ठी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 339

12 कश्मीर घाटी के युवा लैपटॉप उठायें और आगे बढ़ें : शाह


झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## नेक इरादा निभा रहे वादा
# कुशल नेतृत्व का दिख रहा परिणाम




## पंचायती राज, राजस्व, वित्त और खाद्य आपूर्ति विभाग
## अंतर्गत नवनियुक्त हजारों युवाओं को
# हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार

PRNO 300773 (IPRD) 23-24

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

### राज्यपाल ने अमड़ापाड़ा प्रखंड के डुमरचीर में ग्रामीणों से संवाद किया

# केंद्र सरकार हर परिवार को शुद्ध पेयजल आपूर्ति कराने के लिए प्रतिबद्ध : राज्यपाल

### योजना केंद्र सरकार की हो या राज्य सरकार की, लक्ष्य है समाज के अंतिम व्यक्ति तक के जीवन स्तर को ऊपर उठाना

**अभी तक 37 प्रतिशत परिवार योजना से हुए लाभान्वित**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को पाकुड़ जिला के अमड़ापाड़ा प्रखंड के डुमरचीर में ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजना हो या राज्य सरकार की योजना हो, उनका लक्ष्य है समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक के जीवन स्तर को ऊपर उठाना। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार नल-जल योजना के तहत प्रत्येक परिवार को शुद्ध पेयजल सुलभ कराने के लिए प्रतिबद्ध है। अभी तक 37 प्रतिशत परिवारों को इस योजना से लाभान्वित किया जा चुका है। शेष बचे 67 प्रतिशत परिवार को लाभान्वित किया जायेगा। सरकार द्वारा शुद्ध पेयजल सुलभ कराने के साथ-साथ आवास, बिजली, स्वास्थ्य एवं शिक्षा की समुचित व्यवस्था के लिए भी निरंतर कार्य किया जा रहा है।

राज्यपाल ने कहा कि उन्होंने कई कस्तूरबा गांधी विद्यालय एवं अन्य विद्यालयों का भ्रमण किया है। उन्होंने वहां स्मार्ट क्लास, लैब, लाइब्रेरी, ओपेन जिम देखा है। वहां की छात्राओं से संवाद किया है। संवाद करने से उन्हें खुशी मिली है की वे पढ़ाई पर ध्यान दे रही हैं। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्रा रेखा टुडू ने बताया कि वो डॉक्टर बनना चाहती है। उनके विद्यालय में लैब एवं स्मार्ट क्लास की सुविधा उपलब्ध है। राज्यपाल ने छात्रा को प्रोत्साहित करते हुये कहा कि जो भी बच्चे उच्च शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उनके लिए सरकार द्वारा विशेष कोचिंग के माध्यम से भी शिक्षा की भी व्यवस्था की गई है।

ललिता देवी ने बताया कि वह स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के अमड़ापाड़ा शाखा में बैंक सखी है और स्वयं सहायता समूह को बैंक खाता खुलवाना एवं ऋण मुहैया करवाना एवं बीमा करवाने का कार्य करती है। इससे उनका जीवनस्तर बढ़ा है और वह खुश है।

राज्यपाल ने कहा कि जनजातियों एवं वंचित के लिए एकलव्य विद्यालय खोले गये हैं। सरकार द्वारा स्कूल ऑफ एक्सीलेंस भी खोले गए हैं। आप अपने बच्चों को निश्चित रूप से शिक्षित करें। उन्हें ड्रॉप आउट नहीं होने दें। राज्यपाल ने यहां के लोगों के शैक्षणिक, आर्थिक एवं सामाजिक समृद्धि की कामना की। उन्होंने परिसंपत्तियों का वितरण किया एवं आंगनबाड़ी केंद्र के कार्यों का अवलोकन किया।

### राज्य के 13 जिलों में चार हजार जवानों की होगी तैनाती

# बकरीद में धार्मिक स्थलों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर

**आइजी अभियान ने जारी किया निर्देश**

**26 जून से लेकर 29 जून तक जवानों की रहेगी तैनाती**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** 29 जून को बकरीद को लेकर झारखंड में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है। आइजी अभियान अमोल वेणुकांत होमकर ने कहा है कि हाल के दिनों में सांप्रदायिक तनाव को देखते हुए पुलिस प्रशासन को अलर्ट कर दिया गया है। सभी संवेदनशील क्षेत्रों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। आइजी ने बताया कि 13 जिलों में 26 जून से लेकर 29 जून तक 4000 अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है।

**सभी धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा के**



**कड़े इंतजाम :** राज्य के लगभग सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों खासकर मस्जिद और मंदिरों के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। वहां प्रतिनियुक्त होने वाले जवानों और पदाधिकारियों को सख्त निर्देश है कि वे किसी भी परिस्थिति में किसी की भी धार्मिक भावना को ठेस नहीं पहुंचने दें। शरारती तत्व धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने के लिए आपत्तिजनक वस्तुएं फेंककर माहौल को खराब करने की कोशिश कर सकते हैं, इस पर नजर रखने के लिए सुरक्षा बलों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है।

**यहां-यहां होगी तैनाती**

**रांची :** 700 लाठी बल, एक अश्रु गैस दस्ता, एक बम निरोधक दस्ता। इसके अलावा जैप और आईआरबी के जवान।
**लोहरदगा :** 300 लाठी बल
**जमशेदपुर :** 300 लाठी बल आरएपी की दो कंपनी, अश्रु गैस और बम निरोधक दस्ता एक।
**पलामू :** 200 लाठी बल और बम निरोधक दस्ता एक।
**हजारीबाग :** 350 लाठी बल, आरएपी की 6 कंपनी, अश्रु गैस दस्ता।
**गिरिडीह :** 350 लाठी बल, आरएपी 5 कंपनी, एक अश्रु गैस दस्ता।
**बोकारो :** 350 लाठी बल।
**धनबाद :** 300 लाठी बल।
**सरायकेला :** 100 लाठी बल।
**चतरा :** 100 लाठी बल।
**कोडरमा:** 100 लाठीबल।
**साहिबगंज :** 150 लाठी बल।
**दुमका :** 150 लाठी बल।

# सिर्फ विपक्षी एकता के नाम पर भ्रष्टाचार के संरक्षकों की पटना में हो रही बैठक: भाजपा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने शुक्रवार को पटना में हुई विपक्षी एकता की तथाकथित बैठक पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि ये राजनीतिक लड़ाई की एकता नहीं बल्कि भ्रष्टाचार पर जांच एजेंसियों की हो रही कड़ी कारवाई पर सभी भ्रष्टाचारी और उनके संरक्षक की बैठक है। झामुमो ने फिर झारखंड विरोधी मानसिकता वालों की गोद में बैठकर राज्य को कलंकित किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की बैठक में राहुल गांधी का शामिल होना कांग्रेस की स्वीकारोक्ति है कि कांग्रेस अकेले नरेंद्र मोदी और भाजपा का मुकाबला नहीं कर सकती है। ये कैसी विडंबना है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी को आज क्षेत्रीय पार्टियों के सामने झुकना पड़ा है। उन्होंने कहा कि पटना में एक फोटो सेशन चल रहा है। सारे विपक्ष के नेता एक मंच पर आ रहे हैं। वे संदेश देना चाहते हैं कि हम भाजपा और मोदी को चुनौती देंगे। कितने भी हाथ मिला लो आप एक साथ नहीं आ सकते हैं। आ भी गये तो 2024 में मोदी जी का 300 से ज्यादा सीटों के साथ आना तय है। उन्होंने कहा कि पटना में जो-जो विपक्षी दल इकठ्ठा हुए हैं, उनका एक ही मकसद है भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों को बचाना। सोनिया गांधी और राहुल गांधी भ्रष्टाचार के मामले में जेल से बेल पर हैं। लालू यादव और तेजस्वी यादव के घोटालों को कौन नहीं जानता है । लालू सजायाफ्ता मुजरिम हैं। ममता बनर्जी सरकार में तो अपराध और भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। डीएमके भ्रष्टाचार के लिए जानी ही जाती है। अरविंद केजरीवाल के कई मंत्री जेल की हवा खा रहे हैं। पंजाब में भी भ्रष्टाचार चरम पर है।

उन्होंने कहा कि ये लोग पॉलिटिकल पर्यटन पर आये हैं। लिट्टी-चोखा खाएंगे, खयाली पुलाव पकाएंगे। हाथ मिलाएंगे, लंबे-चौड़े भाषण देंगे और फिर अपने-अपने रास्ते चले जाएंगे। उन्होंने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण और धरती पुत्र कपूर्री ठाकुर की आत्मा कराह रही है। उन्होंने कहा कि देश की जनता भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने केलिए संकल्पित है। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव भी उपस्थित थे।

# विपक्षी एकता से घबरा गयी है भाजपा : मनोज पांडेय

**विपक्षी एकजुटता देखकर बीजेपी बेचैन, चुनावी हार का सता रहा डर**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजद के प्रदेश महासचिव मनोज कुमार पांडेय ने कहा है कि पटना में हुए सफल विपक्षी एकता की बैठक से भारतीय जनता पार्टी घबरा गई है। बीजेपी को अभी से डर सता रहा है कि 2024 में पूरे देश से भाजपा का सफाया हो जाएगा। उन्होंने कहा है कि शुक्रवार को पटना में अगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी विपक्षी पार्टियों ने जो रणनीति बनायी है उससे बीजेपी घबरा गई है। विपक्षी एकजुटता को देखकर बीजेपी के नेता अनाप-शनाप बयान देने से परहेज नहीं कर रहे हैं।



मनोज पांडेय ने कहा है कि बीजेपी को अपना गिरेबां में झाक कर देखना चाहिए कि पिछले लोकसभा चुनाव में बीजेपी भी 24 पार्टियों को मिलाकर चुनाव लड़ी थी। उस समय विपक्ष ने कोई टीका टिप्पणी नहीं की थी लेकिन आज विपक्षी पार्टियों की हुई बैठक को देखकर बीजेपी बेचैन क्यों है। उन्होंने कहा है कि बीजेपी के नेतागण समझ गए हैं कि आने वाले लोकसभा चुनाव में जनता इन्हें महंगाई और बेरोजगारी से हो रही परेशानी को लेकर सबक सिखाएगी।

# राज्य के 36 कृषि पदाधिकारियों का तबादला, कई को अतिरिक्त प्रभार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने शुक्रवार को कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग में पदस्थापित 36 पदाधिकारियों का स्थानांतरण व पदस्थापन किया है। कई पदाधिकारियों को पद का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। जारी अधिसूचना में गढ़वा के अनुमंडल कृषि पदाधिकारी शंकर प्रसाद को जिला कृषि पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। पलामू के जिला कृषि पदाधिकारी दिनेश मांझी को जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी गढ़वा, सहायक कृषि अभियंता चंद्रकिशोर कुमार को भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गढ़वा, पलामू के श्याम मुरारी बिंद को भूमि संरक्षण पदाधिकारी पलामू, अनूप हेंब्रम हजारीबाग को भूमि संरक्षण पदाधिकारी हजारीबाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इधर, सहायक कृषि अभियंता विवेक मिश्र को लातेहार, अमृतेश सिंह को लातेहार, सहायक कृषि अभियंता अंजली रॉय को बोकारो, मधुकर शुक्ला को धनबाद, रामशंकर प्रसाद सिंह को रांची, विकास कुमार को हजारीबाग, शिखा वर्मा को चाईबासा, सुरेश स्वांसी को चक्रधरपुर, रेशु भारद्वाज को जिला उद्यान पदाधिकारी रांची, विजय कुजूर को गुमला, अशोक कुमार सिन्हा को प्राचार्य प्रशिक्षण केंद्र हेहल रांची, संजय कुमार सरायकेला, सहजानंद सिंह को चाईबासा, भूमि संरक्षण सर्वे हिमांशु राज को भूमि संरक्षण पदाधिकारी कार्यालय, चाईबासा का अतिरिक्त प्रभार, लोकेश यादव को चक्रधरपुर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। रविकांत रजक को चक्रधरपुर से घाटशिला, रोयलेन जीदन सोय को गिरिडीह, लव कुमार को जामताड़ा, श्वेता कच्छप को कृषि निदेशालय झारखंड, सहायक कृषि निदेशक कृषि निदेशालय दानिश मेराज को भूमि संरक्षण पदाधिकारी सिमडेगा, हिमांशु कुमार को हजारीबाग, सहायक कृषि अभियंता कृषि निदेशालय रांची से सहायक कृषि अभियंता रूपक कुमार देशभ्रातर को रांची, असीम प्रिया आइंद को भू संरक्षण सर्वे का अतिरिक्त प्रभार, मुक्ता रानी को रांची, रंजीत मंडल को रांची, संतोष कुमार को रांची, उषा को रांची, विश्वजीत सिन्हा को चाईबासा, गौतम कुमार को दुमका का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वहीं, विकास कुमार को हजारीबाग से अतिरिक्त निदेशक झारखंड रांची का प्रभार, अशोक कुमार सिन्हा को प्राचार्य प्रसार प्रशिक्षण केंद्र हेहल रांची को अतिरिक्त मुख्यालय पदाधिकारी ओफाज के पास मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी का प्रभार है।

### विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने की उच्चस्तरीय बैठक

# प्रशासनिक पदाधिकारियों को किया जायेगा प्रशिक्षण

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** विधानसभा के विधायी शोध संदर्भ प्रशिक्षण कोषांग की ओर से प्रशासनिक पदाधिकारियों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण सेमिनार आयोजित कराने के संबंध में शुक्रवार को स्पीकर रबीन्द्र नाथ महतो ने अपने कार्यालय कक्ष में मंत्रिमंडल समन्वय सचिवालय विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। यह तीन दिवसीय प्रशिक्षण सह सेमिनार कार्यक्रम सरकार के सभी विभागों के पदाधिकारियों के लिए आयोजित करायी जा रही है। इसमें सभी विभाग के एक भारतीय प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी एक राज्य प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी एवं एक सचिवालय संवर्ग के पदाधिकारी भाग ले सकेंगे। कार्यक्रम का मुख्य विषय विधि निर्माण की प्रक्रिया एवं कार्यपालिका का दायित्व होगा। इस कार्यक्रम में पीआरएस लेजिसलेटि, नई दिल्ली एवं अन्य विधि विशेषज्ञों से रिसोर्स पर्सन के रूप में सहयोग लिया जायेंगे।

इधर, स्पीकर रबीन्द्र नाथ महतो के कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को याचिका समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में कुल 7 याचिकाओं पर चर्चा हुई। याचिका सदस्य केदार हाजरा की ओर से दर्ज करायी गयी थी। हजारीबाग जिला अंतर्गत मौजा सिरसा खाता संख्या 272, जमीन से संबंधित मामला में पदाधिकारियों को स्पीकर ने निर्देश दिये कि यदि मामला दीवानी अदालत से संबंधित है तो वर्तमान स्थिति में उक्त जमीन की खरीद बिक्री और एलपीसी निर्गत करने पर रोक लगा दीजिये।

याचिका संख्या 260/2022 सदस्य राजेश कश्यप द्वारा दायर की गई थी। याचिका में चतरा जिला अंतर्गत मगध परियोजना एवं आम्रपाली परियोजना अंतर्गत विस्थापित से प्रभावित व्यक्तियों को न्याय दिलाने से संबंधित था। याचिका संख्या 284-2022 सदस्य अमित कुमार मंडल द्वारा दर्ज कराई गई थी। उक्त मामले में रांची जिला अंतर्गत खिलाड़ी प्रखंड अंतर्गत मैक्लुस्कीगंज थाना में अधिग्रहण भूमि का मुआवजा दिलाने से संबंधित था।

# युवा राजद में शामिल हुए दर्जनों युवा




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश राजद राज्य में अपने कुनबा बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाह रहा है। इसी कड़ी में पार्टी मुख्यालय में शुक्रवार को युवा राजद के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए दर्जनों युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

मौके पर युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार ने कहा कि राजद सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने वाली पार्टी है। गांव, गरीब, दलित-पिछड़ों की हक के लिए राजद हमेशा संघर्ष करती रही है और आगे भी करती रहेगी। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में मोहम्मद ओसामा, मोहम्मद आतिफ अंसारी, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद जफर, मोहम्मद शौकत अंसारी, मोहम्मद शमशेर और अन्य थे।

# एमएसएमई अवॉर्ड के लिए राज्य के 18 उद्यमियों को किया नामित

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** राष्ट्रीय एमएसएमई अवॉर्ड के लिए ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों की जांच तथा इसके अनुमोदन के लिए शुक्रवार को उद्योग सचिव जितेंद्र सिंह की अध्यक्षता में राज्यस्तरीय चयन समिति की बैठक हुई, जिसमें झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी शामिल हुए। राष्ट्रीय एमएसएमई अवॉर्ड के लिए कुल 143 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें से कम्पयूटराइज्ड स्क्रूटनी के क्रम में कुल 42 आवेदन पूर्ण पाये गये। पुनः मैनुअल जांच के बाद कुल 18 आवेदकों को उपयुक्त समझते हुए चयन समिति द्वारा झारखंड से राष्ट्रीय एमएसएमई अवॉर्ड के लिए नामित किया गया। चैंबर महासचिव डॉ अभिषेक रामाधीन ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि यह पहली बार है कि झारखण्ड के प्रत्येक जिले से एमएसएमई उद्यमियों ने इस अवॉर्ड के लिए आवेदन दिया थ। विदित हो कि अनुमोदित किये गये सभी 18 उद्योगों के नाम को उद्योग विभाग द्वारा राष्ट्रस्तरीय चयन समिति के विचारार्थ भेजा जायेगा।

मौके पर चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि झारखण्ड का औद्योगिकीकरण काफी हद तक एमएसएमई क्षेत्र के विकास पर निर्भर करता है। एमएसएमई सेक्टर के प्रेरणादायी प्रयासों के प्रोत्साहन हेतु उद्योग विभाग का यह प्रयास सराहनीय है।

बैठक के दौरान चैंबर द्वारा राज्य में औद्योगिक विकास के अन्य मुद्दों पर भी वार्ता की गई। वार्ता के क्रम में राज्य में ऑटो एक्सपो का आयोजन, राज्य से निर्यात को बढ़ावा देने हेतु प्रदेश में डीजीएफटी कार्यालय स्थापित करने पर विधिवत चर्चा हुई। उद्योग सचिव ने यह भी अवगत कराया कि टाटा समूह और कमिंस समूह के संयुक्त प्रयास से देश का पहला हाइड्रोजन से चलनेवाला इंजन झारखंड में बनने जा रहा है, जो राज्य के लिए गौरव का विषय है। हाल ही में यूएस में संपन्न इलेक्ट्रिक व्हिकल एक्जिबिशन में झारखण्ड के उद्योग विभाग द्वारा स्टॉल लगाये जाने की प्रशंसा करते हुए चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने उद्योग सचिव को बधाई दी। बैठक में आदित्य मल्होत्रा, डॉ. अभिषेक रामाधीन आदि मौजूद थे।

### 2.26 लाख सखी मंडल को 6511 करोड़ रुपये बैंकों से क्रेडिट लिंकेज के रुप में मिला

# सशक्त नारी शक्ति से मजबूती की ओर तेजी से अग्रसर हो रही हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था

**सखी मंडल से 32.51 लाख परिवार जुड़े**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर एक अभिनव प्रयास के जरिये पलाश ब्राण्ड से ग्रामीण महिलाओं को जहां एक ओर आजीविका का आधार मिला। वहीं, दूसरी ओर ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित एवं संग्रहित सरसों का तेल, चावल, आटा, दाल, मडुआ का आटा, लेमन ग्रास जैसे उत्पादों को लोगों के द्वारा खासा पसंद किया जा रहा है। सखी मंडल के उत्पादों को राज्य समेत राष्ट्रीय स्तर पर पहचान देकर सखी मंडलों की अच्छी आमदनी सुनिश्चित की जा रही है।

### बैंकों से क्रेडिट लिंकेज के जरिये मिल रही मदद

राज्य के 2.69 लाख सखी मंडल को 418.31 करोड़ रुपये चक्रिय निधि के रूप में एवं 2.44 लाख सखी मंडल को 1296.42 करोड़ रुपये सामुदायिक निवेश निधि के रूप में उपलब्ध कराया गया है। करीब 2.26 लाख सखी मंडल को 6511 करोड़ रुपये बैंकों से क्रेडिट लिंकेज के रुप में मिला है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त हो, इसके लिए आजीविका सशक्तिकरण हुनर अभियान के जरिये राज्य के 29 लाख परिवारों को आजीविका के सशक्त माध्यमों से जोड़ा गया है।



राज्य के किसानों को वनोत्पाद का सही मूल्य दिलाने के लिये सिदो कान्हो वनोत्पाद संघ का गठन किया गया है। वहीं, महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना के जरिये भी राज्य के 2.09 लाख परिवारों को लाह, रेशम, औषधीय पौधे की खेती, ईमली, कृषि एवं पशुपालन से जोड़ा गया है। राज्य संपोषित झारखंड माइक्रोड्रिप इरिगेशन परियोजना के तहत करीब 14246 किसानों के साथ को टपक सिंचाई तकनीक से जोड़ कर उन्नत खेती की जा रही है। इस परियोजना के तहत 30 हजार महिला-पुरुष किसानों को जोड़ने का लक्ष्य है। राज्य में बैंकिग कॉरेस्पॉन्डेंट, पशु सखी, कृषक मित्र, वनोपज मित्र आजीविका रेशम मित्र, सीआरपी समेत परियोजन क्रियान्वयन के लिए करीब 52,000 सामुदायिक कैडर को प्रशिक्षित कर परियोजना के क्रियान्वयन एवं विस्तारण में लगाया है। आधुनिक संचार तकनीक से इन महिलाओं को लैस किया गया है।

पलाश ब्रांड की सफलता को देखते हुए सखी मंडल से जुड़ी दीदियों के सशक्तिकरण की दिशा में कार्य हो रहा है। राज्य के 24 जिलों के 264 प्रखंड के 29,953 गांव में करीब 2.78 लाख सखी मंडलों का गठन किया जा चुका है। इससे करीब 32.51 लाख परिवार जुड़े हैं।

सुप्रभात
रांची, शनिवार
24.06.2023
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आषाढ़, शुक्ल पक्ष, षष्ठी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 339



12 कश्मीर घाटी के युवा लैपटॉप उठायें और आगे बढ़ें : शाह

## न्यूज डायरी

### कुपवाड़ा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, 4 ढेर

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में शुक्रवार को नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया और चार अज्ञात आतंकवादी ढेर हो गये।

### दो बच्चों सहित पिता की डैम में डूबने से मौत

**दुमका।** मसानजोर डैम में नहाने के दौरान तीन लोगों की डूबकर मौत हो गयी है। मरने वालों में एक व्यक्ति और उसकी दो संतान, एक बेटा और एक बेटी है। ये लोग डैम के ही पास स्थित धाजापाड़ा गांव के रहने वाले थे।

### गुमला में सड़क हादसा, दो की मौत

**गुमला।** घाघरा प्रखंड मुख्यालय स्थित चाहत होटल के समीप बॉक्साइट ट्रक ने बाइक सवार दो लोगों को कुचल दिया। हादसे में दोनों की मौत हो गयी। वहीं, एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, घाघरा में किया जा रहा है। मृतकों एवं घायल की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने दो घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जिसमें एक की मौत अस्पताल में हो गयी। एक की मौके पर ही मौत हो गयी थी।

### 2024 में भाजपा की 300 सीटें तय : अमित शाह

**जम्मू।** दो दिवसीय दौर पर जम्मू-कश्मीर पहुंचे केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने पटना में विपक्षी दलों की बैठक को लेकर कहा कि आज पटना में एक फोटो सेशन चल रहा है। मैं उन्हें कहना चाहता हूं कि कितने भी हाथ मिला लो, आप एक साथ नहीं आ सकते। आ भी गये तो 2024 में मोदी की 300 से ज्यादा सीटों के साथ आना तय है।

### जलवायु परिवर्तन से निपटने को एमओयू

**नयी दिल्ली/वाशिंगटन।** भारतीय रेलवे और यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट ने जलवायु परिवर्तन से निपटने और 2030 तक भारतीय रेलवे के शुद्ध-शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किये हैं।

### वेस्टइंडीज सीरीज के लिए भारतीय टीम घोषित

**मुंबई।** रोहित शर्मा के नेतृत्व में वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट सीरीज और तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा शुक्रवार को कर दी गयी।

### टाइटैनिक देखने गये सभी 5 लोगों की मौत

**बोस्टन।** टाइटैनिक का मलबा खोजने के लिए गयी एक पनडुब्बी के पायलट और चालक दल के चार सदस्यों की मौत होने की आशंका है। अभियान कंपनी ने यह जानकारी दी। पनडुब्बी के पायलट और मुख्य कार्यकारी स्टॉकटन रश, यात्री शहजादा दाऊद और उनके बेटे सुलेमान दाऊद, हामिश हार्डिंग और पॉल-हेनरी नार्जियोलेट 'दुखद रूप से लापता हैं'।

### आतंक का 'एक्सपोर्टर' बना दिया : इमरान

**नयी दिल्ली।** पीएम्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साझा बयान में पाकिस्तान से आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा बंद करने को कहा गया है। साझा बयान आने के बाद पाकिस्तान में सियासी घमासान मच गया है। पूर्व प्रधानमंत्री ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाये। साझा बयान आने के बाद पाकिस्तान को एक बार फिर दुनियाभर में शर्मिंदगी का सामना करना पड़ रहा है। इमरान ने कहा हमें तो आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला बन गया है और इससे ज्यादा कुछ नहीं।




| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 55,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 70,000 रु./प्रति किलो |

## पटना के बाद अब भाजपा के खिलाफ शिमला में होगा विपक्ष का महाजुटान

# संयुक्त प्रत्याशी देने पर बनी सहमति

- शिमला बैठक में सीट शेयरिंग और पीएम फेस पर होगी चर्चा
- भाजपा को पटखनी देने एक मंच पर आये 15 दलों के 27 नेता
- संयुक्त उम्मीदवार करेगा चुनाव में भाजपा से सामना

खबर मन्त्र ब्यूरो

**पटना।** पीएम नरेंद्र मोदी को 2024 के लोकसभा चुनाव में पटखनी देने के लिए साथ आये 15 विपक्षी दलों ने आपसी मनमुटाव और महत्वाकांक्षा को दरकिनार कर भाजपा तथा उसके सहयोगी दलों के खिलाफ एक संयुक्त उम्मीदवार खड़ा करने पर सहमति का ऐलान किया है। इस बैठक में 12 जुलाई को शिमला में फिर बैठक होने पर सहमति बनी। शिमला बैठक में सीट शेयरिंग और इससे भी आगे चर्चा पीएम फेस पर होगी। सभी विपक्षी दल इस बात से सहमत हैं। इसकी घोषणा संयुक्त रूप से की गयी। प्रेस कांफ्रेंस में नीतीश कुमार और मलिकार्जुन खड़गे ने कहा कि विपक्षी एकता की अगली बैठक 10 या 12 जुलाई को शिमला में होगी। एक साथ चलने और चुनाव लड़ने पर सहमति बनी। अगली बैठक कुछ दिनों के बाद होगी, जिसमें आगे की दशा और दिशा तय होगी। कांग्रेस इस बैठक को आयोजित करेगी।

### मीडिया से साझा किया एजेंडा

बैठक समाप्त होने के बाद विपक्षी दलों के शीर्ष नेताओं ने संयुक्त रूप से बैठक कर आगे का एजेंडा मीडिया से साझा किया। साथ ही केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर हमला किया। ममता बनर्जी ने कहा कि हम भाजपा के तानाशाह के खिलाफ साथ मिलकर लड़ेंगे। इसके लिए हमारा खून भी बहा तो कोई बात नहीं है। हम देश की और जनता की रक्षा करेंगे नहीं तो हमारा देश बचने वाला नहीं है। इस चुनाव में अगर तानाशाह सरकार वापस आ गयी तो फिर कभी भी देश में चुनाव नहीं होगा। हम सब एक हैं, साथ में लड़ेंगे। पटना से जो शुरू होता है वह जन आंदोलन का रूप ले लेता है।

(शेष पेज 11 पर)



### एक साथ चलें तो जीत हमारी होगी : हेमंत सोरेन

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि भारत की अनेकता में एकता का लोहा पूरी दुनिया ने माना है, लेकिन केंद्र सरकार की नीतियों से इस में एकता दरार पड़ने लगी है। अब उसे दुरुस्त करना होगा। पटना में विपक्षी दलों की बैठक के बाद सीएम हेमंत सोरेन पत्रकारों से बात कर रहे थे। कई अन्य नेताओं ने भी पत्रकारों को संबोधित किया। श्री सोरेन ने कहा कि यह बैठक देश के लिए एक मील का पत्थर

#### देश की एकता में आयी दरार को पाटना बहुत ही जरूरी : सीएम

साबित होगा। हम लोग एक ईमानदार और संकल्पित सोच के साथ आगे बढ़ेंगे तो हर मंजिल पायी जा सकती है और लड़ाई जीती जा सकती है। हेमंत ने कहा कि बैठक में अलग-अलग विचारधारा के सभी लोग यहां पर हैं। कई चीजों को ध्यान में रख आज वर्तमान परिस्थिति को यहां आमलोगों की सहूलियत के हिसाब से कैसे स्थापित हो, बाबा भीमराव अंबेडकर जी यहां के आदिवासी दलित पिछड़ा अल्पसंख्यक जिनका सदियों से शोषण होता रहा है उनके साथ कैसे संरक्षण मिले, इसे लेकर पहली बैठक नीतीश जी ने बड़ी मशक्कत के बाद सभी को एक सूत्र में बांधा है। उन्होंने विपक्षी एकता की इस बैठक के लिए नीतीश को धन्यवाद दिया।

### नये इतिहास की हो गयी है शुरुआत सभी दल मिलकर भाजपा को रोकेंगे

विपक्षी दलों की बैठक के बाद तमाम शीर्ष नेताओं ने संयुक्त रूप से प्रेस कांफ्रेंस की। इस दौरा ममता बनर्जी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार के पटना में आज का दिन ऐतिहासिक है। भाजपा इतिहास बदलना चाहती है और हम इतिहास को सुरक्षित करना चाहते हैं। बिहार से इसकी शुरूआत हो गयी है। विपक्षी एकता के संयोजक के नाम पर शिमला में बैठक के दौरान मुहर लगेगी। कहा जा रहा है कि 2024 की साझा लड़ाई विपक्ष नीतीश कुमार की अगुवाई में लड़ेगा।

## ओ मां, मेरा क्या कसूर...

## नवजात को नाले में फेंका, ममता शर्मसार

- एक दिन के शिशु को गोद लेने आया एक परिवार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जो नवजात अभी तक मां की ममता के आंचल में छुप भी न पाया और न अपनी आंखें तक खोली थी, वह कचरे में फेंका मिला। संतान के लिए लोग दूर-दर मन्नते मांगते फिरते हैं। बच्चे की एक आह पर मां-बाप का कलेजा निकल आता है, वहीं दूसरी ओर कभी-कभी कुछ हो जाता है, जो ममता को शर्मसार करने में नहीं हिचकते हैं। उस नवजात को नाली में फेंक दुनिया के क्रूर चेहरे से नवजात को रू-ब-रू कराया गया।

यह शर्मनाक वाकया रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र में देखने को मिला। जहां एक नवजात नाली मे फेंका हुआ मिला। वहां गुजर रहे एक व्यक्ति की नजर नवजात पर पड़ी। जब उसने नवजात को गोद में उठाया तो उसकी सांसे चल रही थी, लेकिन नवजात खून से लथपथ था। स्थानीय लोगों ने साफ सुथरा किया और प्राथमिक उपचार भी कराया। इसके बाद बाद बच्चे को लेकर सभी धुर्वा थाने पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी दी। फिर पुलिस ने सीडब्ल्यूसी को बच्चे की बरामदगी की सूचना दी। करुणा आश्रम से जुड़ी एक महिला सदस्य सुशीला देवी धुर्वा थाने पहुंची और बच्चे को रानी चिल्ड्रेन अस्पताल ले गयीं। वहीं उसका इलाज चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि नवजात महज एक दिन का है। किसी ने उसे जगन्नाथपुर के समीप एक नाले में फेंक दिया गया था। बच्चे को गोद लेने के लिए जितेंद्र नायक और उनकी पत्नी आगे आये। उनलोगों ने नवजात को अपना पुत्र बनाने की इच्छा जाहिर की। उनका कहना था कि वे बच्चे का अच्छे से परवरिश करेंगे। पर, दंपत्ति को कानून सम्मत बच्चे को गोद लेने की हिदायत दी गयी। फिलहाल, बच्चा रानी चिल्ड्रेन में है।



**कब-कब फेंके गये नवजात**

28 मई, 2023- रांची के सोनाहातु में एक मां ने कांची नदी में नवजात को फेंका मिला था। 18 जून, 2023- को हजारीबाग में नवजात बच्ची को कचरे के ढेर में फेंका गया था। 11 जून, 2023- गढ़वा में नाबालिग बच्चे को फेंका मिला। 17 अप्रैल, 2022- गुमला के पालकोट में नवजात को फेंका गया।

## भारत-और अमेरिका मिल कर दुनिया को बेहतर भविष्य देंगे : मोदी

# आतंकवाद मानवता पर खतरा इसे मिल कर कुचलना होगा

एजेंसी

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि दुनिया के दो बड़े लोकतांत्रिक देश होने के नाते भारत और अमेरिका की साझेदारी विश्व के हित में है और दोनों देश मिलकर दुनिया को बेहतर भविष्य और भविष्य को बेहतर दुनिया देंगे। पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान भारत और अमेरिका के बीच आर्थिक और राजनयिक संबंधों को मजबूत करने के लिए रक्षा, प्रौद्योगिकी, माइक्रोचिप्स और वीजा नवीनीकरण सहित कई समझौतों की घोषणा की गयी।

उन्होंने कहा, आतंकवादी हमलों के एक दशक से भी अधिक समय के बाद भी कट्टरवाद और आतंकवाद दुनिया के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। आतंकवाद मानवता का दुश्मन है और इससे निपटने में कोई किंतु-परंतु नहीं होना चाहिए।

(शेष पेज 11 पर)

### भारत लोकतंत्र की जननी है



पीएम मोदी गुरुवार की देर रात (भारतीय समयानुसार) अमेरिकी कांग्रेस की संयुक्त बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उनके लिए इस महान सदन को दूसरी बार संबोधित करना गौरव की बात है। मोदी ने कहा है कि दुनिया के दो बड़े लोकतांत्रिक देश होने के नाते भारत और अमेरिका की साझेदारी विश्व के हित में है। लोकतांत्रिक भावना के विकास में भारत लोकतंत्र की जननी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका सबसे पुराना और भारत सबसे बड़ा लोकतंत्र है। हमारी साझेदारी लोकतंत्र के भविष्य के लिए शुभ संकेत है। लोकतंत्र हमारे पवित्र और साझा मूल्यों में से एक है। लोकतंत्र वह विचार है जो बहस और चर्चा का स्वागत करता है। लोकतंत्र वह संस्कृति है जो विचार और अभिव्यक्ति को पंख देती है। भारत को अनादि काल से ऐसे मूल्यों का सौभाग्य प्राप्त है।

# पटना में लिट्टी चोखा खाकर मजा आ गया : राहुल गांधी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**पटना।** राहुल गांधी बिहार के पटना आये और विपक्षी एकता की बैठक के बाद जब लंच किया तो लिट्टी चोखा खाकर तृप्त हो गये। उनको इसका जायका इतना अच्छा लगा कि जब वो प्रेस कॉन्फ्रेंस में आये तो भी उसका स्वाद नहीं भूले। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की जुबां पर बिहार के व्यंजन का स्वाद चढ़ गया। बैठक के बाद खाना खाकर जब वह प्रेस कॉन्फ्रेंस में लौटे तो उन्होंने शुरूआत बिहार के लिट्टी चोखे से की। उन्होंने कहा कि नीतीश जी ने लंच में सब चीजें खिला दीं, स्पेशल गुलाब जामुन खिलाया, लिट्टी चोखा खिलाया। उन्होंने इसके लिए नीतीश का धन्यवाद भी दिया।



(शेष पेज 11 पर)

## राहुल से बोले लालू

### दाढ़ी मत बढ़ाइये, शादी करिये हम लोग बारात चलेंगे...

**पटना।** विपक्षी एकता की बैठक को लेकर पिछले कई दिनों से माहौल में एक अलग सी गंभीरता थी। भले महागठबंधन की ओर से कहा नहीं गया लेकिन बैठक को लेकर कई चिंताएं सता रही थी। सबसे बड़ी बात ये कि कहीं इस बार भी बैठक को रद्द न करना पड़े। तमाम चिंताओं के बीच बैठक हुई तो राजद सुप्रीमो लालू यादव का मजाकिया अंदाज एक बार फिर से सभी को गुदगुदा गया। राहुल गांधी से अपने अंदाज में लालू यादव बोले- दाढ़ी मत बढ़ाइये और शादी करिये। अब भी वक्त नहीं बीता है। जल्दी से शादी कर लीजिए, हम लोग बारात चलेंगे। आपकी मां (सोनिया गांधी) भी कह रही थीं कि मेरी बात नहीं सुनता है। आप लोग राहुल गांधी की शादी करवाइये। लालू की बात सुनते ही प्रेस कॉफ्रेंस में मौजूद लोग हंसने लगे। घूमने लगे तो दाढ़ी बढ़ा लिये हैं, थोड़ा छोटा कर लीजिये। अब और ज्यादा नीचे जाने मत दीजियेगा।

# दुमका से दिल्ली ले जा रहीं चार लड़कियां मुक्त

### पुलिस ने ह्यूमन ट्रैफिकिंग के आरोपी दंपती को जेल भेजा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**दुमका।** शिकारीपाड़ा पुलिस ने काम के नाम पर दिल्ली ले जायी जा रही चार नाबालिग आदिवासी लड़कियों को रेस्क्यू किया है। पुलिस ने नाबालिग बच्चियों को ले जाने के मामले में उत्तर प्रदेश के हाथरस के एक दंपती को गिरफ्तार किया गया है। इस दंपती का नाम निर्दोष कुमार और किरण देवी बताया जा रहा है। एसडीपीओ ने कहा कि यह मामला ह्यूमन ट्रैफिकिंग से जुड़ा हुआ है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है। जानकारी पाकर दुमका एसडीपीओ नूर मुस्तफा शिकारीपाड़ा थाना पहुंचे और उन्होंने पूछताछ की। बाद में पत्रकारों से एसडीपीओ ने कहा कि यह मामला ह्यूमन ट्रैफिकिंग से जुड़ा हुआ है, जिसे हमलोगों ने रेस्क्यू किया है। चारों बच्चियों को हम लोग दुमका के बाल कल्याण समिति के हवाले कर रहे हैं। आगे की कार्रवाई उनके स्तर पर होगी। साथ ही निर्दोष कुमार और किरण कुमारी को जेल भेजा जा रहा है।

(शेष पेज 11 पर)

## गुरुजी ने बुलायी चार जुलाई को झामुमो की महत्वपूर्ण बैठक

# संसदीय चुनाव समेत कई अहम फार्मूले पर होगी चर्चा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** चार जुलाई को झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन ने केंद्रीय समिति सदस्यों, सभी जिलाध्यक्षों-जिला सचिवों की बैठक बुलायी है। बैठक हरमू सोहराई भवन में प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री सह पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन भी मौजूद रहेंगे। इस बैठक की अहमियत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि संगठन विस्तार के साथ-साथ पार्टी 2024 में होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर भी जिला स्तर के पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के विचार से रूबरू होगी। पटना में संयुक्त विपक्ष की बैठक में आये विचार को भी केंद्रीय समिति के सामने सीएम हेमंत सोरेन रखेंगे।

**चुनाव को लेकर झामुमो के स्टैंड पर भी होगी चर्चा :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता सह केंद्रीय समिति सदस्य मनोज पांडेय ने कहा कि 4 जुलाई को होनेवाली झामुमो केंद्रीय समिति की बैठक बेहद महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि दो सत्र में चलने वाली इस बैठक में पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन, कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जिलावार पार्टी की कमजोरी और मजबूती से अवगत होंगे। भाजपा को परास्त करने की रणनीति बनायेंगे।

(शेष पेज 11 पर)

### क्या लागू होगा फार्मूला 9-4-1



झामुमो केंद्रीय समिति की बैठक के घोषित एजेंडे में शामिल नहीं होने के बावजूद, अध्यक्ष की अनुमति से लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर महागठबंधन के अंदर पार्टी का स्टैंड क्या हो, इस पर चर्चा होगी। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर क्या झारखंड मुक्ति मोर्चा का दावा महज 04 सीट का है या इसमें बढ़ोतरी होनी चाहिए, इस पर भी केंद्रीय समिति में चर्चा संभव है। कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम के बयान के बाद यह सवाल भी झामुमो की बैठक में उठेगी।

# वीरेंद्र राम की हिरासत अवधि बढ़ी, अब 7 जुलाई को पेशी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**मनी लाउंड्रिंग**

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम एवं चचेरे भाई आलोक रंजन की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी गई है। शुक्रवार को दोनों आरोपियों की वीसी के माध्यम से अदालत में पेशी हुई। पेशी के बाद अदालत ने अगली पेशी की तारीख सात जुलाई निर्धारित की है। मामले में चार्जशीट दाखिल होने के बाद अदालत ने संज्ञान लेते हुए वीरेंद्र राम की पत्नी राज कुमारी देवी एवं पिता गेंदा राम के खिलाफ समन जारी कर रखा है। निर्धारित तारीख को स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से दोनों आरोपी पक्ष रखना है। इसके लिए सात जुलाई की तारीख निर्धारित की है। ईडी ने टेंडर कमीशन घोटाले में 22 फरवरी को वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था।

## स्पीड न्यूज

### शहीद युगम्बर दीक्षित युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत : बृजेश शुक्ला



**मेदिनीनगर।** कारगिल शहीद स्मारक पार्क पोल पोल में शुक्रवार को कारगिल शहीद युगम्बर दीक्षित एवं शहीद प्रबोध महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पूर्व सैनिक बृजेश शुक्ला, शहीद युगम्बर दीक्षित के पुत्र युद्धजय दीक्षित एवं शिक्षक दिलीप तिवारी ने भी शहीद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर नमन किया। मौके पर श्री शुक्ला ने कहा की पलामू का लाल युगंबर अपने मातृभूमि की रक्षा में अपना सर्वस्व न्योछावर कर बैठा था। आज उनकी शहादत दिवस को हम सभी शौर्य दिवस के रूप में मना रहे हैं।

### उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का हुआ आयोजन

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया।जनता दरबार में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से आए दर्जनों फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी गयी एवं उसके निष्पादन के लिए उपायुक्त ने संबंधित विभागीय पदाधिकारी को निर्देश दिया। जनता दरबार में सदर प्रखंड के ग्राम जोड़ से आये राहुल तिवारी ने उपायुक्त को बताया कि उनकी बहन लिवर फाइब्रोसिस नामक बीमारी से पीड़ित हैं जिसका इलाज पिछले एक वर्ष से लगातार चल रहा है।उन्होंने उपायुक्त को बताया कि वे अपने खेत बेचकर बहन का इलाज कराते आये हैं लेकिन अब उनके पास कुछ बचा नहीं है अतः उन्होंने उपायुक्त से कुछ आर्थिक सहयोग करने की अपील की इसपर उपायुक्त ने रेड क्रॉस के माध्यम से 5 हजार रुपए की आर्थिक मदद की इसी तरह रामगढ़ से आये नीरज कुमार जैसवाल ने बताया कि वो पिछले 11 वर्ष से गंभीर बीमारी से पीड़ित है अब आगे इलाज कराने को लेकर कहीं से पैसा का इंतजाम होता नहीं दिखायी दे रहा है ऐसे में उन्होंने उपायुक्त से आर्थिक सहयोग करने की बात कही इसपर डीसी ने 10 हजार रुपए की अर्थिक मदद की।उपरोक्त के अलावे शुक्रवार को जनता दरबार में भूमि विवाद,पारिवारिक बटवारा,अवैध कब्जा,मानदेय भुगतान,विद्यालय सम्बन्धित मामले,स्वास्थ्य विभाग सम्बन्धित मामले समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की बारी-बारी से उपायुक्त श्री दोड्डे ने समस्या सुनी एवं यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया।

### 24 जून को मेदिनीनगर में सजेगी सुर और ताल की महफिल

**मेदिनीनगर।** विश्व संगीत सप्ताह के अंतर्गत 24 जून को मेदिनीनगर में सुर और ताल की महफिल सजेगी । म्यूजिक फॉर पीस के नाम से आयोजित इस कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार केडिया बंधु शिरकत करेंगे । उक्त जानकारी शहर के जाने-माने संगीत जोड़ी राम-श्याम बंधु ने दी । राम किशोर पांडेय व श्याम किशोर पांडेय ने बताया की संगीत शिक्षण संस्थान सुर संगम कला केंद्र द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जो की माँ बागेश्वरी एजुकेशनल एंड कल्चरल ट्रस्ट का एक घटक है । यह कार्यक्रम बैरिया चौक स्थित चंद्रा रेसीडेंसी में शाम सात बजे से 10 तक होगा । इस कार्यक्रम में शहर के कई गणमान्य लोग मौजूद होंगे। म्यूजिक फॉर पीस नाम से आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार मोर मुकुट केडिया और उनके भाई मनोज केडिया होंगे । केडिया बंधु के नाम से प्रसिद्ध इस जोड़ी के द्वारा मेदिनीनगर में सरोद और सितार की युगलवंदी पेश की जाएगी। इस कार्यक्रम के लिए केडिया बंधु को विदेशों में भी बुलाया जाता है । इस विशेष प्रस्तुति के लिए दोनों भाइयों को कई राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया है । मेदिनीनगर में भी उन्हें सम्मानित किया जायेगा । इस कार्यक्रम में देश के जाने माने तबला वादक रूपक मित्रा , राजेश मिश्रा व रवि शंकर सिंह भी भाग लेंगे । ये अपने तबला वादन के साथ ही कार्यक्रम केडिया बंधू व राम-श्याम बंधू के साथ संगत भी करेंगे।

### नगर निगम की गाड़ी से दलित बच्ची हुई घायल बेहतर इलाज की व्यवस्था कराई

**चैनपुर पलामू।** प्रखंड अंतर्गत मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के शाहपुर गढ़वा रोड हरिजन मोहल्ला नगर निगम की गाड़ी से दलित मोहल्ले के रहने वाली अखिलेश मोची की पुत्री शांति कुमारी 14 वर्षीय घायल हो गई । अगल-बगल के ग्रामीणों ने तथा प्रथम पार्षद प्रमिला देवी ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया । मौके से ही सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय ने जिले के उप विकास आयुक्त सह नगर आयुक्त से बात कर बच्ची का बेहतर इलाज के लिए आग्रह किया । नगर आयुक्त ने सक्रियता दिखाते हुए अपने नोडल अधिकारी सतीश कुमार को भेजकर इलाज की व्यवस्था कराई तथा आश्वासन दिया कि बच्ची के इलाज में कोई भी कोताही नहीं बरती जाएगी । हर संभव मदद पहुंचाई जाएगी ।मौके पर दिलीप कुमार ,तुलसी रवि, मकसूद आलम , मजबूल अंसारी , इश्तियाक आलम , विकास कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे ।

### ओलंपिक एसोसिएसन ने किया दौड़ कार्यक्रम का आयोजन



**मेदिनीनगर।** झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के निर्देश पर पलामू जिला ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वधान में शुक्रवार को प्रातः जीएलए कॉलेज मेदिनीनगर के मैदान में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में पलामू के लगभग 75 बालक बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पलामू जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा , पलामू जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष किशोर कुमार पाण्डेय, एवं कोषाध्यक्ष कमल नंद दुबे ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ प्रारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन पलामू जिला ओलंपिक संघ के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में कोच मोनू कुमार, प्रीति कुमारी, सोनी कुमारी, दीपेंद्र कुमार, सतीश कुमार ठाकुर, रविन्द्र यादव,अक्सा नाग, गोविंद गिरी, सुनील यादव, विनीता कुमारी अंजली सोरेंग ने मिलकर कार्यक्रम को संचालित किया।

# अंबेडकर योजना का अध्ययन प्रतिवेदन शीघ्र प्रस्तुत करें : डीडीसी

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** उप विकास आयुक्त रवि आनंद की अध्यक्षता में शुक्रवार को डीडीसी सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त श्री आनंद ने सभी लंबित आवास का कारण, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना वर्ष 2023-24 का प्रस्ताव, लंबित इंदिरा आवास का लाभुकवार क्लोजर रिपोर्ट, लंबित आधार सिडिंग का कारण,राजमिस्त्री प्रशिक्षण का बैचवार अद्यतन प्रतिवेदन सहित जिला स्तरीय जनता दरबार मे प्राप्त परिवाद का अनुपालन से संबंधित मामलों से अवगत हुए। उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना की अद्यतन प्रतिवेदन की मांग की। उन्होंने बैठक में उपस्थित सबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लंबित प्रधानमंत्री आवास, इंदिरा आवास, लंबित आधार सिडिंग को जितनी जल्दी हो सके पूरा करें। बैठक में उप विकास आयुक्त रवि आनंद के अलावे प्रधानमंत्री आवास योजना के जिला समन्वयक मुफ़्ती अनवर, परियोजना पदाधिकारी विमलेश विश्वकर्मा, आवास योजना के प्रशिक्षण समन्वयक अभय चौरसिया, सभी प्रखण्ड समन्वयक, सभी लेखापाल सह कंप्यूटर ऑपरेटर सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# कारगिल शहीद युगंबर दीक्षित का मना शहादत दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता



**नीलांबर पीतांबरपुर।** पांकी मेदनिनगर मुख्य पथ जगतपुरवा मोड़ स्थित कारगिल शहीद स्मारक स्थल पर शहीद युगंबर दीक्षित का शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पांकी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने युगंबर दीक्षित की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सुमन अर्पित की । इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री सिंह ने कहा कि शहीद युगंबर दीक्षित युवाओं के लिए प्रेरणा के स्त्रोत हैं। इन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान देकर मातृभूमि की रक्षा की है। पलामू के इस लाल ने कारगिल युद्ध के दौरान टाइगर हिल पर कब्जा के क्रम में शहादत दी थी। इनकी शहादत सभी के लिए प्रेरणादायक है। मौके पर मेदनिनगर पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज सिंह जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह जिप सदस्य आशा देवी,विजय राम, प्रमोद सिंह,रामलव चौरसिया, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र शुक्ला जितेंद्र तिवारी, दिनेश तिवारी, शंकर दयाल तिवारी, उमेश तिवारी सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी की आन बान और शान है : बिट्टू पाठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में स्थानीय परिसदन भवन के सभागार में शुक्रवार को पलामू जिला कांग्रेस कमेटी की समीक्षा बैठक हुई । बैठक का संचालन कार्यालय प्रभारी जितेंद्र कमलापुरी ने किया। बैठक में जिला के सभी प्रखंडों के प्रखंड अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष और प्रखंड के प्रभारी और सह प्रभारी ने भाग लिया। बैठक में लक्ष्य 2024 लोकसभा चुनाव और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर लक्ष्य और जिम्मेवारी तय किया गया । सभी प्रभारी और सह प्रभारी को जिम्मेवारी दी गई कि जल्द से जल्द पंचायत कमेटी के साथ बैठक प्रारंभ करें और निर्धारित लक्ष्य की जिम्मेवारी सभी को सौंपा जाए। 30 जून के अंदर प्रत्येक प्रखंड में प्रखंड कार्यकारिणी की बैठक का तिथि घोषित की जाएगी। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष पाठक ने कहा की देश में महंगाई, बेरोजगारी और तानाशाही फैसलों की मार झेलनी पड़ी रही है। जुमलों के दम पर सत्ता में आई मोदी सरकार ने अपना एक भी वादा पूरा नहीं किया। बस तारीख पर तारीख देते रहे। कर्नाटक का चुनाव इसका सबूत है। सभी प्रभारी और सह प्रभारी, पंचायत अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष और प्रखंड अध्यक्ष से समन्वय बनाकर बूथ को मजबूत और सशक्त बनाने में मदद करेंगे। कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी के आन बान और शान हैं।



बैठक में मुख्य रूप विनोद कुमार तिवारी, ईश्वरी प्रसाद सिंह ,अरविंद पासवान , मिथलेश कुमार सिंह, विद्या सिंह चेरो, रूद्र शुक्ला, सत्येंद्र सिंह, सोनू खान, मिटू खान, डॉ कृष्ण मनी दुबे भागेश पांडेय, इंदु भगत, सागर दास, देवन शुक्ला, मुकेश सिंह , हर्ष साहनी, सच्चिदानंद मिश्रा, सिद्धनाथ गुप्त, जाहिद खान, महानगर अध्यक्ष राजेश चौरसिया, सागर दास, राजेंद्र अग्रवाल, रवींद्र शुक्ला, रामानंद पाठक सौरभ पांडेय, देवांग शुक्ला, सोनम देवी, संतोष गुप्ता, उमेश यादव, सुनील दुबे, गोपाल सिंह, प्रमोद यादव, रवीन्द्र तिवारी, सुरेन्द्र शुक्ला , खुर्शीद आलम विष्णु देव यादव, शैलेश मेहता, अभय पांडेय, नदीम खान , सुरेंद्र सिंह समेत काफी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे ।

# देश की एकता के लिए हुआ है श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान : दुबे

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भाजपा जिला कार्यालय में पलामू जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक की अध्यक्षता में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। डॉ मुखर्जी के चित्र पर नेताओं एवं कार्यकताओं ने पुष्पांजलि देकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

कार्यकताओं को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान देश की एकता एवं अखंडता के लिए हुआ है। ऐसा महापुरुष जिसका जीवन समाज और देश के एक प्रकाशपुंज की तरह है। राष्ट्रवादी विचारक डॉ० मुखर्जी कार्यकताओं के लिए प्रेरणादायक एवं मार्गदर्शक रहे हैं। उनका सपना अखंड देश का निर्माण और भारत को विश्व गुरु के रूप में स्थापित करना था। धारा 370 समाप्त करने के लिए ही उन्होंने जीवन का बलिदान दे दिया आज उनके अधूरे सपने को साकार करने के लिए केंद्र की मोदी सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। देश का मान सम्मान दुनिया में बढ़ रहा है और शक्तिशाली राष्ट्र एक भारत श्रेष्ठ भारत आगे बढ़ रहा है। वरीय नेता प्रेम सिंह ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जनसंघ, भारतीय जनता पार्टी के रूप में खड़ा विशाल वटवृक्ष सिर्फ दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी ही नहीं है बल्कि राष्ट्रवाद से ओतप्रोत विचारधारा है। जिसकी कल्पना है समृद्ध शक्तिशाली राष्ट्र निर्माण एवं अंत्योदय विकास। जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक ने कहा कि जनसंघ के पहले अध्यक्ष डॉ० मुखर्जी ने स्वतंत्र भारत में जम्मू कश्मीर को दी गई विशेष राज्य का दर्जा मे दो विधान, दो निशान, दो प्रधान का प्रखर रूप से विरोध किया और बलिदानी हो गए। ऐसा महापुरुष जिसने देश की दशा दिशा एवं उन्नति के लिए अखंड भारत निर्माण के लिए प्रयत्नशील रहे। उनके जीवन से सभी कार्यकताओं को सीख लेनी चाहिए और उनके सपनों को साकार करने कर्तव्य परायण के साथ कार्य करना चाहिए यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

कार्यक्रम का संचालन महामंत्री श्याम बाबू और धन्यवाद ज्ञापन सुरेंद्र विश्वकर्मा ने किया।



**कार्यक्रम में मौजूद लोग**

कार्यक्रम में विनोद सिंह , मंगल सिंह, अविनाश वर्मा ,शिवकुमार मिश्रा ,अजय तिवारी, लवली गुप्ता, रूपा सिंह, रीना किशोर ,सोमेश सिंह, अरविंद गुप्ता, नवेंदु मिश्रा, मनोज दुबे, सीटू गुप्ता, रेनू देवी, रेणुका पांडेय, राकेश रंजन, अजीत सिंह , दिलीप तिवारी , राकेश तिवारी, शशि भूषण मिश्रा विवेक दुबे, संस्कार सोनी, पवन कुमार, शुभम कुमार सतीश कुमार, मनीष भिमानीया दिवाकर दुबे गौतम कुमार, अजय चौधरी सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# उपायुक्त ने जिला सलाहकार समिति के साथ की बैठक

सभी अल्ट्रासाउंड क्लीनिक का नियमित रूप से औचक निरीक्षण करने का दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी अंजनेयुलू दोड्डे ने शुक्रवार को समाहरणालय के सभाकक्ष में पीसी एवं पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत गठित जिला सलाहकार समिति की बैठक की। इस दौरान उपायुक्त ने जिले में रजिस्टर्ड अल्ट्रासाउंड क्लिनिक की जानकरी ली । इस दौरान उन्होंने पीसीपीएनडीटी टीमों को जिले में अवैध रूप से संचालित होने वाले अल्ट्रासाउंड केंद्रों की लगातार जांच करते रहने की बात कही। उन्होंने अल्ट्रासाउंड क्लिनिक में अपना जांच करवाने हेतु आनेवाली संबंधित महिला की पूरी जानकारी यथा उसका एड्रेस,फोन नंबर इत्यादि रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि अगर कोई भी अल्ट्रासाउंड क्लिनिक पीसीपीएनडीटी एक्ट का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कही । उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को लिंग प्रशिक्षण करने वाले अल्ट्रा साउंड केंद्रों का सीधे तौर पर लाइसेंस रद्द करते हुए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की बात कही।

### कन्या भ्रूण हत्या रोकने को लेकर उपायुक्त ने जिलेवासियों से की अपील

कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए उपायुक्त ने पलामू वासियों से अपील की है। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी अल्ट्रासाउंड क्लीनिक में प्रसव से पहले लिंग प्रशिण किया जा रहा है या कन्या भ्रूण हत्या की जा रही है तो इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग या जिला प्रशासन को दें ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत नये अल्ट्रासाउंड क्लिनिक के रजिस्ट्रेशन व रिन्यूअल के पूर्व स्थल जांच करने का निर्देश दिया ताकि निर्धारित समय अवधि में योग्य अहर्ता प्राप्त अल्ट्रासाउंड क्लीनिक का नया निबंधन एवं नवीनीकरण का कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जा सके। इस संबंध में बताया गया कि नया अल्ट्रासाउंड खोलने हेतु पांच आवेदन प्राप्त किए गए हैं जिसमें दो अल्ट्रासाउंड का स्थल भी भ्रमण किया गया है इसपर उन्होंने दोनों अल्ट्रासाउंडों का रजिस्ट्रेशन करने की अनुमति दी।

### 12 वोट से हराकर रीणा बनी जल सहिया



**पड़वा पलामू।** पड़वा प्रखण्ड क्षेत्र के मझिआंव पंचायत के चक्रउदरपुर गांव में ग्राम स्वच्छता समिति के सचिव सह जल सहिया के चयन को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता मुखिया आशा प्रसाद ने किया। जल सहिया पद के लिए 6 उम्मीदवारो ने अपना आवेदन दिया। जिसके तय किया गया कि जल सहिया का मतदान के जरिए कराया जाएगा। जिसके बाद मतदान कराया गया। जिसमें रीणा देवी ने बबीता देवी को 12 मतों से पराजित कर विजयी हुई। मुखिया आशा प्रसाद ने रीणा देवी को ग्राम स्वच्छता समिति की सचिव सह जल सहिया पद पर विजय होने की घोषणा की। मुखिया आशा प्रसाद व ग्राम पंचायत पदाधिकारी मनोज मिश्र ने नवनिर्वाचित जल सहिया रीणा देवी को प्रमाण पत्र दिया।

### ग्रामीणों ने ग्रेफाइट फैक्ट्री पर किया प्रदर्शन



**सतबरवा।** सुशीला ग्रेफाइट फैक्ट्री पोंची पर ग्रामीणों ने शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया है। ग्रामीणों का आरोप है कि सुशीला कार्बन एंड केमिकल्स कंपनी पूर्व से बंद पड़े मलय नदी के उस पार स्थित बिनारा कार्बन फैक्ट्री के डीप बोरिंग से पाईप के सहारे पानी लाकर अपने फैक्ट्री के काम को संचालित कर रहा है। जिसके कारण अगल -बगल गांव के कई घरों के चपानल सुख गये हैं और पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। ग्रामीणों ने करीब एक घंटा से अधिक समय तक विरोध प्रदर्शन किया। विरोध कर रही कमला देवी ,मुसीर्दा बीवी, रूपवती देवी, मीरा देवी ने बताया कि पानी बिना परेशान है ,बारिश जब हो जाएगी तब फैक्ट्री का संचालन शुरू कर दें हम लोगों कोई आपत्ती नही है। अनिल सोनी ने बताया कि डीप बोरिंग चलाने के बाद करीब 500 घरों में पानी की समस्या उत्पन्न हो जाती है। घटना की जानकारी मिलने के बाद थानाप्रभारी अमित कुमार सोनी फैक्ट्री पहुंचे और लोगों को समझा बुझाकर मामले को शांत कराया।

### इंडियन पब्लिक वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट का विचार गोष्ठी



**रामगढ़ पलामू।** प्रखंड अंतर्गत हुटार पंचायत में इंडियन पब्लिक वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन निदेशक शशि कांत सिंह के नेतृत्व में विचार गोष्ठी का आयोजन उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय नावाडीह में किया गया। इस कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि मुखिया शोभा देवी और पसंस पति मनोज प्रसाद गुप्ता उपस्थित थे । विचार गोष्ठी में स्वरोजगार विकास तथा सामाजिक सुधार के बारे में प्रस्ताव रखा गया। मौके पर नागेंद्र कुमार रवि, ग्राम प्रधान कुंभकर्ण सिंह बैगा, नथु सिंह, आदिवासी ग्राम समिति और स्व सहायता समूह की महिलाएं भी उपस्थित थे ।

### पूर्व मुखिया अखिलेश सिंह बने उताकी पैक्स अध्यक्ष



**पाटन पलामू।** उताकी पंचायत में पैक्स अध्यक्ष का चुनाव किया गया। पैक्स अध्यक्ष के पद पर दो उम्मीदवार उताकी पंचायत के पुर्व मुखिया अखिलेश सिंह तथा सुरेन्द्र कुमार राम ने नामांकन किया। पुर्व मुखिया अखिलेश सिंह को 144 मत पड़े एवं सुरेन्द्र राम को मात्र चार मत पर ही संतोष करना पड़ा। कुल मतदाताओं कि संख्या 154 था। इसमें 146 मत पड़े। दो मत रद पाये गये। पुर्व मुखिया अखिलेश सिंह ने 144 मत पाकर विजयी घोषित किए गए। मतदान पदाधिकारी नितितोष ठाकुर एवं आदील अहमद ने मतदान सम्पन्न कराया। उन्होंने कहा कि जो मत दिया या नहीं दिया सबके लिए दरवाजा खुला रहेगा। मतदान प्रक्रिया के दौरान भारी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# देश को विकट परिस्थिति से जदयू ही उभार सकती है : विजय कुमार

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जनता दल यूनाइटेड का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन बाईपास रोड स्थित कुशवाहा भवन में जिला अध्यक्ष मनोज दुबे की अध्यक्षता में किया गया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि विजय कुमार सिंह विधान पार्षद बिहार, विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री सुधा चौधरी, जदयू के युवा प्रदेश अध्यक्ष निर्मल सिंह, महासचिव श्रवण कुमार, वीरेंद्र पासवान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सम्मेलन में पार्टी को जिला के प्रत्येक बूथ स्तर पर मजबूती के साथ स्थापित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही साथ जिले के सभी पंचायतों में सदस्यता अभियान चलाने एवं अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने तथा बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में हो रहे विकास की गति से पलामू के जनता को अवगत कराने का निर्णय लिया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि जदयू कोई नई पार्टी नहीं है। इसमें कार्यकताओं को ऊर्जा भरने की जरूरत है। हमारे पास कार्यकताओं की कहीं कोई कमी नहीं है। सिंह ने कहा कि देश आज जिस विकट परिस्थिति से गुजर रहा है। उसे उभारने का काम जदयू ही कर सकती है। श्रीमती चौधरी ने कहा कि आगामी लोकसभा और विधानसभा दोनों ही चुनाव जदयू मजबूती के साथ झारखंड में लड़ेगी। सम्मेलन को संबोधित करते हुए युवा जदयू के प्रदेश अध्यक्ष निर्मल सिंह ने कार्यकताओं को ऊर्जा भरते हुए कहा कि आप सभी अपने आप को यह महसूस नहीं करें कि हम कमजोर हैं। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ राज नारायण पटेल ब्रह्मदेव प्रसाद समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# ब्लूम स्कूल ओलंपियाड में ऑक्सफोर्ड के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

खबर मन्त्र संवाददाता




**मेदिनीनगर।** अरिहन्त द्वारा सत्र 2022-2023 में आयोजित ब्लूम स्कूल ओलंपियाड परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इसमें ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, शाहपुर, मेदिनीनगर के विद्यार्थियों का प्रदर्शन शानदार रहा। कक्षा प्रथम के सौरभ सुमन ने राष्ट्रीय स्तर पर गणित विषय में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। उसकी इस उपलब्धि के लिए स्वर्ण पदक, दो हजार का चैक एवं प्रशस्ति पत्र मिला। कक्षा तृतीय के पीयुष राज ने सामान्य ज्ञान में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। उसकी इस उपलब्धि के लिए रजत पदक, पंद्रह सौ का चैक एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया। कक्षा तृतीय के आवेरी कर ने इसी परीक्षा में विज्ञान विषय पर चतुर्थ स्थान मिला। उन्हें इस सफलता हेतु उपलब्धि पुरस्कार के रुप में सात सौ पचास रुपये का चैक एवं प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुआ। इसके साथ ही सत्रह अन्य विद्यार्थियों को भी प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुए। सिल्वरजोन फॉउन्डेशन न्यू दिल्ली द्वारा आयोजित वर्ल्ड बिगेस्ट इंटरनेशनल ओलंपियाड्स में गणित, विज्ञान, सामान्य ज्ञान, हिन्दी, अंग्रेजी एवं सामाजिक विज्ञान विषय में से पाँच विषयों में स्वर्ण पदक और शेष एक विषय में रजत पदक प्राप्त कर स्वयं, परिवार एवं विद्यालय का नाम रोशन किया।

डॉ सिंह ने कहा की विद्यालय, परिवार, और शिक्षक उनकी इन प्रतिभाओं के आधार पर ही उन्हें दिशा देने और तराशने में मदद करते हैं। प्राचार्य डॉ सिंह ने कहा की आगामी सत्र में सफल विद्यार्थियों की संख्या में अधिक से अधिक वृद्धि हो, सदैव यही हमारा प्रयास होना चाहिए।

# बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतबरवा।** भारतीय जनता पार्टी सतबरवा मंडल ने भाजपा के संस्थापक पं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पूण्यतिथि को पूर्व जिप सदस्य चिंता देवी के आवास पर बलिदान दिवस के रूप में शुक्रवार को मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विजय पाठक ने किया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि पं श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना था कि जबतक अंतिम व्यक्ति तक विकास नहीं पहुंचता है तबतक सम्पूर्ण भारत के नागरिकों का विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है। मौके पर एस टी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो, मंडल महामंत्री संदीप कुमार, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष ज्योति सिंह, चतरा सांसद के पलामू जिला खेलकूद प्रतिनिधि धीरज कुमार, गुड्डू सिंह,अनिल सिंह, विकास पाठक, रविन्द्र सिंह, भाजयुमो सोशल मिडिया प्रभारी गढ़वा जयप्रकाश गुप्ता उपस्थित थे।

**एक नजर में**

## भगवान का नाम लेने सभी पाप भस्म हो जाते हैं : युगल किशोर शास्त्री

**जमशेदपुर।** भारतीय कृष्णा भावनामृत संघ द्वारा श्री श्री जगन्नाथ महाप्रभु रथयात्रा महोत्सव के उपलक्ष में श्री राजस्थान भवन (मौसी बाड़ी) मानगो में साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन श्री धाम वृंदावन से पधारे हुए कथा व्यास पूज्य संत श्री युगल किशोर शास्त्री जी ने आज भगवान शिव और दक्ष प्रजापति का मनोमालिन्य, माता सती का अपने पिता के यज्ञ उत्सव में जाने की जिद करना करने पर प्रकाश डाला।

## ईसीएचएस के नए ओआइसी का पूर्व सैनिकों ने किया स्वागत

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, जमशेदपुर द्वारा ईसीएचएस के नए ओआईसी को पुष्पगुच्छ और शल दे सम्मानित एवं स्वागत किया गया। मौके पर संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश के पांडेय के साथ जिला महामंत्री जितेंद्र सिंह एवं अध्यक्ष विनय के यादव के नेतृत्व में तीनों सेना से सेवानिवृत्त सैनिक साथियों ने इसीएचएस सोनारी के नए ओआइसी लेफ्ट कर्नल तेजपाल सिंह बाजवा को पदभार ग्रहण करने पर सैन्य समाज की शुभकामनाएं प्रेषित की एवं राष्ट्र की सेवा करके आये गौरव सेनानियों की सेवा करने का सुअवसर पाने हेतु अपनी बधाईयां दी।

## यंग इंडियन सदस्यों ने लिया बच्चों को यौन उत्पीडन से बचानें का प्रशिक्षण

**जमशेदपुर।** यंग इंडियंस की जमशेदपुर शाखा की ओर से संचालित मासूम परियोजना के तहत आज सात सदस्यों के लिए टीओटी (प्रशिक्षक का प्रशिक्षण) सत्र का आयोजन किया गया। इसमें यंग इंडियंस के सात सदस्यों को बच्चों के यौन उत्पीडन, सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श से बचने की प्रशिक्षण दी गई। अब ये रुझान प्रशिक्षित सदस्य शहर के विधयालय तथा अन्य संस्थानों में जाकर बच्चों को यौन उत्पीडन, सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श के बारे में जानकारी देंगे और इससे बचने के उपाय भी बताएंगे. ट्रेनिंग यंग इंडियंस की डक्टर रचना नायर, रश्मि कांवटिया, और प्रीति झुनझुनवाला ने दी। इससे पहले के सत्र में 15 सदस्यों को यह प्रशिक्षण दी जा चुकी है।

## कृत्रिम अंग सह कैलिपर प्रत्यारोपण शिविर में 150 दिव्यांगों की बदली जिंदगी

**गम्हरिया।** लार्ज सेक्टर की प्रमुख कंपनी बीएमडब्ल्यू इंडस्ट्रीज की ओर से आयोजित तीन दिवसीय निःशुल्क त्रिम अंग सह कैलिपर प्रत्यारोपण शिविर का शुक्रवार को समापन हो गया। इस दौरान करीब डेढ़ सौ दिव्यांगों को त्रिम अंग प्रदान कर उन्हें नई जिंद्गी प्रदान की गई। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जिले के सिविल सर्जन डा0 विजय कुमार ने कहा कि दिव्यांगों के लिए इससे बड़ा उपहार कुछ नहीं हो सकता है। इससे उनकी जिंद्गी ही बदल गई। उन्हें अपने स्तर से जीने की राह मिल गई। इस मौके पर मौजूद टाटा स्टील के चीफ एसपीसी एंड सर्विसेज अविनाश मेहता ने कहा कि कंपनी प्रबंधन का यह बेमिसाल प्रयास है।

## महिला विवि का एक वर्ष पूरा, कुलपति ने लिया उत्कृष्ट बनाने का संकल्प

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर महिला विवि के कामकाज के एक वर्ष पूरे होने पर कुलपति प्रो. (डा.) अंजिला गुप्ता ने अनुसंधान कार्यों को बढ़ावा देकर यूनिवर्सिटी को उत्कृष्ट संस्थान के रूप में विकसित करने का संकल्प दोहराया। जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी के शिक्षक संघ ने 22 जून को अपने पहले अर्थात संस्थापक कुलपति प्रो. (डा.) अंजिला गुप्ता के पदभार ग्रहण और विश्वविद्यालय के कार्यात्मक स्वरूप के एक वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया। कुलपति के सम्मान में टीचर्स एसोसिएशन ने एक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें उन्हें सम्मानित किया गया।

## भाजपा मानगो मंडल ने डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया

**जमशेदपुर।** आज बलिदान दिवस के अवसर पर भाजपा मानगो मंडल अध्यक्ष विनोद राय के नेतृत्व में भाजपा मानगो मंडल कार्यालय में बलिदान दिवस मनाया कार्यक्रम का सफल संचालन मंडल के महामंत्री धर्मेंद्र कुमार ने किया। इस दौरान तमाम कार्यकर्ताओं ने अपने संस्थापक को नमन करते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की.इस दौरान व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्री नीरज सिंह ने डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपने जीवन काल मे देश हित को सर्वोपरी मानते हुए अपने पुरे जीवन को समर्पित कर दिया और देश हित के लिए प्राणो का बलिदान भी दिया, ऐसे महान देशभक्त को आज हम सभी भाजपा के सिपाही नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

# टाटा स्टील के झरिया डिवीजन ने जीता गोल्डन पीकॉक इको-इनोवेशन अवार्ड

## इंडस्ट्रियल रिजेक्ट के अभिनव उपयोग और रेत के उपयोग में कमी के लिए मिला सम्मान



अवार्ड लेते कंपनी के पदाधिकारी।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर/जामाडोबा।** टाटा स्टील, झरिया डिवीजन को 2023 के लिए प्रतिष्ठित गोल्डन पीकॉक इको-इनोवेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार सस्टेनेबल माइनिंग अभ्यासों, विशेष रूप से भूमिगत कोयला खदानों में भंडारण के लिए औद्योगिक अस्वीत पदार्थों के अभिनव उपयोग के लिए टाटा स्टील की उल्लेखनीय प्रतिबद्धता को मान्यता देता है।

यह प्रतिष्ठित सम्मान भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति एमएन. वेंकटचलैया की अध्यक्षता में इंस्टीट्यूट ऑफ डायरेक्टर्स (आईओडी) द्वारा आयोजित पर्यावरण प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन पर 24वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान प्रदान किया गया।

टाटा स्टील के जामाडोबा ग्रुप के चीफ नरेंद्र कुमार गुप्ता और टाटा स्टील के झरिया के प्लानिंग हेड राज अंकुर ने कंपनी की ओर से पुरस्कार प्राप्त किया। टाटा स्टील ने र मैटेरियल के खनन से लेकर अपने परिचालन में सस्टेनेबिलिटी को लगातार प्राथमिकता दी है। क्षेत्र में कंपनी के महत्वपूर्ण प्रयासों ने ईको-इनोवेशन श्रेणी में इसकी पहचान सुनिश्चित की है, जो इसकी नेतृत्व स्थिति को बनाए रखने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

## एक सदी से सस्टेनेबल माइनिंग की दिशा में मील का पत्थर : सुंदररामम

जमशेदपुर। टाटा स्टील झरिया डिवीजन की उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट, र मैटेरियल, डी.बी.सुंदरा रामम ने कहा कि, ''टाटा स्टील माइनिंग सहित अपनी सभी प्रक्रियाओं में सस्टेनेबिलिटी के लिए लगातार प्रयास कर रही है। झरिया डिवीजन ने एक सदी से अधिक लंबे समय से सस्टेनेबल माइनिंग की दिशा में एक मील का पत्थर स्थापित किया है। ''टाटा स्टील को दिए गए पुरस्कार ने एक बार फिर सस्टेनेबल माइनिंग और हरित कल के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया है।'' गोल्डन पीकक इको–इनोवेशन अवार्ड, सामग्री दक्षता, पर्यावरणीय प्रभाव, नई प्रक्रियाओं और उत्पादों के लाभ और आर्थिक मूल्य वितरण सहित विभिन्न परियोजना मापदंडों के आधार पर प्रविष्टियों का मूल्यांकन करता है। एक वैश्विक और विविध खनन व्यवसाय के रूप में, टाटा स्टील दुनिया भर में सस्टेनेबल माइनिंग अभ्यासों के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उत्पादन, उत्पादकता और खान सुरक्षा पर जोर देते हुए, कंपनी प्रातिक संसाधनों का प्रबंधन करती है, विविधता को बढ़ावा देती है और समावेशी विकास के लिए सामाजिक और पर्यावरणीय सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा देती है। टाटा स्टील ने अपने खनन कार्यों को डीकार्बोनाइज करने के लिए अपने आपूर्तिकर्ताओं के साथ हाई–स्पीड डीजल के बजाय तरलीत प्रातिक गैस जैसे वैकल्पिक ईंधन का उपयोग करने के लिए ट्रायल रन शुरू किया है। टाटा स्टील माइनिंग को रिस्पन्सिबल क्रोमियम मान्यता प्राप्त हुई है, जो किसी भारतीय कंपनी के लिए पहली बार है। कंपनी को 2023 में सबसे मूल्यवान खनन और धातु ब्रांड के रूप में भी मान्यता दी गई है और लगातार सात वर्षों तक 'मास्टर अफ रिस्क इन मेटल्स एंड माइनिंग' के लिए आईआरएमए पुरस्कार जीते हैं।

**झारखंड की औद्योगिक नीति सुपर**

# इंफ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान दे सरकार : एसके बेहरा

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**



पत्रकारों से बात करते आरएसबी ग्लोबल के वाइस चेयरमैन कम एमडी एसके बेहरा।

**गम्हरिया।** झारखंड की औद्योगिक नीति अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर है, किन्तु राज्य में औद्योगिक संरचना और विकास को लेकर इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध नहीं होने के कारण औद्योगिक विकास को गति नहीं मिल पा रही है। आरएसबी ग्रुप अफ कंपनीज के वाईस प्रेसिडेंट सह प्रसिद्ध उद्यमी एसके बेहरा ने शुक्रवार को एक प्रेसवार्ता के दौरान उपरोक्तबाते कहीं। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर या आसपास के क्षेत्र एक एयरपोर्ट का ना होना दुर्भाग्यपूर्ण है। एशिया के दूसरे सबसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र के आसपास एयरपोर्ट का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। कंपनी के विस्तार को लेकर उन्होंने बताया कि आदित्यपुर व पुणे के बाद अब मेक्सिको तक इस कंपनी का विस्तार किया जाएगा जिसकी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। कंपनी ने अपने चौथे प्लांट की स्थापना कर ली है,जहां उत्पादन भी प्रारंभ किया जा चुका है। चेयरमैन एसके बेहरा ने बताया कि भविष्य में इलेक्ट्रनिक वाहन की मांग को देखते हुए कंपनी ने इजराइल की एक कंपनी के साथ कोलैबोरेशन कर ई-व्हीकल निर्माण के क्षेत्र में कदम बढ़ा दिया है। उन्होंने बताया कि इजरायली कंपनी के सहयोग से पुणे प्लांट में इलेक्ट्रनिक मोटर सिस्टम पर कार्य किए जा रहे हैं। जल्द ही इलेक्ट्रनिक व्हीकल की आपूर्ति टाटा और अशोक लिलैंड कंपनी को भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि पुणे स्थित प्लांट में आई -डिजाइन प्लांट की स्थापना इस साल नवंबर तक पूरी कर ली जाएगी जिसमें लेटेस्ट टेक्नोलजी पर आधारित मशीनरी तैयार होंगे।
श्री बेहरा ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की है। वहां उन्होंने आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र के जर्जर हो चले सड़कों के निर्माण, सड़क चौड़ीकरण, मूलभूत सुविधाओं में बढ़ोतरी समेत औद्योगिक विकास को गति प्रदान करने संबंधित मांगें रखी है, जिस पर मुख्यमंत्री द्वारा सकारात्मक सहयोग किए जाने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि मोमेंटम झारखंड जैसे कई बड़े आयोजन राज्य में हुए ,लेकिन इसका बेहतर परिणाम सामने नहीं आ सका है। इस दौरान उनके साथ कंपनी के एचआर हेड जया सिंह समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी ने विभिन्न मंडलों का किया दौरा

जमशेदपुर। भारतीय जनता युवा मोर्चा जमशेदपुर महानगर में भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी का हुआ एक दिवसीय प्रवास, शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष जमशेदपुर पहुँच मंडलो का दौरा कर कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। भाजयुमो उलीडीह मंडल अध्यक्ष राहुल कुमार के नेतृत्व में डिमना चौक पर युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। उलीडीह मंडल में लाभार्थियों एवं नवमतदाता सम्मेलन, एमजीएम मंडल में युवाओं से संवाद, यूथ इंफ्लुएंसेर से संवाद, सीतारामडेरा मंडल में बाइक रैली, बारीडीह मंडल में जनसंपर्क एवं नुक्कड़ सभा मे माननीय प्रदेश अध्यक्ष ने भाग लिया। उन्होंने भाजयुमो के सभी नवमनोनित पदाधिकारियों से भी मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी ने कहा की महाजनसंपर्क अभियान के निमित आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

## डिम्पी और गुंजन को विजेता ट्रॉफी मिली

**जमशेदपुर।** भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय द्वारा होटल दयाल इंटरनेशनल साकची, जमशेदपुर में ''जिला स्तरीय वित्तीय साक्षरता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 2023'' का आयोजन किया गया। ज्ञातव्य हो की इस कड़ी के प्रथम चरण में ब्लक स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमे प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागियो को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल किया गया। जिले के सभी ग्यारह प्रखण्ड के माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक स्कूल के कक्षा आठवी, नवमी एवं दसवी के सफल प्रतियोगियो ने आज के प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता 'मडल स्कूल बहरागोड़ा' के डिम्पी तिवारी और गुंजन शाव को विजेता ट्रफी के साथ 10000 का प्रथम पुरुस्कार, हाई स्कूल नरसिंबहल धालभूमगढ़ के सूरज कुमार दास और सुब्रता नमता को घ्7500 का द्वितीय पुरस्कार एवं 'अपग्रेडेड हाई स्कूल बनकाटी' घाटशिला के ज्योति पात्रा एवं शेख आयान को 5000 का तृतीय पुरस्कार प्रदान किये गये।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**National Rural Employement Program, Ranchi.**

Very Short
e-Procurement Notice

e-Tender Refrence No. – National Rural Employement Program, Ranchi./RANCHI-12/2023-24 Date :-

| Sl. No. | Name of Scheme | Estimated Amount (Lakh) | Earnest Mone (Lakh) | BOQ Cost | Scheme Completion Date | Tools & Plant |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Visiror Room with Toilet Near Existing Director Room at SIRD, Ranchi. | 83,60,020/- | 1,67,500/- | 10,000/- | 09 Months | कार्य के अनुसार |
| 4. | Mode of Submission of tender | Online through www.jharkhandtendrs.gov.in | | | | |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | Start Date 03.07.2023 to 11.00 AM<br>End Date 08/07/2023 up to : 2.00 PM | | | | |
| 6. | Bids online Submission | Start Date 03.07.2023 Time : 11.00 AM<br>End Date 08/07/2023 Time : 2.00 PM | | | | |
| 7. | Hard Copy Submission Date | Date 8/07/2023 Time : 3.00 PM | | | | |
| 8. | Technical Bid Oppening Date | Date 10/07/2023 Time : 11.00 AM | | | | |
| | Officer Inviting Bids | Executive Engineer<br>National Rural Employement Program, Ranchi.<br>Address : National Rural Employement Program, Vikash Bhawan, Ranchi. | | | | |

PR.NO.300754 NREP(23-24):D

Executive Engineer
National Rural Employement, Program, Ranchi.

**झारखण्ड सरकार,**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू**

**-:इच्छा की अभिव्यक्ती:-**

एतद् द्वारा दिनांक 22.06.2023 को उपायुक्त महोदय, पलामू की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्राप्त निदेश के आनुसार पलामू जिला के वैसे पशु आपूर्तिकर्ता से आवेदन एकत्रित किया जा रहा है, जो झारखण्ड सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना में चयनित लाभुकों के बिच पशु–पक्षी (बकरा–बकरी, सूकरा–सूकरी, ब्रायलर कुक्कुट, लेयर कुक्कुट एवं बत्तख) का वितरण करने को इच्छुक हों, पशु आपूर्तिकर्ता अपना आवेदन एवं दस्तावेज दिनांक 28.06.2023 के अपराह्न 03:00 बजे तक जिला पशुपालन कार्यालय, पलामू में जमा कर सकते है। निश्चित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदनो पर विचार नहीं किया जायेगा। पशु आपूर्तिकर्ता का चयन नियम एवं शर्तो के अनुसार किया जायेगा।

विशेष जानकारी के लिए कार्यालय दिवस में जिला पशुपालन कार्यालय, पलामू से संपर्क करें।

जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू।

PR.NO.300737 District(23-24):D

**Office of the Chief Electoral Officer**
**Cabinet (Election) Department, Sector-2, Dhurwa, Ranchi- 834002**

e-Tender Notice No. 01/Ele. Misc.-22-25/2018/1827 Ranchi/Dated: 22/06/2023

**Re e-Tender Notice**

This Tender Notice is issued by Chief Electoral Officer, Jharkhand, Ranchi for inviting proposals from experienced and reputed authorized organizations for "for disposal of e-waste-obsolete IT Equipment/ Electronic items mentioned in the Annexure-I from registered Recycler/ preprocessors of E-waste registered with State Pollution Control Board on "AS IS WHERE IS" basis" in the Cabinet (Election) Department, Sector-2, Dhurwa, Ranchi.

The time schedule for various activities following from the issue of this Tender Notice shall be as follows:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication:- | 26.06.2023 |
| 2. | Last Date for Submission of Tender:- | 06.07.2023 (03:00 PM) |
| 3. | Date of opening of Technical bid:- | 10.07.2023 (03:00 PM) |
| 4. | Date of opening of Financial bid:- | 12.07.2023 (03:00 PM) |
| 5. | Address for communication/submission of the Tender:- | Office of the Chief Electoral Officer, Cabinet (Election) Department, Near Gayatri Mandir, Sector-II, Dhurwa, Ranchi-834004, Jharkhand. Phone: 0651-2440077 |
| 6. | All terms, conditions and other features of this RFP is available on the CEO, Jharkhand's Website- https://jharkhandtenders.gov.in and http://www.ceo.jharkhand.gov.in | |

PR 300726 Election (23-24)_D

(K. Ravi Kumar)
Chief Electoral Officer, Jharkhand

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, एन०आर०ई०पी०, चतरा**

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सूचना संख्या– EE/NREP/CHATRA/16/2023 दिनांक– 23.06.2023

1. मद का नाम: DMFT योजना अन्तर्गत :–

| क्र. सं. | प्रखंड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | पूर्णता की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | टण्डवा | टण्डवा | टण्डवा | नीम चौक महवीर स्थान से बरगाछ तक पी०सी०सी० एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण। | 1793000 | 35900 | 5000 | 3 माह |
| 02 | टण्डवा | टण्डवा | टण्डवा | अशोक राम के घर से कैला पासवान के घर तक पेवर ब्लॉक एवं कलभट द्वारा पानी निकासी । | 675300 | 13600 | 1250 | 1 माह |
| 03 | टण्डवा | टण्डवा | टण्डवा | अशेसर कान्दु के घर से अजय गुप्ता (जतिन स्टोर) तक पी०सी०सी० एवं ढक्कन सहित नाली निर्माण। | 2495400 | 50000 | 5000 | 3 माह |
| 04 | टण्डवा | टण्डवा | टण्डवा | झरी साव के घर से नदी तक नाली ढक्कन सहित पी०सी०सी० पथ पुलिया व गार्डवाल निर्माण। | 4135525 | 82800 | 5000 | 3 माह |
| 05 | टण्डवा | राहम | मासीलौंग | सोमरा उरांव के घर से अखरा होते हुए सुरेश उरांव के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 7878015 | 158000 | 10000 | 6 माह |
| 06 | टण्डवा | राहम | लरंगा | मतलोंगा मण्डप से तिवारी (तिरथ) महतो के घर होते हुए पुलिया एवं पी०सी०सी० मोहदी नदी तक निर्माण। | 6021749 | 120500 | 10000 | 6 माह |
| 07 | टण्डवा | राहम | लरंगा | पृथ्वी भुईयाँ के घर से प्रयोग महतो के घर होते हुए गरही नदी तक रोड एवं पुलिया निर्माण। | 6414352 | 128500 | 10000 | 6 माह |

2. वेबसाइट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि – 06.07.2023
3. ई –निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 14.07.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. (i) एन.आर.ई.पी., चतरा एवं (ii) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit जमा करने की अंतिम तिथि 15.07.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 03.00 बजे तक।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 17.07.2023 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता एन.आर.ई.पी. चतरा
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं. – 7979730487, 6201014532 (संबंधित कनीय अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. ई–निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/एकाउण्ट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, एन.आर.ई.पी. चतरा के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. Ucan Registration फोटोकॉपी Upload करना अनिवार्य है। विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
10. परिमाण–विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता, एन.आर.ई.पी., चतरा

PR 300734 NREP(23-24).D

# डा मुखर्जी के 'अखंड भारत' के सपने को पूरा करने की दिशा में काम कर रहे मोदी : सांसद



भाजपा कार्यालय में बलिदान दिवस पर डा एसपी मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि देते सांसद विद्युतवरण महतो व अन्य।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष, प्रखर राष्ट्रवादी ड श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि को भाजपा जमशेदपुर महानगर ने बलिदान दिवस के रूप में मनाया। शुक्रवार को साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सांसद विद्युत वरण महतो समेत वरीय नेताओं ने ड श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस दौरान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य समेत पूर्व जिलाध्यक्ष एवं उपस्थित अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने ड मुखर्जी के बलिदान को स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं उनके बताए मार्गों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि आज हम ऐसे महापुरुष का बलिदान दिवस मना रहे हैं, जिन्होंने एक देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान नहीं चलेंगे का नारा देकर जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए अनुच्छेद 370 और 35ए को समाप्त करने की प्रेरणा का बीजारोपण किया था। जम्मू-कश्मीर को एक करने के लिए ड. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने सात दशक पहले जो सपना देखा था, उस सपने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक राष्ट्र -एक संविधान बनाकर ड श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ड. मुखर्जी की सोच को वास्तविकता में बदल रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी श्रद्धेय ड श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 'अखंड भारत के सपने' को साकार करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

# जैविक खेती को बढ़ावा दें, मत्स्य पालन को गांव गांव ले जायें : मनीष

## डीडीसी ने कृषि, सहकारिता, मत्स्य, उद्यान व पशुपालन विभागीय पदाधिकारियों के साथ की बैठक



बैठक करते डीडीसी मनीष कुमार।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त,डीडीसी मनीष कुमार ने समाहरणालय सभागार में आहूत बैठक में कृषि, सहकारिता, मत्स्य, उद्यान व पशुपालन विभागीय योजनाओ में प्रगति की जानकारी ली तथा संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए । बैठक में धान बीज वितरण, केसीसी, षि ऋण माफी, ई केवाईसी, पशुधन वितरण तथा क्रियाशील लैंपस की समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए किसानों पशुपालकों को सशक्त बनाना जरूरी है। उन्होने पशुधन वितरण में धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया। योजनाओं का व्यापक प्रसार प्रसार करने तथा इसका लाभ लेने के लिए संभावित लाभुकों को प्रेरित करने की बात कही। धान बीज वितरण में अगले एक सप्ताह में शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति का निर्देश दिया गया । जिले में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा कार्यशाला आयोजित कराये जाने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि षि एवं संबद्ध विभागीय योजनायें ग्रामीण क्षेत्रों में निवास कर रहे लोगों के आजीविका संवर्धन में काफी उपयोगी साबित हो सकती हैं। उन्होने मत्स्य पालन से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने तथा गांव-गांव मत्स्य विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार कराये जाने का निर्देश दिया । साथ ही जिला स्तर पर आगामी दिनों में एक कंट्रोल रूम बनाये जाने की भी बात कही जिसमें षि, सहकारिता, मत्स्य, उद्यान व पशुपालन विभाग के पदाधिकारियोंध्कर्मियों को एक प्लेटफर्म पर बैठाते हुए जिलेवासियों की समस्या का समाधान फोन के माध्यम से किया जा सकेगा तथा विभागीय योजनाओं की भी जानकारी आम जनता तक पहुंचाई जाएगी। बैठक में जिला षि पदाधिकारी श्री मिथिलेश कालिंदी, जिला पशुपालन पदाधिकारी डा. सुरेन्द्र कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी श्री विजय प्रताप तिर्की, सहायक निबंधक सहकारी समिति श्री वेद प्रकाश, सभी प्रखंडों के सहकारिता पदाधिकारी, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, एटीएम, बीटीएम व अन्य विभागीय पदाधिकारी तथा कर्मी उपस्थित थे।

# यूएस मीडिया में मोदी

**सो**शल मीडिया पर करीब नौ करोड़ फोलोअर्स के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय राजनेता माने जाते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि पीएम मोदी क्यों इतने लोकप्रिय हैं? अमेरिका के अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी एक रिपोर्ट में इसकी वजह बताई है। बता दें कि न्यूयॉर्क टाइम्स में मुजीब मशाल द्वारा लिखे गए एक लेख में दावा किया गया है कि पीएम मोदी की लोकप्रियता की एक बड़ी वजह उनका रेडियो शो 'मन की बात' है।मुजीब मशाल ने अपने लेख में लिखा कि मन की बात कार्यक्रम स्थानीय लोगों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जुड़ने का मौका देता है। हर महीने प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम में पीएम मोदी देश में हो रहे हर छोटे-बड़े सकारात्मक बदलावों के बारे में बात करते हैं। लेख के अनुसार, पीएम मोदी सिर्फ इसलिए लोकप्रिय नहीं हैं कि वह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री हैं बल्कि इसलिए हैं क्योंकि उनका देश के लोगों पर बहुत प्रभाव है। साथ ही उनकी जो नीतियां हैं, वह उनकी इसी विरासत को दशार्ती हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, आधे घंटे के कार्यक्रम के जरिए पीएम मोदी ने दुनिया के सबसे ज्यादा आबादी वाले देश की विशालता में खुद को सर्वव्यापी बना लिया है। इसने देश की कल्पनाशीलता पर इस कदर पकड़ बना ली है कि उसमें सरकार की आलोचना के प्रति लोगों को उदासीन बना दिया है। मुजीब मशाल लिखते हैं कि मन की बात कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी छात्रों को परीक्षा के तनाव से बचने के लिए टिप्स देते हैं और साथ ही श्रोताओं को ये भी बताते हैं कि वह खुद सामान्य शैक्षिक पृष्ठभूमि से आते हैं। वह जल संरक्षण पर बात करते हैं और लोगों को ग्रामीण जीवन और खेती की चुनौतियों को लेकर जागरुक करते हैं।

# नाराजगी से आंरभ

**बं**गाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पटना में विपक्षी दलों की बैठक के दौरान उनके राज्य में कांग्रेस के रवैये पर नाराजगी जताई है। सूत्रों के अनुसार ममता ने बैठक में कहा कि कांग्रेस की ओर से बंगाल में जारी धरना-प्रदर्शन भी गलत है। एका के लिये बुलायी गयी बैठक में नाराजगी भी दर्ज की गयी। बंगाल सीएम ने इस पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में ही आपत्ति जताई। उन्हांने कहा कि बंगाल में कांग्रेस का रवैया ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि हमें आपस में लड़ने से बचना चाहिए। हम आपस में लड़ेंगे तो बीजेपी को फायदा होगा। ममता बनर्जी ने कहा कि हमें आपसी मतभेद भुलाकर भाजपा को हराने की रणनीति बनानी चाहिए। इसमें सभी दलों की बात सुनी जानी चाहिए।

बता दें कि शुक्रवार को बिहार की राजधानी पटना में विपक्षी दलों की बैठक हुई। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस, जदयू, राजद, तृणमूल जैसे 15 दल भाजपा को रोकने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया। आम आदमी पार्टी ने अध्यादेश के मुद्दे पर विपक्षी दलों से समर्थन मांगा, लेकिन एक दल ने इस पर पलटवार कर दिया। शुक्रवार को जब पटना में इस बैठक के लिए अलग-अलग दलों के नेता जुटे तो चर्चा शुरू हुई। सूत्रों के मुताबिक, केजरीवाल ने इस बैठक में कहा कि केंद्र के लाए अध्यादेश का हम विरोध कर रहे हैं और बाकी दलों को इस मुद्दे पर हमारा समर्थन करना चाहिए। जैसे ही केजरीवाल ने यह बात कही, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने एतराज जताया। उन्होंने कहा कि जब कश्मीर से 2019 में अनुच्छेद 370 हटाया गया था, तब तो आपकी पार्टी ने हमारा समर्थन नहीं किया था और संसद में सरकार का साथ दिया था। देखना होगा आगे क्या रणनीति तय होती है।

# मेडिकल के क्षेत्र में कीर्तिमान बनाता यूपी





**-आरके सिन्हा**

> इस बीच नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के नीट-यूजी रिजल्ट में इस साल सबसे अधिक यूपी के स्टूडेंट पास हुए हैं। इसके बाद महाराष्ट्र और राजस्थान का स्थान है। लगभग 20.38 लाख में से कुल 11.45 लाख परीक्षार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। बात संख्या की करें तो यूपी की इस सफलता का वजन और चमक दोनों ज्यादा महसूस होगा। यूपी में सबसे अधिक 1.39 लाख, महाराष्ट्र में 1.31 लाख और राजस्थान में एक लाख से अधिक परीक्षार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है।

**बीते** दिनों उत्तर प्रदेश (यूपी) को लेकर दो बड़ी खबरें आईं, जिसने देश के सबसे बड़े सूबे की अलग छवि दुनिया के समक्ष पेश की। पहली खबर आई कि बीते अप्रैल महीने में शेयर बाजार से जुड़ने वाले नए निवेशकों की संख्या के मामले में यूपी ने देश की आर्थिक राजधानी महाराष्ट्र तक को पीछे छोड़ दिया है। बॉम्बे स्टाक एक्सचेंज (बीएसई) के मुताबिक, नए डीमैट खाते खोलने में यूपी ने महाराष्ट्र के अलावा भी सभी अन्य राज्यों को पीछे छोड़ दिया। इस तरह यूपी की एक साल में 37% की बढ़त हुई है। इसी अवधि में महाराष्ट्र की ग्रोथ 20%, गुजरात की 15%, राजस्थान की 26% और कर्नाटक की 20% ही रही है। शेयर बाजार में यूपी की ठसक लगातार ही बढ़ रही है। शेयर बाजार के गढ़ महाराष्ट्र को ही यूपी वालों ने सीधी टक्कर दे दी है। बीएसई के मुताबिक एक साल में यूपी से 35 लाख नए निवेशकों ने शेयर बाजार में प्रवेश किया है। हालांकि एक समय था जब महाराष्ट्र और कर्नाटक दोनों राज्यों को शेयर बाजार की जान माना जाता था। शेयर बाजार में यूपी के बढ़ते कदम के लिए राज्य की जनता की आय बढ़ने, महिलाओं का बाजार में रुझान और जोखिम की क्षमता उठाने की प्रकृति प्रमुख वजहें हैं। शेयर बाजार के कुल कारोबार में सालाना 1.28 लाख करोड़ का धंधा मात्र यूपी से हो रहा है। इसमें भी 30% की वृद्धि हुई है। इस बीच, अगर हम बीते कुछ सालों पर नजर दौड़ाएं तो यूपी से 2021-22 में 92 लाख निवेशक थे। यह आंकड़ा 2022-23 में हो गया 1.27 करोड़।

दूसरी खबर नीट-यूजी से जुड़ी है। डॉक्टरी शिक्षा में दाखिले के लिए आयोजित इस परीक्षा में यूपी के अभ्यार्थियों ने सर्वाधिक बाजी मारी। इस वर्ष के परिणाम में सबसे ज्यादा संख्या यूपी के विद्यार्थियों की रही। महाराष्ट्र और राजस्थान दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। इन दोनों खबरों ने बदलते हुए उत्तर प्रदेश में हो रहे विकास की प्रत्यक्ष तस्वीर हमारे सामने रख दी है।

इस बीच नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के नीट-यूजी रिजल्ट में इस साल सबसे अधिक यूपी के स्टूडेंट पास हुए हैं। इसके बाद महाराष्ट्र और राजस्थान का स्थान है। लगभग 20.38 लाख में से कुल 11.45 लाख परीक्षार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। बात संख्या की करें तो यूपी की इस सफलता का वजन और चमक दोनों ज्यादा महसूस होगा। यूपी में सबसे अधिक 1.39 लाख, महाराष्ट्र में 1.31 लाख और राजस्थान में एक लाख से अधिक परीक्षार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र देश के दो सबसे अधिक आबादी वाले राज्य हैं, जबकि राजस्थान भी जनसंख्या के मामले में शीर्ष दस राज्यों में आता है। शीर्ष पांच में केरल और कर्नाटक दो अन्य राज्य हैं, जिनमें से प्रत्येक ने 75,000 से अधिक अभ्यर्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है।

नीट-यूजी देश की बड़ी और प्रतिष्ठित प्रतियोगिता परीक्षा है। यह परीक्षा भारत के बाहर 14 शहरों- आबूधाबी, बैंकॉक, कोलंबो, दोहा, काठमांडू, कुआलालंपुर, लागोस, मनामा, मस्कट, रियाद, शारजाह, सिंगापुर, दुबई और कुवैत सिटी में आयोजित की गई थी। गौरतलब है कि नीट-यूजी के अंकों के आधार पर चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाता है। परीक्षा 13 भाषाओं असमिया, बांग्ला, अंग्रेजी, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, मलयालम, मराठी, ओडिया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु और उर्दू में आयोजित की गई थी।

बेशक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार के लिए भी यह बड़ी उपलब्धि देश के जीडीपी में राज्य आठ प्रतिशत से अधिक का योगदान दे रहा है। यूपी सरकार ने आगामी पांच वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में एक ट्रिलियन डॉलर के योगदान का लक्ष्य निर्धारित किया है। यानी, भारत के विकास की इस रेलगाड़ी के लिए देश का सबसे बड़ा सूबा उत्तर प्रदेश ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है।

जिस प्रदेश के युवा अपने प्रोफेशनल शिक्षा और भविष्य को लेकर इतने जागरूक हों, वहां कारोबारी दशा भी साथ के साथ बेहतर होगी, ऐसा मानकर चलने की बात हवाई नहीं, बल्कि इसके कई तार्किक आधार हैं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के माध्यम से करीब 35 लाख करोड़ के इनवेस्टमेंट प्रस्ताव पाने वाला यूपी अपने एक ट्रिलियन इकोनॉमी बनने के पथ पर तेजी से बढ़ रहा है। उसके इस संकल्प में प्रदेश के युवा भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। तभी तो उसने शेयर बाजार में नए निवेशकों की संख्या के मामले में देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले राज्य महाराष्ट्र और गुजरात को पीछे छोड़ दिया है।

करीब 20 करोड़ जनसंख्या वाले यूपी में अबतक तो शेयर बाजार में कारोबार करने की सीमित संस्कृति ही रही है। इतना ही नहीं साल 2018-19 में वैश्विक महामारी से पहले महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था 25.7 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान लगाया गया था। इसकी तुलना में यूपी की अर्थव्यवस्था का अनुमान 15.8 लाख करोड़ रुपये था। ऐसे में यूपी ने परंपरागत रूप से भारत के निवेशकों का सबसे बड़ा स्त्रोत माने जाने वाले महाराष्ट्र को भी पीछे छोड़ कर इतिहास रचा है।

यूपी अब न केवल उद्योग के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में उभरा है और निवेशकों की पहली पसंद बना है, बल्कि यहां के युवा भी बाजार का तकाजा समझते हुए निवेश की राह पर आगे बढ़ रहे हैं। इस बार यूपी सरकार ने जब करीब 7 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया तो उसमें इस बात की चर्चा खासतौर पर हुई कि सरकार ने समाज के उन वर्गों के भी हित और कल्याण की बात कही, जो अब तक प्रदेश की आर्थिक रचना से बाहर माने जाते थे। विकास का यह सर्व-स्पर्शी और सर्व-समावेशी तकाजा जमीन पर तब और मजबूत हो जाता है, जब इसके साथ सरकार का अपना तंत्र भी सहायक हो जाता है। उत्तर प्रदेश के शेयर बाजार में निवेश और यहां के छात्रों की सफलता के नए तथ्य यूपी में विकास के साथ-साथ बड़े बदलाव की दास्तां बयां करते हैं।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

## खास बात

# साहित्यक रूचि

**सुधांशु कुमार**

**दरअसल,** इसको बड़े परिवेश में देखा जाना चाहिए। साहित्य की संप्रेषणीयता , खुले शब्दों में कहें तो उसकी लोकप्रियता, उसकी साहित्यिकता पर प्रश्नचिन्ह है। आखिर क्यों समाज का बड़ा वर्ग इससे जुड़ नहीं पा रहा है। कोई जमाना था कि प्रेमचंद को घर-घर पढ़ा जाता था। इसके बाद भारतीय साहित्य की जो महत्वपूर्ण कृतियां थीं, चाहे दक्षिण के तकषी शिवशंकर पिल्लै लिख रहे थे या गुरुदयाल सिंह पंजाबी में लिख रहे थे। एक समय अमृता प्रीतम कविता लिख रही थीं, अज्ञेय उपन्यास रच रहे थे। धर्मवीर भारती की कविता केवल अपनी भाषा तक सीमित नहीं थी। अनुवाद की समृद्ध परंपरा थी। दूसरी भाषाओं का साहित्य अनुवाद के जरिये हम तक पहुंच रहा था। अन्य प्रांतों के लोग कहते थे कि हमें हिंदी भाषा सीखनी है और धर्मवीर भारती का ह्यगुनाहों का देवता पढ़ना हैमुझे लगता है कि ये जो बड़ा रास्ता था वह किसी न किसी कारण से अब अवरुद्ध हो गया है। प्रांतीयता की संकीर्णताओं से राष्ट्रीयता का मार्ग बाधित हुआ है। भाषा के प्रति असंतुलित दृष्टिकोण हैं कई कारण हैं जिनके चलते साहित्य के प्रति अरुचि उत्पन्न हुई है। आज से पचास साल पहले जो जीवन साहित्य के माध्यम से समझा जाता था, वह सही मायनों में पूरी तरह सार्थक होता था। पूरा भारत साहित्य के जरिये एकता के सूत्र में बंधता रहा है। घर-परिवार में समझ विकसित होती रही थी। दरअसल,साहित्य के मूल में संवेदना ही है। हालांकि, लोग कहते हैं, ये टीवी-कंप्यूटर व इंटरनेट संस्कृति का युग है। लेकिन छोटे-छोटे विकासशील देशों ने भी यह सब कुछ अपनाया, लेकिन वे अपनी भाषा, संस्कृति व साहित्यिक विरासत से जुड़ना चाहते हैं।

भारत में भी अब हम इस चिंतन से जुड़े रहना चाहते हैं। ये जो भारतीय वाङ्मय है, भारतीय आध्यात्मिक साहित्य है, इसकी पूरे एशिया में महत्वपूर्ण भूमिका बनी हुई है। एशिया के साहित्यकार कालिदास को पढ़ रहे हैं। चीन में श्रीमद्भगवत गीता का विशद् अध्ययन पचास विद्वान दिन-रात कर रहे हैं। भारतीय संस्कृत साहित्य का अनुवाद करके बड़ा प्रतिवेदन तैयार कर रहे हैं।

# निष्ठा की बात

## विचार-प्रवाह

**बद्री प्रसाद सिंह**

**उनकी** निष्ठा दल के साथ न होकर अपने व्यापार के साथ रहती है। इसीलिए सरकार किसी दल की बने,यह वर्ग सदैव उन्नति करता है।यह ऐसा भामाशाह है जो राणा प्रताप तथा अकबर दोनों को थैली देता है। माफिया, बड़े अपराधी, दलाल आदि की निष्ठा सदैव ही सत्ताधारी दल के साथ होती हैं क्योंकि यह सब सत्ताधारी दल की अवैध संतानें होती हैं। सरकार की दृष्टि टेढ़ी होते ही इनका अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाता है।आज कितने ऐसे लोग जेलों में स्वेच्छा से रह रहे हैं,पता नहीं किसकी गाड़ी कब फिसल जाय या किसकी अवैध इमारत ढहा दी जाय।

अधिकांश समाचार पत्र तथा चैनल की निष्ठा भी सत्ता के साथ रहती हैं। समाचारों में निष्पक्षता, देशहित, जनहित अब गुजरे दिनों की बात हो गई है।सभी मीडिया घराने बड़े पूंजीपति ही हैं जिन्हें अपना व्यापार चलाना होता है,विज्ञापन तथा अन्य सुविधाएं लेनी होती है।जो भी संपादक, संवाददाता इसमें बाधक होता है,तत्काल निकाल दिया जाता है। मैं मेरठ में कभी ररढ था , मेरे कॠ बरेली के कार्यकाल में मेरठ के एक व्यापारी मित्र का फोन आया कि वह एक अखबार निकाल रहा है जिसका अमुक तिथि को उद्घाटन मुझे ही करना है ।मैंने कहा कि वह व्यापारी हैं, अधिक पढ़ा भी नहीं है, अखबार कैसे चला पाएगा,तो उसने हंसते हुए कहा कि बिजनेस में रोज कोई न कोई विभाग,नेता उसे परेशान करता है,पैसा मांगता है, उनसे बचने के लिए वह अखबार निकाल रहा है और दूसरे अखबारों से अधिक वेतन देकर अच्छे संपादकों को तोड़ लिया है। मैं उसकी व्यापारिक बुद्धि का कायल हो गया।

**प्रधानमंत्री** मोदी की झूठी छवि के लिए किसी भी विभाग का मंत्री किसी भी विषय पर कुछ भी बोलने के लिए मजबूर है।

**-राहुल गांधी, सांसद**

## आपके ट्वीट

अनियंत्रित कामना, अति आसक्ति और भौतिकीय प्रलोभन मन को प्रायः अस्थिर व असहज बनाते हैं । बाह्य जगत के वस्तु-पदार्थ अपूर्ण तथा अतृप्ति कारक हैं ।अतः आध्यात्मिक अवलंबन और विवेक विचार बल द्वारा मानस शुचिता बनी रहें। **-अवधेशानंद गिरी**





'मोदी-मोदी' की गूंज...

यह भारत की विश्व कल्याणकारी दृष्टि, नेतृत्व क्षमता एवं सामर्थ्य के प्रति बढ़ती वैश्विक स्वीकार्यता का जयघोष है।

भारत माता की जय!

**- योगी आदित्यनाथ**

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### चिपको आंदोलन

चिपको आंदोलन की शुरूआत 1973 में उत्तराखंड (तत्कालीन उत्तर प्रदेश) के चमोली जिले से हुई थी. यहां बड़ी संख्या में किसानों ने पेड़ कटाई का विरोध करना शुरू किया था. वो राज्य के वन विभाग के ठेकेदारों के हाथों से कट रहे पेड़ों पर गुस्सा जाहिर कर रहे थे और उनपर अपना दावा कर रहे थे. इसकी शुरूआत सुंदरलाल बहुगुणा ने की थी और इसका नेतृत्व कर रहे थे। **– राजकुमार सिंह, रांची**

### भेद की समझ

तत्व की दृष्टि से मनुष्य और समष्टि के अन्य प्राणियों में कोई विभेद नही है,एतदर्थ हमें समवेत होकर समाज और राष्ट्र के लिए कार्य करना चाहिए।सनातन हिन्दू वैदिक संस्कृति में चिरकाल से ही वैश्विक शान्ति और सद्भावना के सूत्र समाहित हैं ! नइ महत्वपूर्ण सूत्रों को जानना आवश्यक है और युवाओं को अपनी संस्कृति पर गर्व होना चाहिए।

**– शशि कुमार, रांची**

# दुनिया की सबसे बड़ी खेल प्रतियोगिता ओलम्पिक

## खेल

**योगेश कुमार गोयल**

भारत आधुनिक ओलम्पिक खेलों में 103 वर्ष का सफर पूरा कर रहा है। भारत ने पहली बार वर्ष 1900 में ओलम्पिक में हिस्सा लिया था। तब भारत की ओर से केवल एक एथलीट नॉर्मन प्रिचर्ड को भेजा गया था, जिसने एथलेटिक्स में दो रजत पदक जीते थे। हालांकि भारत ने अधिकारिक तौर पर पहली बार 1920 में ओलम्पिक खेलों में हिस्सा लिया था। 2021 में टोक्यो ओलम्पिक में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 पदक भारत की झोली में डाले थे। ओलम्पिक खेलों की शुरूआत करीब 2798 वर्ष पूर्व ग्रीस में जीयस के पुत्र हेराकल्स द्वारा की गई मानी जाती है किन्तु ऐसी धारणा है कि यह खेल उससे भी काफी पहले से ही खेले जाते रहे थे। 776 ईसा पूर्व विधिवत रूप से शुरू हुए ओलम्पिक खेलों का सिलसिला उसके बाद निर्बाध रूप से 393 ई. तक अर्थात 1169 वर्षों तक चलता रहा। इन खेलों के माध्यम से ऐसा प्रदर्शन किया जाता था, जो मानव की शक्ति, गति एवं ऊर्जा का परिचायक माना जाता था। प्राचीन ओलम्पिक खेलों का आयोजन ईश्वर को श्रद्धांजलि देने के लिए किया जाता था।

अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस मनाए जाने की शुरूआत 23 जून 1948 को हुई थी। दरअसल आधुनिक ओलम्पिक खेलों का पहला आयोजन तो वर्ष 1896 में हुआ था लेकिन अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति (आईओसी) की स्थापना पियरे द कुबर्तिन द्वारा 23 जून 1894 को की गई थी, जिसके प्रथम अध्यक्ष बने थे यूनानी व्यापारी डेमट्रियोस विकेलास। आईओसी का मुख्यालय स्विट्जरलैण्ड के लॉजेन में स्थित है और वर्तमान में दुनियाभर में 205 राष्ट्रीय ओलम्पिक समितियां इसकी सदस्य हैं। आईओसी के स्थापना दिवस 23 जून को ही बाद में अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति द्वारा प्रतिवर्ष ओलम्पिक दिवस के रूप में मनाया जाना शुरू किया गया। आईओसी द्वारा प्रत्येक चार वर्ष के अंतराल पर ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक खेल, शीतकालीन ओलम्पिक खेल और युवा ओलम्पिक खेल का आयोजन किया जाता है। पहला ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक वर्ष 1896 में यूनान के एथेंस में तथा पहला शीतकालीन ओलम्पिक 1924 में फ्रांस के चेमोनिक्स में आयोजित किया गया था। ओलम्पिक दुनिया की सबसे बड़ी खेल प्रतियोगिता है, जिसमें दो सौ से ज्यादा देश हिस्सा लेते हैं।

फ्रांस के युवा शिक्षाशास्त्री पियरे द कुबर्तिन ने आधुनिक ओलम्पिक खेलों की आधारशिला रखी थी और उनके द्वारा 23 जून 1894 को अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति की स्थापना किए जाने के बाद नए रूप में 1896 से आधुनिक ओलम्पिक खेलों का आयोजन शुरू हुआ। उसके बाद ओलम्पिक खेल प्राचीन ओलम्पिक खेलों की ही भांति हर चार वर्ष के अंतराल पर आयोजित किए जाने लगे। एक जनवरी 1863 को जन्मे पियरे द कुबर्तिन की उम्र उस वक्त सिर्फ सात साल थी, जब 1870 में फ्रैंच-परसियन लड़ाई में जर्मनी ने फ्रांस पर कब्जा कर लिया था। माना जाता है कि उस हार के कुछ वर्षों बाद कुबर्तिन इसका विश्लेषण करने पर इस नतीजे पर पहुंचे कि फ्रांस की हार का कारण उसकी सैन्य कमजोरियां नहीं बल्कि फ्रांसीसी सैनिकों में ताकत की कमी थी। जर्मन, ब्रिटिश और अमेरिकन बच्चों की शिक्षा का अध्ययन करने के बाद कुबर्तिन ने पाया कि उन्हें ताकतवर और हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने में खेलों में उनकी भागीदारी की सबसे प्रमुख भूमिका थी जबकि फ्रांसीसी खेलों में भागीदारी के मामले में काफी पिछड़े थे। उसके बाद कुबर्तिन ने कोशिशें की कि फ्रांसीसियों को किसी भी तरह खेलों के प्रति आकर्षित किया जाए लेकिन उन्हें इन प्रयासों में उसाहजनक सफलता नहीं मिली किन्तु कुबर्तिन अपने इरादों पर दृढ़ थे।

# बौद्ध धर्म के बढ़ते प्रभाव के बीच सनातन धर्म का प्रादुर्भाव

## चिंतन

**-अशोक प्रवृद्ध**

**यही** दहस मथुरा, पाटलिपुत्र और कान्यकुब्ज की थी। नालन्दा विश्वविद्यालय वज्रयान संप्रदाय का केन्द्रस्थल था। पश्चिमी देशों के अपेक्षा भारत के पूर्वीय देशों में बौद्ध धर्म अभी संपन्न था। केवल प्रयग और काशी में बौद्धों का अत्यधिक तिरस्कार होता था तथा शिवलिंग की पूजा नगरों झ ग्रामों के प्रत्येक घरों में होने लगी थी।वैसे इस समय में सम्पूर्ण उत्तर भारत में प्राचीन वैदिक धर्म के स्थान पर नवीन हिन्दू धर्म स्थापित हो रहा था। प्राचीन वैदिक धर्म से इस नवीन हिन्दू धर्म में दो बड़े अंतर (भेद) थे - एक सिद्धांत सम्बन्धी तथा दूसरा आचार- विचार सम्बन्धी।

प्राचीन धर्म से नवीन धर्म का सिद्धांत सम्बन्धी भेद यह था कि प्राचीन वैदिक धर्म में तत्वों के देवता माने जाते थे और सर्वव्यापक सर्वशक्तिमान ईश्वर की कल्पना की गई थी उसके स्थान पर नवीन हिन्दू धर्म में ये देवता मूर्तिमान थे तथा इन पर परमेश्वर का एक मूर्त त्रिदेव समूह का था।

यही त्रैकत्व नवीन हिन्दू धर्म की एक नई वस्तु थी। आचार सम्बन्धी नई बात मूर्तिपूजा थी। वैदिक धर्म में जो यज्ञ का महत्व था वही स्थान नये धर्म में देव मन्दिरों को प्राप्त हो गया तथा प्रतिमा पूजन का प्रारंभ एक नई वस्तु थी।

इस काल में सर्वत्र राजनीतिक अन्धकार व्याप्त था। कोई प्रबल स्वराज्य सत्ता देश में नहीं थी। यहअन्धरात्रि की स्थिति विशेषकर नवीं एवं दशवीं शताब्दी में थी । तत्पश्चात ग्यारहवीं -बारहवीं शताब्दी में दिल्ली और अजमेर में राजपूत राज्य स्थापित हुआ । उनकी चाल, व्यवहार, पद्धति सब विक्रम और शिलादित्य से निराली व अनूठी थी ।

इस प्रकार इस अन्धरात्रि ने प्राचीन को अवार्चीन से पृथक कर दिया था ।एक महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि प्राचीन हिन्दूओं ने विदेशी आक्रामकों को अपने धर्म और जाति में मलिया लिया था । वैदिक आर्यों ने जब द्रविड़, असुरों आदि से युद्ध किये तो कालान्तर में ये दोनों जातियाँ भी आर्यों में सम्मिलित हो गईं । इसी प्रकार शक, तुर्क, आभीर, सीरियन, गुर्जर, हूण आदि जातियों को भी आर्यों ने अपने भीतर सम्मिलित कर लिया था । विभिन्न जातियों को अपने में सम्मिलित कर लेने का यह कार्य आर्यों ने राजनैतिक उन्नति और सामाजिक संगठन के विचार से किया था, परन्तु इन जातियों के मिश्रण से आर्यों का प्राचीन वैदिक धर्म बिलकुल विकृत हो गया ।

इन विदेशी जातियों में अनेक समृद्ध विचार वाली तथा उन्नत आचार वाली भी थीं तथा वे जातियां अपने साथ अपने धर्म के संस्कार, अपने कुल, आचार और परम्परागत विचारों को लेकर हिन्दू धर्म में सम्मिलित होकर एक हुए । ये पश्चिमी एशिया से आई हुई जातियाँ, जो अनेक आचार साथ लाई, उनमें एक मूर्ति पूजा भी थी । प्राचीन आर्यों की दो वैदिक शाखाएँ थीं- एक ज्ञानकाण्डी जो उपनिषद्पंथी थे, दूसरे कर्मकाण्डी जो ब्राह्मणपंथी थे । बौधों ने जब वैदिक धर्म को छिन्न- भिन्न कर दिया तो नई संक्षिप्त भाषा में दर्शनादि का निर्माण हुआ । दर्शनों में प्राचीन वैदिक दोनों पंथों पर दो नये दर्शन लिखे गये ।

उपनिषद के ब्रह्म तत्व पर उत्तर मीमांसा अथवा वेदान्त और ब्राह्मणों के कर्मकाण्ड पर पूर्वमीमांसा । ये पूर्व मीमांसाकार जैमिनी उपनिषद पंथ के परम शत्रु थे ।

एक बात और भी थी कि उपनिषद का ब्रह्म तत्व क्षत्रियों ने और ब्राह्मणों का कर्मकाण्ड ब्राह्मणों ने अपना लिया था तथा दोनों ही वेदों को अपना समर्थक बतलाती थीं ।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए

मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 94313-55233

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### पेटीएम ओटीपी लेने के बहाने हजारों की ठगी

**बरही।** बरही के मल्लाहटोली निवासी दिनेश निषाद पिता स्व. शिवलाल निषाद ने बरही थाना में लिखित आवेदन देकर साइबर ठगी के खिलाफ शिकायत करते हुए बताया कि एक अनजान नंबर के माध्यम से कहा गया कि आपका पेटीएम साउंड बॉक्स एवं क्युआर कोड आया है, आप ले लीजिए। मैंने बोला नही लेना है तो उसने बोला कि कैंसलेसन के लिए एक कोड जायेगा उसे बता दीजिएगा मैने बताने से मना कर दिया पुनः ठगी का कॉल आया। उस वक्त मेरा मोबाइल घर के बच्चो के पास था बच्चो ने ओटीपी कोड दे दिया। जिसके तुरंत बाद 3100 रुपए उनके खाते से कट गए। उन्होंने बरही पुलिस से आग्रह किया कि वे इस विषय को गंभीरता पूर्वक लेते हुए उनके पैसा को बरामदगी कराए।

### मुखिया संघ ने प्रशिक्षु आईपीएस को किया सम्मानित

**इचाक।** मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सकेंद्र प्रसाद मेहता के नेतृत्व में इचाक प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के मुखिया ने शुक्रवार को इचाक थाना में प्रशिक्षु आईपीएस कुमार शिवाशीष से मुलाकात कर उन्हें बुके देकर स्वागत किया।.साथ ही क्षेत्र में अमन चैन स्थापित करने की मांग रखी। स्वागत करने वालों में जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता, मुखिया अशोक राम, सिकंदर राम,उमेश मेहता , मोदी कुमार, नंदकिशोर मेहता ,मुखिया प्रतिनिधि ओमप्रकाश मेहता, राकेश कुमार मेहता, महेंद्र दास, चंदन मेहता , रविशंकर उर्फ भोला, समाजसेवी रामलखन मेहता समेत अन्य मुखिया शामिल थे।

### बकरीद को लेकर थाना में शांति समिति की बैठक

**इचाक।** बकरीद त्योहार को शांति व सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शांति समिती की बैठक शुक्रवार को थाना में हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रशिक्षु आईपीएस सह थाना प्रभारी कुमार शिवाशीष ने किया। बैठक में बकरीद को शांति व सौहार्द वातावरण में मनाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने लोगों से उनके क्षेत्र की सामाजिक परिवेश की स्थिति की जानकारी ली। उसके बाद आईपीएस ने कहा कि त्योहार में अफवाह से बचें। पुलिस की तरफ से पेट्रोलिंग में कमी नही की जाएगी। किसी तरह का कोई समस्या होती है तो तुरंत थाना के मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क करे पुलिस सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित मांस का इस्तेमाल से बचें। शिकायत मिलने पर बक्से नही जाएंगे। हिदायत दी कि मांस का वितरण करने की परंपरा है पर उसे काला थैला में भेजें, बचे हुए मांस को मिट्टी में गाड़ दें। ताकि कुत्ता के माध्यम से इधर उधर विखरने और सामाजिक सौहार्द बिगड़ने से बचा जा सके। वहीं बीडीओ रिंकू कुमारी और पूर्व थाना प्रभारी धनंजय कुमार ने भी लोगो को शांति से त्योहार मनाने की अपील की। मौके पर उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार, बीस सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश मेहता, मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष रंजीत मेहता, जीप सदस्य प्रतिनिधि अशोक कुमार मेहता, ,पुराना इचाक मुखिया प्रतिनिधि रविशंकर उर्फ भोला गुप्ता, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष गौतम नारायण सिंह, मुखिया संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष सकेन्द्र प्रसाद मेहता, भाजपा के मण्डल अध्यक्ष सुबाष सोनी, बोंगा मुखिया उमेश प्रसाद मेहता, अशोक कपरदार अशोक राम, महेंद्र राम, सीकेन्द्र राम, समाज सेवी रामलखन मेहता, पूर्व मुखिया सदन मेहता पूर्व, पंसस सिकन्दर अंसारी ,नाजिर अंसारी, कैलू मिंया समेत कई लोग शामिल थे।

### बच्चों को खेलों में आगे ला रहे हैं सेंसाई कंचन दास : डॉ.बिरेंद्र चौधरी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पतरातू एसडीपीओ डॉ. बिरेंद्र कुमार चौधरी ने योग प्रशिक्षक सेंसाई कंचन दास ब्लैक बेल्ट द्वितीय डान का प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर एसडीपीओ डॉ.बिरेंद्र कुमार चौधरी ने कहा कि कोयलांचल भुरकुंडा ही नहीं पूरे बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में प्रशिक्षक कंचन दास ने सैंकड़ों छात्र-छात्राओं को निःशुल्क योग, कराटे, खेल-कूद व एथलेक्टिस प्रतियोगिताओं का प्रशिक्षण देकर अपनी एक अलग पहचान बनाए हैं। इनके द्वारा प्रशिक्षित बालक-बालिकाएं राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जो हमसबों के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि इन उपलब्धियों को लेकर ही कंचन दास को सम्मानित किया गया है। एसडीपीओ श्री चौधरी ने कहा कि खेल व खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए हर सार्थक कदम उठाया जायेगा। क्षेत्र में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नहीं है, सिर्फ संसाधान उपलब्ध कराने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर खेलों में भी करियर बना सकते हैं। एसडीपीओ ने कंचन दास को बधाई देते हुए हर संभव सहयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने के लिए हर संभव कदम उठाता रहूंगा। श्री दास ने कहा कि जिला खेल प्रभारी मो. कमरूद्दीन, मार्शल आर्टस के इंडिया चिफ सिहोन जीबी थापा को गुरू के रूप में पूजता हूं। इन्हीं के मार्ग-दर्शन में मैं बच्चों को प्रशिक्षण देता आ रहा हूं जो आगे भी जारी रहेगा।

### हैदराबाद में 19 से 23 जून तक चले जिप उपाध्यक्षों के प्रशिक्षण में शामिल किशुन यादव



**बरही।** झारखंड सरकार के पंचायती राज्य विभाग अंतर्गत निर्वाचित सभी जिला परिषद उपाध्यक्ष इन दिनों हैदराबाद में प्रशिक्षण ले रहे है। पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में झारखण्ड के सभी जिलों के जिप उपाध्यक्ष हवाई यात्रा कर हैदराबाद में 19 से 23 जून तक प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल रहे।इस बाबत उन्होंने बताया कि हैदराबाद में पंचायती राज को सुदृढ़ बनाने को लेकर विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दी जा रही है। पंचायती राज के नियम और विकास योजनाओं को जनमानस की तरक्की के लिए तैयार कर लागू करने में तकनीकी दिक्कतों का समाधान पर प्रशिक्षण ले रहे है। बेशक प्रशिक्षण उपरांत नीतियों को हजारीबाग जिले में लागू किया जाएगा। द किशुन यादव ने कहा कि हजारीबाग में पंचायती राज अंतर्गत गांव गांव में विकास योजनाएं पहुंचे, इसके लिए वे दृढसंकल्पित है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण पदाधिकारी डॉ रमेश सक्तिवेल, खूंटी जिप उपाध्यक्ष मंजू देवी, लातेहार जिप उपाध्यक्ष अनिता सिंह, पाकुड़ जिप उपाध्यक्ष अशोक कुमार भगत, रामगढ़ जिप उपाध्यक्ष गीता देवी, रांची जिप उपाध्यक्ष विणा चौधरी, सरायकेला जिप उपाध्यक्ष मधुश्री महतो, सिमडेगा जिप उपाध्यक्ष सोनी कुमारी पैकरा, पश्चिमी सिंहभूम जिप उपाध्यक्ष रंजीत कुमार यादव शामिल हुए।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि पर भाजपाइयों ने दिया श्रद्धांजलि

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी मां भारती के लिए समर्पित थे : रमेश ठाकुर

खबर मन्त्र संवाददाता


डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की श्रद्धांजलि देते भाजपाई

**बरही।** भाजपा कार्यकताओं ने भगवती मंदिर बरही के प्रांगण में भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई। इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पार्पित करते हुए उन्हें पार्टी के सम्मानित सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया।मौके पर भाजपा कार्यकताओं ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके पदचिन्हों व आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा कि जनसंघ के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई थी। भाजपा इस दिन को बलिदान दिवस के रूप में मनाती है। जम्मू कश्मीर में मुखर्जी ने धारा 370 का प्रखर विरोध कर आंदोलन चलाया। भाजपा के नायकों में श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय का नाम सबसे ऊपर है। कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अनुसार एक देश में दो निशान दो प्रधान नही चलेगा। मरणोपरांत भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370 खत्म कर राष्ट्रवाद की पहचान बनाकर कश्मीर को आजाद किया और कट्टरपंथ को करारा जवाब दिया। मौके पर उपमुखिया मनोज उपाध्याय, पंकज बरणवाल, विपिन्न सिन्हा, संदीप निषाद, कन्हाई सिह, ब्रजेश ठाकुर, विकास यादव, कैलास यादव, संतोष ठाकुर, रामसहाय यादव, अर्जुन स्वर्णकार, अशोक यादव, दिपक भगत, भिखी यादव, राजकुमार दास, नारायन राणा, कामेश्वर राणा, रोहित कुमार, संजय यादव, अविनाश साव, गौरव मिश्रा, दीपक कुमार सहित अन्य भाजपाई मौजूद थे।

### श्री श्री महावीर मंदिर कुजू बस्ती में मना 21वां वर्षगांठ


पूजा अर्चना करते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** कुजू बस्ती स्थित श्री श्री महावीर मंदिर की 21 वीं वर्षगांठ शुक्रवार को धूमधाम से मनायी गयी। इस दौरान यजमान बने दशरथ साव व करण साव सपत्नीक को पंडित यमुना पांडेय ने विधिवत पूजा अर्चना कराया। साथ ही हनुमान पाठ, हवन, आरती, नौ कन्या पूजन सहित कई धार्मिक अनुष्ठान कार्य संपन्न कराया। वहीं स्थानीय महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन किया गया। बाद में भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें आस-पास के श्रद्धालु शामिल होकर प्रसाद का ग्रहण किया। पूजा के सफल संचालन में अध्यक्ष नरेश प्रसाद, नागराज प्रसाद साहू, रवि साहू, शुभम साहू, सागर कुमार, अमर साव, अभिषेक साहू लल्ला, पवन साहू, रंजन कुमार आदि लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

### पांच दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का समापन


उद्यमिता विकास कार्यक्रम का समापन

**हजारीबाग।** राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निसबड) एवं जन शिक्षण संस्थान, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (भारत सरकार) के संयुक्त तत्वावधान में पांच दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का समापन शुक्रवार को हो गया। बता दें कि विगत 18 जून को कार्यक्रम का उदघाटन जन शिक्षण संस्थान के निदेशक रवीश कुमार एवं निसबड के कार्यक्रम निदेशक मनीष कुमार ने किया था। जन शिक्षण संस्थान द्वारा चयनित 31 प्रतिभागियों के लिए आयोजित पांच दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम में प्रतिभागियों को उद्यमिता के विषय से अवगत कराया गया ताकि स्वरोजगार के लिए प्रेरित वे हो सकें। प्रतिभागियों को उद्यमिता शिक्षा, व्यवसाय के अवसर की समझ, व्यापर योजना, बैंक सम्बन्धी अनिवार्यताएं, मार्केटिंग के गुर, सरकार की विभिन्न योजनाओं, व्यवसाय स्थापना के चरण आदि की जानकारी दी गई। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक रूपेश कुमार ने उद्यम प्रारम्भ करने हेतु विभिन्न सरकारी योजनाओं की चर्चा की। साथ ही उन्होंने उन योजनाओं में बैंक की भूमिका की विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के अंत में जन शिक्षण संस्थान के निदेशक, रवीश कुमार एवं निसबड के कार्यक्रम समन्वयक यशपाल सिंह रावत द्वारा प्रतिभगियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में जन शिक्षण संस्थान के लेखपाल संजय कुमार राणा एवं सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी रफत फातमा ने अहम भूमिका निभाई।

### योग, अध्यात्मक एवं वैदिक संस्कृति हमारे देश को महान बनाती है : संतोष

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सद्गुरू सदाफल विहंगम योग संस्थान के तत्वावधान में रामगढ़ जिले में 9वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भव्य योग साधना शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विहंगम योग संस्थान के युवा प्रचारक एवं योग प्रशिक्षक संतोष अग्रवाल ने उपस्थित लोगों को स्वस्थ रहने के लिए योग, आसन, प्राणायाम एवं ध्यान का प्रशिक्षण दिया। मौके पर संतोष अग्रवाल ने कहा कि योग स्वस्थ जीवन की अपरिहार्य आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति एवं ऋषि संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। श्री अग्रवाल ने कहा कि यही योग अध्यात्मक एवं वैदिक संस्कृति हमारे देश को महान बनाती है। यही योग, प्रणायाम एवं ध्यान के अभ्यास से हम सबों को कंपलिट डिवाइन ट्रांसफॉरमेशन पूरे शरीर के संपूर्ण चेतना का विकास होता है। योग से न केवल शरीर बल्कि हमारा मन व आत्मा भी प्रभावशाली एवं दिव्य शक्तियों वाला बन जाता है। मौके पर उपस्थित लोगों ने सामुहिक रूप से स्वच्छता का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ के साथ किया गया।

## एक नजर में

### विस्तारक बनाये जाने पर सत्यजीत चौधरी हुए सम्मानित



**रामगढ़।** ब्रह्मर्षि धर्मशाला में शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विस्तारक नामित होने पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी को सम्मानित किया गया। उन्हें कैंट मंडल अध्यक्ष शिव कुमार महतो के नेतृत्व में प्रो. संजय सिंह,सांसद प्रतिनिधि रविंद्र शर्मा,पूर्व नगर अध्यक्ष राजीव पामदत्त,अजीत गुप्ता,सुशांत पांडे,शीतल सिंह,मणिशंकर ठाकुर ने सम्मानित किया। बूथ नंबर 50 के अध्यक्ष सत्यजीत चौधरी लगातार पार्टी के प्रचार प्रसार में जुड़े रहते हैं। सत्यजीत और प्रवीण सोनू को केंद्र विस्तारक नामित किया गया है। जिसके बाद प्रशिक्षण के लिए उन्हें 24 जून को भोपाल जाना है। विस्तारक बनाये जाने पर जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रकाश मिश्रा,नारायण चंद्र भौमिक,अमरेंद्र कुमार गुप्ता,रंजीत सिन्हा,वरिष्ट उपाध्यक्ष राजू चतुवेर्दी,महामंत्री प्रो.खिरोधर साहू,धीरज 4,भीमसेन चौहान,मणिशंकर ठाकुर द्वारा उन्हें बधाई दी गई है।

### डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का 70 वां शहादत दिवस मनाया

**दारू।** भारतीय जनता पार्टी दारू मंडल के कार्यकताओं ने पार्टी के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का 70वां शहादत दिवस राजन सिन्हा के निजी कार्यालय में मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्तओं ने दीप प्रज्वलित व पुष्पांजलि कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर दारू मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण उपाध्यक्ष राजन सिन्हा, महामंत्री इंद्रदेव कुशवाहा, किसुन प्रसाद, देवदत प्रसाद, रौशन सिन्हा, संतोष राणा, कमल प्रजापति, अरुण सिंह, उपेंद्र यादव, ,जितेंद्र सिन्हा सहित कई लोग शामिल थे।

### संत समाज संस्थान का जिला स्तरीय भूमि परिवर्तन गोष्ठी समारोह संपन्न



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विहंगम योग संत समाज संस्थान द्वारा शुक्रवार को सौंदा डी पंचायत सचिवालय में जिला स्तरीय भूमि परिवर्तन सह सत्संग गोष्ठी समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह उपदेष्टा राधाकृष्णन सिंह, महामंत्री केपी श्रीवास्तव, प्रचार मंत्री नागेश्वर प्रसाद मेहता, संयोजक भोला अग्रवाल व प्रदीप लाल मौजूद थें। इस दौरान उपदेष्टा राधाकृष्णन सिंह ने कहा कि लोगों को भूमि परिवर्तन को ले उपदेश दिए। इससे पूर्व समारोह की शुरूआत स्वागत गान व मंगलगान से किया गया। कार्यक्रम के तहत वंदना, ध्यान, साधना, शांति पाठ, प्रार्थना, आरती आदि का आयोजन हुआ। इसके महाप्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर रामजनम प्रसाद, रविशंकर सोनी, राजेश ठाकुर, राजेश सिन्हा, मनीष तिवारी, जानकी ठाकुर, कपील प्रसाद, उषा देवी, डी देवी, किरण तिवारी, पुष्पा देवी सहित दर्जनों भक्त मौजूद थें।

### मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बैठक

**बरही।** बरही अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी पूनम कुजूर की अध्यक्षता में विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसएसआर, 2024) को लेकर प्रखण्ड परिसर में बैठक संपन्न हुआ। बैठक में बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार सहित विभिन्न बीएलओ सुपरवाइजर शामिल हुए। अनुमंडल पदाधिकारी पूनम कुजुर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त मार्गदर्शन पर 1 जनवरी 2024 को आर्हता तिथि मानते हुए वार्षिक विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम का संचालन किया जाना है। उन्होंने बताया कि आयोग से प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार प्री-रेविशन से संबंधित गतिविधियों यथा ई.आर.ओ./ए.ई.आर.ओ./ बी.एल.ओ एवं अन्य का प्रशिक्षण, बी.एल.ओ द्वारा घर-घर पर सत्यापन का कार्य, अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि आगामी लोकसभा आम चुनाव के दृष्टिगत विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 महत्वपूर्ण है।

## कांग्रेस ने बड़कागांव विधानसभा की जनता को छला है : रोशनलाल

खबर मन्त्र संवाददाता




**भुरकुंडा।** पीटीपीएस स्थित आवासीय कार्यालय में आजसू पार्टी ने स्थापना दिवस के अवसर पर विधानसभा स्तरीय संकल्प दिवस मनाया। संकल्प दिवस में पूरे बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से हजारों कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर राज्य एवं राज्य की जनता की बेहतरी के लिए संघर्ष करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी, विशिष्ट अतिथि पार्टी के केंद्रीय सचिव विजय साहू, रामगढ़ जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, केंदीय सदस्य संदीप कुशवाहा, केंद्रीय सदस्य सह पूर्व जीप उपाध्यक्ष मनोज राम, ओबीसी जिलाध्यक्ष हरिरत्नम साहु, जिला उपाध्यक्ष भोला महतो कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रोशनलाल चौधरी ने वीर शहीदों की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। संकल्प सभा को संबोधित करते हुए रोशनलाल चौधरी ने कहा की राज्य सरकार ने जनता के साथ वादाखिलाफी किया है।

### मारपीट में एक घायल

**हजारीबाग।** चुरचू गोंडवार आंगो थाना निवासी साहब राम हेंब्रम अपने किसी काम से बाजार जा रहा था। बाजार जाने के क्रम में रास्ते में उससे उसे बिहारी मुर्मू, रूपलाल मुर्मू ,सुखदेव हेंब्रम, बाबू लाल हेंब्रम, रीतलाल हेंब्रम,मनोज हेंब्रम, महिलाल हेंब्रम, बबलू मुर्मू ,राजेंद्र साव, बासुदेव मुर्मू ने हमला कर घायल कर दिया। साहब राम हेंब्रम ने बताया की आरोपियों के द्वारा गाली गलौज करते हुए जान मारने की कोशिश की गयी।


### उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, हजारीबाग
(जिला पंचायत राज शाखा)

–: नगरपालिका आम निर्वाचन, 2023 के लिए हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र हेतु प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन की सूचना :–

सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–472 दिनांक 02.06.2023 के आलोक में नगरपालिका आम निर्वाचन, 2023 के निमित्त भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिनांक 01.01.2023 को अर्हता तिथि मानकर दिनांक 05.01.2023 को अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची का वार्डवार विखण्डीकरण कार्य पूर्ण करते हुए मतदाता सूची का प्रारूप तैयार किया गया है।

राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड, राँची के उक्त पत्र द्वारा प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम, 2011 की धारा 555 एवं झारखण्ड नगरपालिका निर्वाचन एवं चुनाव याचिका नियमावली–2012 के नियम 11 से 17 में वर्णित प्रावधानों के अनुरूप हजारीबाग नगर निगम के महापौर पद एवं वार्ड पार्षद पद के आम निर्वाचन हेतु मतदान केन्द्रवार फोटोयुक्त मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन दिनांक 19.06.2023 (सोमवार) को सभी विनिर्दिष्ट स्थलों यथा हजारीबाग नगर निगम कार्यालय / सभी वार्ड कार्यालय नगर निगम क्षेत्र में किया जाता है। इसकी प्रति हजारीबाग जिले के अधिकारिक वेबसाईट, www.hazaribag.nic.in पर भी उपलब्ध है।

उक्त प्रारूप मतदाता सूची से संबंधित दावा / आपत्ति दिनांक 19.06.2023 से दिनांक 01.07.2023 तक (सार्वजनिक अवकाश के दिनों को छोड़कर) प्रातः 11.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक जिला पंचायत राज कार्यालय, हजारीबाग में प्राप्त किया जाएगा, जिसका निराकरण दिनांक 06.07.2023 तक किया जाएगा।

दावा / आपत्तियों के निष्पादन हेतु जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका), हजारीबाग को प्राधिकृत किया जाता है। प्रारूप मतदाता सूची के अवलोकन के उपरान्त कोई व्यक्ति दावा या आपत्ति देना चाहते हैं, तो वे उक्त अवधि में अपना दावा / आपत्ति (साक्ष्य सहित) प्राधिकृत पदाधिकारी (जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका), हजारीबाग / उनके प्रतिनिधि) को निम्न प्रपत्रों में दे सकते हैं :–

प्रपत्र–क (परिशिष्ट–1) – प्रारूप मतदाता सूची में प्रविष्ट विशिष्टियों की शुद्धि के लिए,

प्रपत्र–ख (परिशिष्ट–2) – प्रारूप मतदाता सूची के किसी ब्यौरे पर दावा / आपत्ति जिसके अंतर्गत मतदाता का नाम उसके निवास स्थल वाले वार्ड से भिन्न वार्ड में प्रदर्शित हो रहा है, के शुद्धि के लिए।

दोनों प्रपत्र सभी विनिर्दिष्ट स्थलों एवं जिले के वेबसाईट www.hazaribag.nic.in पर भी उपलब्ध है। उपरोक्त उल्लेखित अशुद्धियों के अतिरिक्त अन्य प्रकार के दावा / आपत्ति तथा निर्धारित अवधि के पश्चात् दावा / आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)
–सह–उपायुक्त, हजारीबाग।

PR 300741 Panchayati Raj(23-24)D



### कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू।
दूरभाष (मो0) सं0–8987263405 (जिला भू–अर्जन शाखा) Email {dlaopalamau@gmail.com}

KHATIAN AND VALUATION STATEMENT
(संशोधित 3G Award के तहत् घोषित)
Name of Project :- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 (Section-III)
(पलामू जिला अन्तर्गत कि0मी0 147.450 (मोगु) से कि0मी0 196.870 (शंखा) NH-75 पर 4 लेन पथ निर्माण।)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI-75) (कि0मी0 147.450 (मोगु) से कि0मी0 196.870 (शंखा) NH-75 पर 4 लेन पथ निर्माण। हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तदनुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0–75 अन्तर्गत मौजा :– काशिया, थाना :– मेदिनीनगर, थाना नं0 :–237
पत्रांक– 385 (C) / भू0अ0, दिनांक– 22.06.2023

| क्र0 सं0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | अर्जनाधीन रकबा एकड़ में | किस्म | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | काशिया | 3 | 165 P | 0.0359 | धान खेत | 0.0359 | 1 | कुंजविहारी तिवारी व पंचानन तिवारी व प्रेमतोष तिवारी पिता सूर्यवंश तिवारी व शशिधर तिवारी पिता रामप्रीत तिवारी | जीतेन्द तिवारी पिता कृष्ण तिवारी, मकान सुरेश तिवारी पिता स्व0 मदन तिवारी |
| 2 | | 3 | 164 P | 0.0218 | टांड–2 | 0.0218 | 2 | सलोनी कुमारी पति अनिमेष प्रसाद | |
| | | | कुल | 0.0577 | कुल | 0.0577 | | | |

नोट :– इस कार्यालय के पत्रांक– 45 / भू0अ0, दिनांक– 18.01.2023 के द्वारा 3G का प्रकाशन करते हुए 3G के अनुसार मूल्यांकन तैयार कर राशि की मांग NHAI से की गई थी, जिसके पश्चात् NHAI के पत्रांक– 3660, दिनांक– 10.02.2023 के द्वारा निदेशित किया गया की 3A एवं 3D के अनुसार कुल रकबा 13.5925 ए0 का मूल्यांकन हेतु पूर्व में प्रकाशित 3G को आंशिक संशोधन करते हुए पुनः 3G प्रकाशन कर तैयार किया जाए, जिसका संशोधित 3G तैयार किया गया है।

कानूनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। | अपर समाहर्ता पलामू। | उपायुक्त पलामू।

PR 300709 (Palamu) 23-24 (D)



### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
PLANNING AND INVESTIGATION DIVISION
ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT (RCD),RANCHI
Nirupan Bhawan, 3rd Floor, Room No. 401, 56-Set, Doranda, Ranchi- 834002

e-Procurement (Very Short Tender Notice)
Letter of Invitation (LOI) No.-08/2023-24 (1st Call)
e-Tender Ref No– RCD/PID/RANCHI/08/2023-24 Date:-21.06.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report of Tisri Chowk PWD Road to Ghanghrikura Road including replacement of Culverts, Bridges, ROB's, RUB's, Complete Land Acquisition Proposal including Ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal and Proposal of Utility Shifting in details etc. as required by the Department (If any) under Road Division, Giridih in the State of Jharkhand ***Empanelled consultant with RCD under category-I vide letter No.3063(S) WE Dated 22.08.2022 are allowed to bid only.** |
| 2 | Tentative Length | 15.00 Km |
| 3 | Period of Completion of Work | 45 Days |
| 4 | Cost of Tender documents | Demand Draft/Banker Cheque of any Scheduled Bank (non-refundable fee) of Rs 5,000/- (Five Thousand) only. EMD:- 2 % of the quoted amount (Net of GST) in the form of current issue of NSC, Fixed Deposits of a Scheduled Bank (all the above mentioned form of Security deposits money issued within the State of Jharkhand) and Bank Guarantee issued by any Scheduled bank anywhere in India duly pledge in favour of Executive Engineer, Planning & Investigation Division, Road Construction Department, Ranchi for a period of 45 days beyond the validity of Bid. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 28.06.2023,10:30 AM |
| 7 | Last Date/Time of Bid Submission | 07.07.2023 12:00 PM |
| 8 | Last Date/Time of Submission of Tender Fee & EMD | 07.07.2023 12:00 PM |
| 9 | Date and Time of Bid opening | 10.07.2023 12:30 PM |
| 10 | Bid validity | 45 days |
| 11 | Bid Submission Address | Chief Engineer(Communication), Road Construction Department, 1st Floor, Engineer Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004 |
| 12 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Planning and Investigation Division RCD, Ranchi, Mob No.-8083039058 |

Note:- Only e-Tender shall be accepted.

Sd./-
Executive Engineer,
Planning & Investigation Division,
Road Construction Department, Ranchi

PR 300725 Road (23-24)_D



### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
PLANNING AND INVESTIGATION DIVISION
ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT (RCD),RANCHI
Nirupan Bhawan, 3rd Floor, Room No. 401, 56-Set, Doranda, Ranchi-834002

e-Procurement (Very Short Tender Notice)
Letter of Invitation (LOI) No.-09/2023-24
1st Call
e-Tender Ref No:– RCD/PID/RANCHI/09/2023-24 Date:-21.06.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report of Harla PWD Road to Narotand Road Via Hardiya-Rajokhar-Barmasiya-Dumarjhara-Balbali including replacement of Culverts, Bridges,ROB's, RUB's, Complete Land Acquisition Proposal including Ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal and Proposal of Utility Shifting in details etc. as required by the Department (If any) under Road Division, Giridih in the State of Jharkhand. ***Empanelled consultant with RCD under category-I vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022 are allowed to bid only.** |
| 2 | Tentative Length | 22.00 Km |
| 3 | Period of Completion of Work | 60 Days |
| 4 | Cost of Tender documents | Demand Draft/Banker Cheque of any Scheduled Bank (non-refundable fee) of Rs 5,000/- (Five Thousand) only. EMD:- 2 % of the quoted amount (Net of GST) in the form of current issue of NSC, Fixed Deposits of a Scheduled Bank (all the above mentioned form of Security deposits money issue d within the State of Jharkhand) and Bank Guarantee issued by any Scheduled bank anywhere in India duly pledge in favour of Executive Engineer, Planning & Investigation Division, Road Construction Department, Ranchi for a period of 45 days beyond the validity of Bid. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 28.06.2023,10:30 AM |
| 7 | Last Date/Time of Bid Submission | 07.07.2023 12:00 PM |
| 8 | Last Date/Time of Submission of Tender Fee & EMD | 07.07.2023 12:00 PM |
| 9 | Date and Time of Bid opening | 10.07.2023 12:30 PM |
| 10 | Bid validity | 45 days |
| 11 | Bid Submission Address | Chief Engineer(Communication), Road Construction Department, 1st Floor, Engineer Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004 |
| 12 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Planning and Investigation Division, RCD, Ranchi, Mob No.-8083039058 |

Note:- Only e-Tender shall be accepted.

Sd./-
Executive Engineer,
Planning & Investigation Division,
Road Construction Department, Ranchi.

PR 300729 Road(23-24).D

## स्पीड न्यूज

### कैरो से 12 बच्चे जेएनवी में चयनित

**कैरो।** भारत सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा छठवीं में नामांकन को लेकर आंकलन परीक्षा का परिणाम फल बुधवार से आना प्रारंभ हुआ। जिसमे कैरो प्रखंड क्षेत्र के कई छात्रों ने सफलता प्राप्त किया है। सबसे ज्यादा नवोदय कोचिंग सेंटर हनहट के संचालक साधु उरांव के कोचिंग सेंटर से पांच बच्चों अरविंद उरांव, प्रभाकर महली, हिमांशु उरांव, स्वेता कुमारी व मयंक शर्मा शामिल है। वहीं पूरे प्रखंड से कृतिका कुमारी, शुभम उरांव, रजनी कुमारी, रिया उरांव सहित चौदह बच्चों ने इस बार सफलता पायी।

### जेसीबी से हटाये गये दुकान



**गुमला।** गुमला प्रशासन ने शुक्रवार को कार्तिक उरांव कॉलेज के सामने अतिक्रमण अभियान चलाया। इस दौरान सड़क किनारे होटलों व अन्य दुकानों को जेसीबी लगाकर ध्वस्त कर दिया गया। अतिक्रमण अभियान का नेतृत्व सीओ के के मुंडू कर रहे थे। बताया कि अतिक्रमण हटाने से पूर्व सभी को नोटिस जारी किया गया था लेकिन नोटिस के बाद भी लोग अपनी दुकानें नहीं हटायी। मजबूरन प्रशासन को जेसीबी लगाकर दुकानों को हटा गया। इस दौरान थाना प्रभारी मनोज कुमार भी साथ उपस्थित थे।

### फरार वारंटी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**घाघरा।** घाघरा पुलिस ने लाल वारंटी आदर पोखरा टोली निवासी रवि उरांव को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया है। एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल व थानेदार अमित कुमार चौधरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि आदर पोखरा टोली निवासी रवि उरांव जिस पर उग्रवादी हिंसा, हत्या, आर्म्स एक्ट व अपहरण जैसे 10 मामले दर्ज हैं और वह पिछले 15 वर्षों से फरार चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर पता चला कि फिलहाल वह घर पर रह रहा है। जिसके बाद गुरुवार को छापेमारी कर उसे उसके घर से पकड़ा गया।

### पांच घरों को हाथियों ने किया क्षतिग्रस्त



**डुमरी।** डुमरी प्रखंड में गुरुवार की रात लगभग 10 हाथियों ने जमकर उत्पात मचाते हुए पांच घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया और घर में रखे किसानों के अनाज भी खा गये। इस दौरान घर में रहने वाले लोग भागकर अपनी जान बचायी। महुआडीपा गांव में अफरेन टोप्पो व जीवन लकड़ा के घर को ध्वस्त करते हुए हाथी मझगांव पहुंचा और द्रोपती देवी पति जीत राम नायक, अघनी कोरवाईन पति बंधु कोरवा और सुखमणि देवी तीनों लोगों का घर को ध्वस्त कर दिया। बंधु कोरवा ने बताया कि घर में दोनों पति पत्नी रहते हैं। जहां वे लोग खाना पकाते थे उस घर को हाथी ने गिरा दिया। पीड़ित परिवारों ने प्रखंड प्रशासन से मुआवजा की मांग की।

### तेज आंधी से मकान का छप्पर उड़ा



**भंडरा।** प्रखंड के उदरंगी पंचायत अंतर्गत भैंसमुंदो गांव में पावर हाउस के पास मुन्नी उरांव पति जोधन उरांव एवं मंगरी उरांव का घर का एस्बेस्टस तेज आंधी में उड़ गया। एस्बेस्टस उड़ने से दोनों परिवार के समक्ष रहने की समस्या हो गयी। 22 जून को शाम में आये तेज आंधी से कई घरों एवं पेड़ पौधों को नुकसान पहुंचा है। मुन्नी उराव ने बताया कि शाम के समय सभी लोग घर में थे। इसी वक्त तेज आंधी आई और घर का एस्बेस्टस उड़ गया।

### चार लोगों पर बिजली चोरी की प्राथमिकी

**लोहरदगा।** बिजली विभाग के सहायक अभियंता अंजू कच्छप के नेतृत्व में शहरी क्षेत्र में बिजली चोरी रोकने को लेकर छापेमारी अभियान चला। इस दौरान बिजली चोरी करते पकड़े गये चार लोगों पर सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। जिसमें राणा चौक के अजय मोदी पर 36500, अंबेडकर नगर के अवधेश कच्छप पर 18250, रघुनंदन लेन के विवेक शर्मा पर 18250 और अजय राम वर्मा पर 18250 जुर्माना लगा।

### वज्रपात ने बरपाया कहर, एक की मौत

**लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के पारही बसार टोली में गुरुवार देर शाम हुई वज्रपात में एक युवक की मौत हो गयी है। घायल युवक की सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां जांचोपरांत चिकित्सकों ने मौत की पुष्टि की है। बताते चलें कि सेन्हा थाना क्षेत्र के पारही बसार टोली में गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने से युवक वज्रपात की चपेट में आ कर अचेत हो गिर गया। परिजन आनन-फानन में घायल अवस्था में सदर अस्पताल लोहरदगा में भर्ती कराया था।

### प्रबंधन के खिलाफ डीसी से शिकायत



**लोहरदगा।** जिले के सेन्हा में संचालित निष्ठा कौशल केंद्र में प्रशिक्षण ले रही छात्राओं ने केंद्र के प्रबंधन के खिलाफ लोहरदगा उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण से मुलाकात कर अपनी व्यथा सुनाई है और लिखित आवेदन दिया है जिसमें बताया है कि निष्ठा कौशल केंद्र सेन्हा के प्रबंधक मनीष सिंह की मनमानी तानाशाही एवं प्रताड़ना से हम सभी छात्राओं का भविष्य खराब होने की स्थिति में आ गयी है। उनका गलत कार्यों का विरोध कीजिए तो नौकरी से निकाल देंगे और छात्राओं को घर भेज देंगे जिससे हम सभी छात्राएं काफी मानसिक तनाव में जीवन जी रहे हैं। सिलाई का तो वहां प्रशिक्षण दिया जा रहा है वहीं कंप्यूटर की शिक्षा एक दिन भी प्राप्त नहीं हुई है।

### कृषक मित्रों संग बीडीओ ने की बैठक



**कैरो।** प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को बीडीओ पवन कुमार महतो की अध्यक्षता में कृषक मित्रों के साथ बैठक हुई। जिसमें बीडीओ ने सभी कृषक मित्रों को निर्देश दिया कि जिला के निर्देश पर गांव के प्रत्येक परिवार का सर्वेक्षण किया जाना है जिसमें पहले से ऋण प्राप्त कृषकों की सूची, अब तक ऋण नहीं लेने वाले कृषकों को सूची व वैसे कृषक जो अबतक ऋण नहीं लिये हैं किंतु ऋण लेना चाहते हैं वैसे सभी की सूची तैयार करनी है। बैठक में सहायक तकनीकी पदाधिकारी विजय आलोकित रूंडा, कृषक मित्र फुलमनी उरांव, शमीम अंसारी, समियूल अंसारी, कुंवर साहू, एम तिवारी शामिल थे।

### डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनी

**कुडू/लोहरदगा।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में भाजपा ने कुडू के बरहानिया के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मनाया गया। कार्यक्रम में डॉ मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर व वंदे मातरम का गान कर किया गया।

# तस्करी करनेवालों को पकड़ें और कार्रवाई करें: उपायुक्त

- खनन एवं सड़क सुरक्षा को लेकर डीसी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक
- अवैध खनन पर जिला प्रशासन की रहेगी पैनी नजर
- सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु कई बिंदुओं पर हुई चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा एवं खनन टास्क फोर्स समिति की समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में अवैध बालू, पत्थर, बॉक्साइट, लकड़ी आदि की तस्करी को लेकर उपायुक्त ने समीक्षा की। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों से अवैध तस्करी वाले मुख्य स्थानों से संबंधित जानकारी ली। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को औचक निरीक्षण करते हुए अवैध तस्करी करने वाले को पकड़ते हुए नियम संगत तरीके से उसपर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

मुख्य चौक चौराहों पर लगातार चेकिंग करते हुए अवैध तस्करी की रोक थाम हेतु युद्ध स्तर पर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने सख्त रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि अवैध तस्करी के मामले पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। फर्जी नंबर प्लेट लगाकर गाड़ी चालकों पर नजर रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने उक्त संबंधित जांच अभियान को बढ़ाने की बात कही। फर्जी नंबर प्लेट के माध्यम से कई प्रकार के अवैध कार्यों को अंजाम दिया जाता है। जिसे देख परिवहन विभाग की टीम को इस पर कड़ी नजर रखने को कहा। पॉल्यूशन कंट्रोल के संबंध में संबंधित अधिकारी को जिला के हर मुख्य स्थानों में जाकर प्रदूषण जांच करने का निर्देश दिया। किसी भी दुकान, कंपनी आदि द्वारा पॉल्यूशन कंट्रोल के नियम के विपरीत कार्य करने वाले पर बिना किसी सुनवाई के उनके दुकानों, गोडाउन, कंपनी व कारखानों आदि को बंद करने का सख्त निर्देश दिया। सड़क सुरक्षा के संबंध में सड़क दुर्घटनाओं के बढ़ते स्थिति को देखते हुए सड़क सुरक्षा की टीम को ब्लैक स्पॉट वाले क्षेत्रों का आंकलन करते हुए वहां की सुरक्षा व्यवस्थाओं को बढ़ाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने हाईवे पथ पर भी सुरक्षा के दृष्टिकोण से कैट्स आई, रेडियम लाइट, डेलीगेटर आदि का उचित उपयोग करने की बात कही। सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को उचित मुआवजा राशि अविलंब उपलब्ध कराने को कहा। ज्ञात हो कि सड़क दुर्घटना के पीड़ितों की सहायता करने पर पुलिस द्वारा सहायता कर्ता से किसी भी प्रकार की पूछताछ नहीं की जाएगी। साथ ही सहायक करता को सरकार की ओर से सम्मानित एवं पुरस्कार राशि भी दी जा सकती है। बैठक में मुख्य रूप से जिला वन प्रमंडल अधिकारी, एसडीओ सदर, जिला खनन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।



बैठक में निर्देश देते उपायुक्त सुशांत गौरव व उपस्थित पदाधिकारी।

## सदर अस्पताल में दिव्यांग प्रमाण पत्र देने को लेकर शिविर का आयोजन

**गुमला।** जिले में पहली बार थैलेसीमिया सिकल सेल एनीमिया हीमोफीलिया कुष्ठ रोग, फाइलेरिया के मरीजों को चिन्हित कर दिव्यांगता अधिकार अधिनियम 2016 के तहत दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया। प्रथम चरण में 21 जून को विभिन्न प्रखंड से कुल 74 उक्त श्रेणी के दिव्यांग जनों की जांच की गई एवं 54 दिव्यांग जनों को ऑन स्पॉट दिव्यांग प्रमाण पत्र निर्गत किया गया। शेष दिव्यांग जनों को आवश्यक कागजात के साथ पुनः शिविर में बुलाया गया है। शिविर का दूसरा चरण शुक्रवार को सदर अस्पताल गुमला में आयोजित किया गया। जिसमें फुल चिन्हित 96 दिव्यांग जनों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया। जिसमें अब तक 48 दिव्यांग जनों का ऑन स्पॉट दिव्यांग का प्रमाण पत्र निर्गत कर दिया गया एवं शेष की प्रक्रिया जारी है। शिविर में सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर दिव्यांगों का प्रमाण पत्र प्राप्त किया गया।

# हितैषी बताकर किसानों का शोषण कर रहे सीएम : सांसद

- पिछले साल किये गये धान बिक्री का पैसा राज्य सरकार ने नहीं दिया किसानों को
- खेती बारी के समय किसान अपने पैसे को लेकर हैं परेशान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** सांसद सुदर्शन भगत ने कहा है कि किसानों की हितैषी बनने वाली राज्य की हेमन्त सोरेन सरकार को किसानों की कोई चिंता नहीं है। उन्होंने राज्य सरकार पर किसानों का धान खरीद कर उसका राशि भुगतान नहीं करने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि यहां किसानों ने पिछले साल सरकार को धान बेचा है और अब बरसात हो चुकी है लेकिन किसानों के धान के राशि का भुगतान नहीं होना सरकार की असंवेदनशीलता को प्रदर्शित करती है।

## आदिवासियों के हितैषी हेमंत सोरेन को राज्य की जनता की कोई चिंता ही नहीं



बात बात पर अपने को किसान और आदिवासियों की हितैषी बताने वाले हेमन्त सोरेन को राज्य के जनता की कोई चिंता नहीं है। एक ओर जहां केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार किसानों की आय दोगुनी करने की राह पर चल रही है। किसानों को किसान सम्मान निधि के तहत तीन किस्तों में छः हजार रुपये देती है। वहीं पूर्व की रघुवर दास की सरकार किसान सम्मान निधि की राशि देती थी उसे भी हेमन्त सोरेन की सरकार ने बंद करने का काम किया। वहीं राज्य सरकार किसानों को शोषण कर रही है। धान की राशि का भुगतान नही होने से किसान चिंतित है। मानसून आने से पुनः खेती का समय आ गया है और सरकार अपनी वाहवाही लेने में लगी है। उन्होंने राज्य सरकार से किसानों के धान के बकाया राशि भुगतान की अपील की।

# अवैध बालू कारोबार में पांच ट्रैक्टर जब्त, सात आरोपी गिरफ्तार, जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** सदर थाना क्षेत्र मे बालू के अवैध उत्खनन और परिवहन के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देश पर चलाए गए विशेष छापामारी अभियान के तहत गिरफ्तार सात नामजद आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया। छापामारी में अवैध बालू लदा पांच ट्रैक्टर व 1200 सीएफटी अवैध डंप बालू जब्त किया गया था। मामले पर सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव ने बताया कि सदर थाना में दो प्राथमिकी दर्ज किया गया है। सदर थाना कांड संख्या 167/2023 में झारखंड लघु खनिज समानुदान अधिनियम 2004 के तहत आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है इस कांड में सदर थाना क्षेत्र के हरमू गांव निवासी कोनदे उरांव का पुत्र जितवाहन उराव (23), सुखदेव उरांव का पुत्र अभिषेक उरांव (19), रघु टोली निवासी बंदे उरांव का पुत्र सतीश उरांव (24), सुकरु टोप्पो का पुत्र शंकर टोप्पो (22), कन्हाई लोहरा का पुत्र अजय लोहरा (21), झुरिया करमटोली निवासी विरिया उरांव का पुत्र धर्मवीर उरांव (22) एवं तूफान उरांव का पुत्र अरुण उरांव(19) को नामजद आरोपी बनाकर गुरुवार को जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी अनिल उरांव ने बताया कि, शहरी क्षेत्र के चेकनाका के निकट अवैध बालू डंप करने के मामले में भूमि मालिक अजय साहू के विरुद्ध सदर थाना कांड संख्या 168 / 2023 दर्ज किया गया है।



गिरफ्तार आरोपियों का मेडिकल

### पथ चौड़ीकरण को आयोजित ग्रामसभा स्थगित

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत को जोड़ते हुए भंडरा तक पथ चौड़ी कारण कार्य में रैयत का जमीन अधिग्रहण किया जाना है। जिसको लेकर सीओ विजय कुमार के आदेशनुसार सेन्हा पंचायत के जमीन रैयत के साथ ग्राम सभा का आयोजन पंचायत भवन में किया गया था। जहां अधिकारी के समय से नही आने तथा ग्राम प्रधान एवं मुखिया को सूचना नही होने को लेकर आयोजित ग्रामसभा को अगले आदेश तक स्थगित किया गया है। इस संदर्भ में अंचल निरीक्षक चंद्रप्रकाश मेहता ने जानकारी देते हुए कहा कि विभागीय आदेशनुसार ग्राम सभा की जानकारी जमीन रैयत को दिया गया था। लेकिन ग्रामीणों के अनुसार कॉलम पूरा नही होने के कारण स्थगित किया गया है। साथ ही बताया गया कि पथ चौड़ी कारण में जिन रैयत का जमीन अधिग्रहण किया जाना है। वैसे लोगो का ग्रामसभा में उपस्थिति अनिवार्य है।

### वज्रपात से बाइक सवार की मौत, एक घायल

**सिसई।** सिसई थाना क्षेत्र के छारदा रोड में गुरूवार शाम भारी वर्षा के साथ हुए व्रजपात की चपेट में आने से नगर बरटोली निवासी शिव कुमार लोहरा (25) की मौत हो गयी। जबकि उसी गांव के विष्णु लोहरा (30) घायल हो गया। मृतक शिव कुमार और बिष्णु लोहरा अपने बहन के घर भंडरा थाना क्षेत्र के इंटा गांव मेला देखने गया था। मोटरसाइकिल से दोनों घर वापस लौट रहे थे कि अचानक बारिश के साथ व्रजपात हो गया। जिसमें दोनों मोटरसाइकिल सवार घायल हो गये। दोनों को सिसई रेफर अस्पताल लाया गया। जहां शिव कुमार को चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। वहीं बिष्णु लोहरा को हल्की चोट लगी। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया। वहीं मृतक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया।

### डायन बिसाही प्रथा को हर हाल में है हटाना : किरण



**सेन्हा।** प्रखंड के एकागुड़ी, टंगरा टोली में महिला जागरूकता अभियान के माध्यम से जागरूक किया गया। कार्यक्रम में लोहरदगा महिला थाना प्रभारी किरण पंडित ने बताया कि महिला उत्पीड़न ,डायन बिसाही के कारण हर दिन हजारों लोगों की जान जा रही डायन बिसाही एक अंधविश्वासी है इसे हर हाल में रोकना चाहिए। हर किसी को अपने आसपास हो रहे दहेज उत्पीड़न को भी रोकना चाहिए और गलत पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है और महिला सशक्तिकरण पर जोर डाला और कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन युवा जिला अध्यक्ष, आदित्य कुमार साहू ने कहा की महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुष से कंधा से कंधा मिलाकर अंतरिक्ष तक पहुंच चुकी है अगर महिलाएं चाहे तो हर मुश्किल काम को आसान बना सकती है।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ 27 को कैरो प्रखंड कार्यालय परिसर में आजसू करेगा प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कैरो।** प्रखंड परिसर में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू पार्टी ने 27 जून को दिन के 12 बजे से धरना-प्रदर्शन करेगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झारखंड आंदोलनकारी पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी सह लोहरदगा विधानसभा प्रभारी निरू शांति भगत एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय सचिव सह लातेहार जिला प्रभारी लाल गुडडू नाथ शाहदेव केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल एवं जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश भारती उपस्थित रहेंगे। जिला के अन्य पदाधिकारियों को सम्मानित अतिथि के रूप में कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। भ्रष्टाचार के खिलाफ आयोजित धरना प्रदर्शन में कैरो प्रखंड के सभी पंचायतों से भारी संख्या में आजसू कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि वर्तमान समय में झारखंड के सभी विभागों में भ्रष्टाचार व्याप्त है। अधिकारी एवं कर्मचारी मस्त हैं और जनता त्रस्त है।

## बरसात आते ही सताने लगा है डेंगू और चिकनगिनुया का डर

- गमिशन बदलाव के साथ बैठक में मुहल्लेवासियों ने रखी अपनी बात

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** मिशन बदलाव जिला सचिव सैयदा खातून और नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा ने आजाद बस्ती,रजा कॉलनी और हुसैन नगर का दौरा कर मुहल्लेवासियों के साथ बैठक की। मुहल्लेवासियों ने बताया कि पूरे मुहल्लों में नाली सड़क एवं आवागमन की सुचारु व्यस्था नहीं है और पानी रोड के आस पास हमेशा पड़ा रहता है और एक बार नालियों के पानी में बच्चा गिर कर मृत्यु भी हो चुका है। पानी के यहां वहां जमा होने से चिकुनगुनिया और डेंगू का भी डर है। मुहल्लेवालों का जीवन काफी कठिनाइयों से व्यतीत हो रहा है। सैयदा खातून एवं ज्योति कुमारी के द्वारा नगर वासियों से अपील करते हुए कहा की पानी का अधिक संग्रह करने से मच्छरों का अधिक प्रजनन होता है। मच्छरों के प्रजनन को नियंत्रित करने के लिए सभी जरूरी काम करें।



## दादा-दादी और नाना-नानी परंपराओं के प्रेरणास्रोत हैं

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर प्लस टू विद्यालय लोहरदगा में दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत समिति सदस्यों और भैया बहनों के दादा-दादी,नाना-नानी के द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। सर्वप्रथम अर्थशास्त्र की आचार्या नीतू कुमारी के द्वारा अतिथि परिचय कराया गया। मौके पर अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा कि मातृ - पितृ देवो भव से एक पीढ़ी ऊपर हैं दादा-दादी, नाना- नानी। इनसे इनकी छांव में हम सभी संस्कार युक्त एवं स्वास्थ्य युक्त रहते हैं। दादा-दादी, नाना-नानी हमारे लिए हमारी परंपराओं के प्रेरणा स्त्रोत है। शिक्षाविद सदस्य कृष्णा प्रसाद ने भी संबोधित किया।

### वज्रपात से झुलसे पांच लोग जख्मी

**गुमला।** पालकोट थाना क्षेत्र के टेंगरिया चैनपुर गांव में गुरूवार की रात बारिश के साथ हुए वज्रपात की चपेट में आने से पांच लोग झुलस कर जख्मी हो गये। घायलों में 20 वर्षीय सीमा कुमारी, 17 वर्षीय ललिता कुमारी, 19 वर्षीय महेश गोसाई, 14 वर्षीय पृथ्वी गोप व तीन वर्षीय अनुष्का कुमारी के नाम शामिल है। मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार रात सभी जख्मी अपने घरों में थे। सबका घर एक दूसरे के अगल बगल में है। अचानक तेज बारिश के साथ वज्रपात हुआ। जिसे आस-पास के घरों पर उसका असर हुआ।

## दो किलो गांजा के साथ एक युवक गिरफ्तार, गया जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**घाघरा।** घाघरा पुलिस ने दो किलो गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया है। इस संबंध में एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल व थानेदार अमित कुमार चौधरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए बताया कि बीते गुरुवार को लगभग 2 बजे गुप्त सूचना मिली की कसपोड़या मोड़ के पास एक युवक खड़ा है जो अपने कंधे पर एक पिट्ठू बैग टांगा हुआ है और उसके पिट्ठू में गांजा होने की संभावना है। जिसके बाद थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी, एसआई अभिषेक कुमार व टेकलाल महतो के अलावे कई पुलिस के जवान उक्त स्थल पर पहुंचे। पुलिस के पहुंचते ही युवक भागने लगा। जिसे दौड़ा कर पकड़ा गया। जिसके बाद उसके बैग में देखा गया तो दो पॉलिथीन में गांजा मिला।

# प्रचंड बहुमत से केंद्र में बनायेंगे कांग्रेस की सरकार : चैतु उरांव

- डुमरी प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न, लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटने का कार्यकर्ताओं से किया गया आह्वान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**डुमरी।** डुमरी प्रखण्ड कांग्रेस कमेटी की बैठक शुक्रवार को प्रखण्ड के रविंद्र नगर स्थित सरहुल बगीचा में प्रखंड अध्यक्ष राजेश्वर एक्का की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला कमेटी के पदाधिकारी शामिल हुए। संबोधित करते हुए अध्यक्ष चैतु उरांव ने कहा कि आप सभी कांग्रेस के सच्चे सिपाही हैं। कर्नाटक की तरह कांग्रेस को मिली प्रचंड जीत से प्रेरणा लें। हम सभी को और अधिक मेहनत से काम करने की जरूरी है और संगठन को मजबूत करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव को हम सभी को चुनौती के रूप में स्वीकार करना होगा। इस बार कड़ा मुकाबला होगा। कांग्रेस को अधिक से अधिक सीटें जीतने का लक्ष्य हासिल करना होगा। हमें एक बार फिर झारखंड में कांग्रेस का परचम लहराना है। केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत की सरकार बनानी है। यही हम सभी का एक लक्ष्य और संकल्प है।



बैठक के बाद एकजुट कांग्रेसी।

- जिला सचिव हंदु भगत ने कहा कि इस क्षेत्र हिंदू, मुस्लिम, इसाई, सरना सब मिलकर अच्छी तरह से रहत हैं। लेकिन भाजपा के नेता खुले मंच से अपने भाषणों से देश में नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं। इसके बावजूद भी पीएम मोदी चुप बैठे हैं। वे ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। राहुल गांधी ने क्या सवाल पूछे मोदीजी ने उनकी सदस्यता रद्द कर दी। आज हमें समझने की जरूरत है और एक होकर भाजपा की सरकार को केंद्र से उखाड़ फेंकने की जरूरत है। बैठक का संचालन प्रखंड सचिव प्रदीप मिंज ने की। मौके पर चैनपुर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष निरंजन बाड़ा, मंडल अध्यक्ष बेलसाजर मिंज, डेविड मिंज, सुधीर कुजुर, बिमल एक्का, कुंदन सिंह, भुनेश्वर तुरी आदि उपस्थित थे।

# रणजी खिलाड़ी आशीष को सांसद सुदर्शन भगत ने किया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला भाजपा के तत्वाधान में चलाये जा रहे महा जनसंपर्क अभियान के तहत लोहरदगा जिले के विशिष्ट व्यक्तित्व को सम्मानित करने का कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को लोहरदगा के सांसद सुदर्शन भगत ने झारखंड से रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट खेलने वाले आशीष कुमार को सम्मानित किया। रणजी ट्रॉफी क्रिकेट खिलाड़ी आशीष कुमार को सम्मानित करते हुए सुदर्शन भगत ने कहा भाजपा देश का और क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले लोगों का मान सम्मान हमेशा से करते चली आ रही है, कई क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य करने के बाद उन्हें सम्मानित करने से उनका ही नहीं पूरे क्षेत्र का नाम रोशन होता है।



**खास बातें :** भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा खिलाड़ी, किसान, जवान, शिक्षाविदों, वैज्ञानिकों आदि कई क्षेत्रों में नाम रोशन करने वाले व्यक्तित्व का सम्मान किया जा रहा है उस कड़ी में आज हम भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा लोहरदगा जिला के खिलाड़ी आशीष कुमार को सम्मानित करने का शुभ अवसर मिला है। आशीष कुमार के सम्मान से नौजवानों एवं खिलाड़ियों में उत्साह का संचार होगा आने वाले दिनों में हमें विश्वास है लोहरदगा जिला से ऐसे कई खिलाड़ियों का उद्भव होगा जो लोहरदगा जिला का नाम हि नहीं क्षेत्र एवं देश का नाम रोशन करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा- अपने-अपने क्षेत्रों में विशिष्ट पहचान बनाने वाले व्यक्तित्व को भारतीय जनता पार्टी ने जो सम्मान दिया है उससे लोगों के अंदर एक उत्साह है रणजी क्रिकेट खिलाड़ी आशीष कुमार ने क्रिकेट में अपनी पहचान बनायी है इससे लोहरदगा का भी नाम रोशन हुआ है। भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने रणजी ट्रॉफी क्रिकेट खिलाड़ी आशीष कुमार को 9090 90 20 24 में मिस्ड कॉल करा कर महा जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की। कार्यक्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष अमरेश भारती वरिष्ठ नेतृत्वकर्ता ओमप्रकाश सिंह, चंद्रशेखर प्रसाद, अशोक खत्री, संगीता देवी, राजकुमार वर्मा, अनिल उरांव आदि थे।

स्पीड न्यूज

## ट्रांसफार्मर के पोल में सटने से दुधारू गाय की मौत

**गढ़वा।** सदर प्रखंड के गांगी गांव में ट्रांसफार्मर के पोल में सटने से गाय को मौत हो गयी। पशुपालक विधवा महिला प्रेमा कुंवर है। जिसका जीवन यापन की जरिया मात्र यही गाय थी। गाय की मौत से महिला सहित ग्रामीण काफी मायूस है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली विभाग के लापरवाही का नतीजा है। आये दिन कभी भी बड़ी दुर्धटना घट सकती है। ग्रामीणों ने सरकार और बिजली विभाग के पदाधिकारियों से प्रेमा को मुआवजा देने की मांग की है।साथ ही ट्रांसफार्मर के पोल में जो करंट आता है उसे अविलम्ब ठीक करने की मांग की है। मुआवजा की मांग करने वालों में प्रेमा कुंवर के अलावे राजेन्द्र पांडेय, कुश कुमार पांडेय आदि का नाम शामिल है।

## प्रखंड समन्वय समिति का गठन

**मझिआंव।** प्रखंड प्रमुख कार्यालय में प्रखंड जिला परिषद सदस्य धर्मेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक कर प्रखंड, अंचल एवं नगर पंचायत में भ्रष्टाचार, कालाबाजारी एवं जनता पर हो रहे अत्याचार को लेकर प्रखंड समन्वय समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से जिला परिषद सदस्य धर्मेंद्र कुमार सिंह को अध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि संजय कमलापुरी को उपाध्यक्ष, प्रेम शंकर पाठक को सचिव जबकि संजन कुमार सिंह, कुलेश्वर राम को संरक्षक के रूप में चयन किया गया है। मौके पर धर्मेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा मनमाने तरीके से चार माह पहले बनी सड़क को तोड़कर सरकारी राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। प्रखंड में पेंशन, राशन तथा दाखिल खारिज में आम जनता से मोटी रकम की वसूली की जा रही है जिससे आम जनों में रोष व्याप्त है। यदि इस तरह से मनमानी की जाएगी तो हम सभी के द्वारा आंदोलन भी किया जाएगा।

## करकटा निवासी मजदूर की महाराष्ट्र में मौत

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के मोरबे पंचायत के करकटा गांव निवासी स्व. अवधेश राम के 22 वर्षीय पुत्र सुजीत कुमार की इलाज करा कर घर लौटने के दौरान 22 जुन को रास्ते में ही मौत हो गई। जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि सुजीत कुमार महाराष्ट्र के अहमदनगर में पोल क्रेन चलाता था। इसी क्रम में वह 19 जून की रात्रि में बाउंड्री में ही नीचे सोया हुआ था, उसी क्रम में हाईवा बैक करने के क्रम में वह उसके चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे नजदीक के अस्पताल में उसका प्राथमिक उपचार कराया गया। इसके बाद घर आने के क्रम में रास्ते में ही नागपुर में उसकी मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। शव घर करकटा गांव पहुंते ही कोहराम मच गया। बताते चलें कि 3 माह पूर्व 11 मार्च को पलामू जिला के उंटारी रोड के सिड़हा गांव के समीप ट्रैक्टर पलटने से उसके पिता अवधेश राम की मृत्यु हो गई थी। दुखद घटना को सुनते ही पंचायत मुखिया प्रतिनिधि राजू सिंह, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि भुषण मृतक के घर पहुंचे। वहीं स्थानीय श्मशान घाट पर उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## मलेरिया के रोकथाम पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के तत्वावधान में मलेरिया रोधी माह के तहत शुक्रवार को राजकीय उच्च विद्यालय झगराखांड में शुक्रवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें स्कूली छात्रों के बीच मलेरिया के रोक थाम पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें विजेता प्रतिभागी के बीच उपहार वितरण किया गया। इस दौरान जिला मलेरिया सलाहकार अरविंद कुमार द्विवेदी ने छात्रों के बीच मलेरिया बीमारी से बचाव पर विस्तृत जानकारी दी। शिवानी कुमारी को प्रथम, निशा कुमारी को द्वितीय व उत्तम कुमार को तृतीय पुरस्कार दिया गया। मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के लेखा प्रबंधक, डॉ अभिनीत विश्वास, गुप्तेश्वर प्रसाद, विद्यानन्द प्रजापति, अमित कुमार सिंह, राम अवतार पाल, विजय कुमार रवि, घनश्याम आदि लोग उपस्थित थे।

### विधायक ने किया 58 करोड़ रुपए से बने राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज का उद्घाटन

# पहले शिक्षा के क्षेत्र में जयनगर, अब इंजीनियरिंग के क्षेत्र में भी : विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत गोहाल में राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज का आचार्य बसंत शास्त्री जी महाराज एवं विष्णु कांत शास्त्री ने विधिवत पूजा अर्चना किया। तत्पश्चात विधायक अमित कुमार यादव ने फीता काटकर व नारियल फोड़कर उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परसाबाद मंडल भाजपा अध्यक्ष शशि भूषण चौधरी एवं संचालन पूर्व भाजपा अध्यक्ष विजय राणा ने किया। वहीं विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि इस कॉलेज के उद्घाटन हो जाने से क्षेत्र के लोग इंजीनियर बन सकेंगे, पहले लोगों को सपना होता था कि हमारे घर के बच्चे इंजीनियर बने परंतु पैसे के अभाव में उनका सपना




अधूरा रह जाता था। इस कॉलेज के उद्घाटन हो जाने से बहुत कम लागत में लोग इंजीनियर बनने का सपना पूरा कर पाएंगे। वहीं पूर्व विधायक को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि कई लोग विकास के नाम पर ढिंढोरा पीटने का काम कर रहे हैं। यह राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज गोहाल के ग्रामीणों की त्याग तपस्या से बना है, जो अपनी जमीन देकर पॉलिटेक्निक कॉलेज बनकर तैयार है। लगभग 58 करोड रुपए से यह राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज का निर्माण हुआ है। मैं क्षेत्र में कई योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम किया हूं एवं आने वाले दिनों में भी विकास की योजनाएं संचालित होती रहेंगी। कार्यक्रम को केदारनाथ यादव, गणपत यादव, रामजी यादव, कविता कुमारी, बिंदेश्वरी प्रसाद बिहारी, वीरेंद्र कुमार, पंसस प्रतिनिधि मनोज दास, जयप्रकाश नारायण सिंह सहित कई लोगों ने संबोधित किया। मौके पर समाजसेवी विरेंद्र यादव, मुखिया आशा देवी, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि राजेश पासवान, सेनिशिक्षक सुरेंद्र प्रसाद मोदी,राम सहाय यादव, सीता देवी, सरयु यादव, विकास यादव सहित सैकडों लोग मौजूद थे।

## कोडरमा जिले में भी दिखा चांद, 29 जून को मनाई जाएगी बकरीद

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड समेत पूरे जिले में 29 जुन को बकरीद मनाई जाएगी। इसे लेकर जिले के चंदवारा, कोडरमा, झुमरीतिलैया, जयनगर, डोमचांच, सतगावां, मरकच्चो के सभी मुस्लिम बहुल इलाकों में तैयारी शुरू कर दी गई है। बाजारों में खस्सी की खरीदारी भी जमकर शुरु हो गई है। मुस्लिम जानकारों के अनुसार इस्लाम मजहब में ईद-उल-अजहा का संबंध कुर्बानी से है। इस कुर्बानी के जरिए बंदा अल्लाह की रजा हासिल करता है। बेशक अल्लाह को कुर्बानी का गोश्त नहीं पहुंचता है, बल्कि वह तो केवल कुर्बानी के पीछे बंदों की नीयत को देखता है। अल्लाह को पसंद है कि बंदा उसकी राह में अपना हलाल तरीके से कमाया हुआ धन खर्च करे। जिल्हिज्जा की 10, 11 व 12 तारीखों में कुर्बानी का सिलसिला चलता है। उन्होंने कहा कि ईद-उल-अजहा पर कुर्बानी देना वाजिब है। अगर साहिबे निसाब होते हुए भी किसी शख्स ने कुर्बानी नहीं दी तो वह गुनाहगार होगा।

एक नजर में

## वज्रपात से छात्र की मौत, परिजनों का रो रोकर बुरा हाल

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिमरिया।** प्रखंड के पूर्वी क्षेत्र के इचाक पंचायत के नावाटांड़ गांव में मूसलाधार बारिश के साथ हुई वज्रपात में एक छात्र की मौत हो गई। मृतक छात्र गांव के कौलेश्वर प्रसाद कुशवाहा के इकलौते पुत्र अंकित कुमार 17 वर्षीय है। अंकित संत थोमस स्कूल शिला के नवम कक्षा का छात्र था। जानकारी के अनुसार अंकित अपने घर के बरामदे में बैठा हुआ था। इस दौरान अचानक बारिश के साथ हुई वज्रपात में अंकित की मौत हो गई। इधर इकलौता पुत्र की मौत से माता पिता का रो रोकर बुरा हाल हो रहा है। जबकि गांव में मातम का माहौल है। इधर घटना की सूचना पाकर मुखिया कविता देवी और उनके पति सुरेश कुमार मृतक छात्र के घर पहुंचे और बिलखते परिजनों को ढाढस बंधाया। साथ ही शोक संवेदना प्रकट की। मुखिया ने प्रखंड व जिला प्रशासन से मृतक छात्र के परिजन को मुआवजा देने की मांग की है।

## वाटर ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण में अनियमितता की शिकायत

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिमरिया (चतरा)।** प्रखंड के जिरुआ खुद पंचायत के ग्रामीणों ने गांव में बन रहे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में अनियमितता की शिकायत की है। इस बाबत उन्होंने उपायुक्त को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने आवेदन की प्रतिलिपि, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता और पंचायत के मुखिया को भी दी है। ग्रामीणों का कहना है कि वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण में घोर अनियमितता बरती जा रही है। निर्माण कार्य इतना कमजोर हो रहा है कि कभी भी कोई दुर्घटना घट सकती है। जहां कलम की आवश्यकता है वहां इंट लगाई जा रही है। निर्माण के साथ ही दीवारें और फर्श मैं दरारे दिखाई दे रही है। उन्होंने उपायुक्त से जांच पड़ताल कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। आवेदन उप मुखिया वार्ड सदस्य, जल सहिया आदि के भी हस्ताक्षर मौजूद हैं।

## जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक, उपायुक्त ने दिए कई निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक के दौरान अवैध रूप से क्रेशर संचालन, पत्थर खनन, बालू उठाव व परिवहन के रोकथाम को लेकर पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की बिंदुवार समीक्षा किया गया। साथ इस मामले में अब तक किये गए कार्रवाई की जानकारी लेते हुए उपायुक्त श्री रंजन ने जिला खनन पदाधिकारी को पत्थर ध्बालू अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ नियमित रूप से अभियान चलाने और खनिज पदार्थों के अवैध रूप से खनन परिवहन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## ब्राउन शुगर के साथ चार युवक गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** सदर पुलिस ने बिंड मोहल्ला से 0.55 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ चार युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में सदर थाना क्षेत्र के बिंड मोहल्ला निवासी मोहम्मद शमशाद, महोम्मद राजा, गुदरी बाजार निवासी महोम्मद फिरदौस और अंसार नगर निवासी मोहम्मद शहजाद शामिल हो हैं। एसडीपीओ अविनाश कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी कि पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को गुप्त सूचना मिली थी के सदर थाना क्षेत्र के बिंड मोहल्ला में शमशाद अंसारी के घर तीन युवक ब्राउन शुगर पीने पिलाने का कार्य कर रहे हैं। सूचना



को सत्यापित करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया छापेमारी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बिंड मोहल्ला शमशाद अंसारी के घर छापेमारी की जहां शमशाद अंसारी समेत तीन युवक को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवकों के पास से कुल 0.55 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर जप्त किया गया। छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी मनोहर करमाली, पुलिस अवर निरीक्षक विकास पासवान, पुलिस अवर निरीक्षक निर्मल कुमार सिंह एवं थाना के शस्त्र बल शामिल थे।

## डीसी ने बागेश्वरी मंदिर में सुंदरीकरण व निर्माण कार्य का लिया जायजा



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के बलबल पहुंचे। उन्होंने मां बागेश्वरी मंदिर बलबल में चल रहे सुंदरीकरण व निर्माण कार्य का जायजा लिया। मौके पर उपायुक्त ने निर्माण कार्य करा रहे संवेदक को कहा तय समय सीमा के अंदर और जल्द से जल्द सुंदरीकरण व निर्माण कार्य को पूर्ण कराएं। साथ ही उन्होंने कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह, अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक, थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव, प्रमुख पति उमेश गोप,समाज सेवी शशि कुमार गुप्ता, ग्रामीण समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# डॉ श्यामा प्रसाद की पुण्यतिथि मनी



कार्यक्रम में भाजपाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल ईकाई भवनाथपुर ने शुक्रवार को टाउनशिप स्थित विधायक आवास में भाजपा नेताओं ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही सहित सभी कार्यकर्ता डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके आदर्शों को आत्मसात करने की प्रेरणा ली। मौके पर विधायक श्री शाही ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कांग्रेस की तुष्टीकरण की नीति और देश की एकता-अखंडता व सुरक्षा के साथ उनकी खिलवाड़ करने की प्रवृत्ति के खिलाफ आवाज दी थी। उन्होंने स्पष्ट कहा था कि एक देश में दो प्रधान, दो विधान और दो निशान नहीं चलेंगे, और इसके लिए उन्होंने स्वयं को बलिदान किया।

मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सोना किशोर यादव, जिला कार्यसमिति सदस्य मनोज पहाड़िया, संजय यादव, अनिल चौबे, निरंजन पाठक, रंजीत प्रसाद, धनन्जय साह, उदय सिंह, भिखारी सिंह, राकेश रवि, मनोज यादव, काले सिंह, कामेश्वर साह सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## भाजपाइयों ने मनाया बलिदान दिवस



कार्यक्रम में भाजपाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा जिला कार्यालय में जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई। भाजपाइयों ने डॉ. मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र दूबे ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व्यक्ति नहीं विचार थे। उनके मार्ग पर चलकर ही संगठन के नीति सिद्धांत को समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक लोकतांत्रिक पार्टी है। जहां एक छोटा कार्यकर्ता भी अच्छा स्थान प्राप्त कर सकता है। भाजपा को कार्यकर्ता आधारित पार्टी बनाने में श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे लोगो की अहम भूमिका रही है। मौके पर मुख्य रूप से विनोद तिवारी, बृजेन्द्र पाठक, सुप्रीत केशरी, मीरा यादव, सुरेन्द्र विश्वकर्मा, रितेश चौबे, अविनाश पासवान, विकास तिवारी, पार्वती सिंह, अध्यक्ष उमेश कश्यप, यशवंत मिश्रा, विकास तिवारी, रामसकल कोरवा, राजीव रंजन पासवान, विश्वनाथ राम, टुनु बाबा सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## कोल वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत, दूसरा रेफर

**सिमरिया।** सिमरिया बगरा पथ स्थित दुंदुआ गांव के पास गुरुवार रात कोल वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक युवक बैजनाथ यादव पिता टुडू यादव 25 वर्षीय बालूमाथ थाना क्षेत्र के बरवाडीह गांव के योगियारा टोला का रहने वाला था। वही घायल युवक इसी थाना क्षेत्र के परोरिया गांव निवासी उपेंद्र यादव पिता नागेश्वर यादव है। वही गंभीर रूप से घायल युवक को घटनास्थल से एंबुलेंस 108 के माध्यम से रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद सिमरिया पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में कर अंत्यपरीक्षण के बाद परिजनों को सौंप दिया। जानकारी अनुसार दोनो युवक बानासाड़ी गांव में अपने रिश्तेदार के घर विवाह का कार्ड बांटकर अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान कोल वाहन ने अपने चपेट में ले लिया।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई गई



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा मंडल के सेरनदाग में भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं ने उन्हें याद कर श्रद्धांजलि दी। उनकी पुण्यतिथि को बलिदान दिवस में कि रूप में मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा ललित साहू शक्ति केंद्र संयोजक मुंशी साहू बलराम साहू सेवानिवृत्त शिक्षक बालेश्वर प्रसाद साहू भाजपा नेता भागवत प्रसाद गुप्ता सुरेश प्रसाद साहू दिनेश कुमार हेमराज साहू दशरथ प्रसाद साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एसएसबी जवान का सड़क दुर्घटना में हुई मौत



खबर मन्त्र संवाददाता

**कान्हाचट्टी।** राजपुर थाना क्षेत्र के चिरीदिरी पंचायत के अंतर्गत सिमराडीह गांव निवासी सेवानिवृत शिक्षक राजदेव सिंह के 35 वर्षीय पुत्र एसएसबी जवान कुमार राणा प्रताप की मौत गुरुवार को गिरिडीह के देवड़ी थाना के समीप सड़क दुर्घटना में हो गई। सूचना के अनुसार उनकी पोस्टिंग बिहार के जमुई जिले में थी। वे गुरुवार को 3 बजे अपने कैम्प से गिरिडीह के लिए निकले थे। इसी बीच देवड़ी थाना के समीप किसी अज्ञात वाहन ने मृतक राणा का मोटर साईकल को अपनी चपेट में ले लिया, सड़क हादसा इतना दर्दनाक था कि मौके पर ही एसएसबी जवान कुमार राणा प्रताप की मौत हो गई। मृतक की पहचान के लिए उनके पैकेट से मिली आधार कार्ड के पश्चात स्थानीय पुलिस ने मृतक के परिवार वालों को सड़क हादसे की जानकारी दिया।

उनकी मौत की सूचना मिलते ही कान्हाचट्टी प्रखंड में शोक की लहर दौड़ गई है। राणा प्रताप की मौत की सूचना मिलते ही उनके घर पर लोगों की हुजूम उमड़ पड़ी। राणा प्रताप का सरल, शांत स्वभाव , व मृदुभासी व्यवहार था। वे जब भी गांव आते थे नरम लहजे में मीठी मुस्कान के साथ लोगों से बातें करतें थे। इस दुनिया से उनका अचानक चला जाना समाज व प्रखण्ड क्षेत्र के लिए अपूर्णीय क्षति है। वही परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है।

# डीडीसी ने विकास योजनाओं का किया निरीक्षण



निरीक्षण करते डीडीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**केतार।** उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय ने शुक्रवार को केतार प्रखंड के विभिन्न गांव में पहुंचकर विकास योजनाओं का औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने परती गांव में पहुंचकर योजनाओं का निरीक्षण किया। डीडीसी परती पंचायत सचिवालय पहुंचे जहां अव्यवस्था देखकर दंग रह गए। डीडीसी के पंचायत सचिवालय पहुंचते ही मुखिया मुन्नी देवी ने शिकायतों की झड़ी लगा दी। मुन्नी देवी ने कहा कि मुझे आदिवासी महिला समझकर पंचायत सचिवालय का चाभी नहीं दिया जाता है। इसके कारण मैं पंचायत भवन में नहीं आती हूं। मुखिया ने आरोप लगाया कि पंचायत सेवक एवं रोजगार सेवक के द्वारा पंचायत सचिवालय का चाभी रखा जाता है। डीडीसी ने जिले से टीम भेजकर पंचायत की सभी योजनाओं की जांच कराने की बात कही। डीडीसी ने कहा कि सभी योजनाएं जो चल रही है वह धरातल पर किस स्थिति में है इसका लाभ आम लोगों को मिल रहा है कि नहीं इसकी जानकारी लेने के लिए क्षेत्र भ्रमण किया। कई स्कीमों को भी देखा जिसमें विरसा हरित योजनाओं को आम लोगों तक इसका लाभ लेने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि यहां ऐसे क्षेत्र हैं, जो बंजर भूमि है। उन जमीनों में अगर फलदार वृक्ष लगाया जाए या इमारती लकड़ी के पौधे लगाई जाए और लोगों का इसका लाभ भी मिलेगा। जो लोग बिल्कुल गरीब है जिनके पास रहने के लिए घर नहीं है जो लोग अपना घर बनाने में असमर्थ हैं उनके लिए अम्बेडकर आवास योजना भी उपलब्ध है।

## चिकित्सा प्रभारी के निधन पर शोकसभा का किया गया आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टंडवा के चिकित्सा प्रभारी डॉ. कृष्ण कुमार का पिछले दिनों हुए आकस्मिक निधन पर आज स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित सभी डॉक्टरों एवं कर्मियों ने शोक श्रद्धांजली एवं दो मिनट का मौन धारण व मृतात्मा के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किया गया। इस मौके पर डॉ. सुदीप कुमार, डॉ. जयनारायण कुमार, डॉ. गीतांजली कुमारी, सान्याल विद्यार्थी, अभिषेक कुमार, जानकी महतो, आनंद कुमार, रणधीर कुमार,सुरेंद्र कुमार, रुबीना कुमारी, श्वेता सपना, करुणा पूर्ति, अशोक कुमार, कुलदीप कुमार समेत अन्य मौजूद थे। वहीं लोगों ने ईश्वर से मृतात्मा की शांति हेतु प्रार्थना किए।

# सीएमएम पथ पर दो हाईटेंशन टावर को चोरों ने जड़ से किया गायब, प्रशासन मौन

## खबर मंत्र ने 1 सप्ताह पूर्व ही उठाया था प्रमुखता से मामला, नही खुली कंपनी व प्रशासन की नींद

**दुस्साहस**

- लगभग 1 सप्ताह पूर्व चोरों द्वारा काटा कर गिराया गया था ट्रांसमिशन लाइन का 2 हाई टेंशन टावर
- धीरे-धीरे करके चोरी कर लिया गया लगभग 60 से 70 टन टावर का लोहा व पैंथर वायर



एक सप्ताह के अंदर जड़ सहित गायब हुआ टावर।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार/चंदवा।** चंदवा प्रखंड में इन दिनों स्क्रैप माफिया और चोरों का मनोबल किस कदर हावी है यह दो तस्वीरें बयां कर रही है। उक्त दोनों तस्वीर चंदवा-माल्हन-मैकलुस्कीगंज पथ पर चंदवा थाना से महज 4 किमी की दूरी पर स्थित दुबी के पास 1 सप्ताह के अंतराल में ली गई है। जहां चोरों के द्वारा लगभग 1 सप्ताह पूर्व रात्रि में ट्रांसमिशन लाइन दो हाईटेंशन टावर को काटकर गिरा दिया गया था। धीरे-धीरे करके 1 सप्ताह के अंदर लगभग 60 से 70 टन हाईटेंशन टावर के कलपुर्जे-लोहा व कीमती पैंथर वायर को चोर चोरी करके बेखौफ तरीके से रफूचक्कर हो गए, जबकि पूरे मामले से अवगत होने के बावजूद पुलिस प्रशासन व कंपनी प्रबंधन मूकदर्शक बन मौन रही व चोरों को सरकार की संपत्ति को लुटने का खुला छूट मिला, जिसका पूरा फायदा उठाते हुए चोर पूरा का पूरा दो-दो हाई टेंशन टावर को जड़ से ही साफ कर दिया, वर्तमान समय में स्थिति यह है कि जिस जगह टावर गिराया गया था वहां पर टावर का नामोनिशान देखने को नहीं मिलेगा।

### खबर मंत्र ने प्रमुखता से उठाया था हाईटेंशन चोरी का मामला

### चोरों ने ट्रांसमिशन लाइन के 2 हाई टेंशन टावर को काटकर किया धराशायी




बता दें कि विगत शनिवार को हिंदी दैनिक खबर मंत्र ने चोरों द्वारा ट्रांसमिशन लाइन के दो हाईटेंशन टावर को काटकर गिराए जाने व बेखौफ होकर चोरी किए जाने के मामले को प्राथमिकता से उठाया था व प्रशासन को पूरे मामले से अवगत भी कराया था। प्रशासन के द्वारा कहा गया था कि उनके पास गिराए गए टावर को रखने का जगह नहीं है, उन्होंने संबंधित कंपनी को इसकी जानकारी दे दी है। टावर का चोरी रूक गया लेकिन मामला ठंडा पड़ते ही महज दो दिनो के बाद टावर को जड़ सहित गायब कर दिया गया। जब जमीनी हकीकत की जांच की गई तो जिस जगह पर टावर को गिराया गया था वहां पर टावर का कोई नामोनिशान नहीं बचा था। ऐसे में सवाल उठना लाजमी हो गया है कि क्या प्रशासन व कंपनी प्रबंधन के द्वारा चोरों को सरकारी संपत्ति लूटने की खुली छूट तो नहीं दे दी गयी है? इधर मामले को लेकर चंदवा थाना प्रभारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया परंतु उनसे संपर्क स्थापित नहीं हो पाया।

## छात्र सौरभ का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन, हर्ष



छात्र को सम्मानित करते विद्यालय परिवार के लोग।

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड के सासंग पंचायत स्थित मध्य विद्यालय सासंग के छात्र सौरभ कुमार रवि पिता सुरेंद्र राम का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय लातेहार में हुआ है। सौरभ कुमार रवि के नवोदय विद्यालय में चयन होने के बाद विद्यालय परिवार एवं परिजनों में हर्ष देखा जा रहा है। शुक्रवार को विद्यालय परिवार ने सौरभ कुमार रवि को सम्मानित किया व उज्जवल भविष्य कामना की। शिक्षकों ने बताया कि सौरभ कुमार रवि शुरूआती दिनों से ही पढ़ाई में काफी कुशल रहा है। इनके चयन होने से क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी। बता दें कि सौरभ कुमार रवि कक्षा 6 में प्रवेश को लेकर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में भाग लिया था।

# करंट के चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के स्टेशन में सरयू जाने वाली सड़क पर फाटक के समीप बांस काट रहे वृद्ध की करंट के चपेट में आने से मौत हो गई। ज्ञात हो कि मृतक मखिरन यादव 60 वर्ष ग्राम डुड़ंगी का निवासी है। मृतक फाटक के उस पार बांस काट रहे थे। उन्होंने कई बांस काट भी चुके थे और इस दौरान कुछ बांस काटने के बाद तार में सट गया लेकिन उन्हें पता नहीं चला की तार में करंट है और अज्ञात वस जब बांस अपनी ओर खिंचने का प्रयास किये तो करंट के चपेट में आ गये और मौत हो गई।



मृतक वृद्ध।

वहीं परिजनों ने बताया कि कुछ लोगों के कहने पर बांस काट रहे थे। इसी दौरान उनकी मौत हुई है। वहीं परिजन खबर लिखे जाने तक मुआवजे की मांग कर रहे थे। मुआवजा मिलने के बाद ही शव उठाने की बात पर अड़े थे। वहीं घटना स्थल पर पुलिस पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। वहीं इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# जमीन विवाद में दो पक्षो में मारपीट मामले में प्राथमिकी दर्ज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ जमीन कारोबारी सह राजद के जिला कोषाध्यक्ष एवं कई लोगों एवं एक परिवार के बीच गुरुवार को विवादित जमीन पर कब्जा करने को लेकर हुये मारपीट मामले में बालूमाथ थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी वहीं। बता दें कि मारपीट में 11 लोग घायल हो गए थे इस घटना की प्राथमिकी बालूमाथ थाना कांड संख्या 91/23 धारा 147 /149/ 341/ 342 /323 /324/ 325 /326 /307 /354/ 379/ 504 /506/ 34 आईपीसी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। बालूमाथ थाना में सत्येंद्र पांडे ने सुरेश राम समेत 17 नामजद अभियुक्त एवं 30 से 35 अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराते हुए कहा है कि इन लोगों द्वारा अपने 30-35 गुर्गो के के साथ जानलेवा हमला किया है एवं दो महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करते हुए मोबाइल लूट लिए। जिन लोगों के ऊपर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है उसमें सुरेश राम , शंकर राम, सागर राम, विवेक राम ,पिंटू पासवान ,संतोष पासवान, मुकेश पासवान, अवधेश पासवान, राधेश्वर राम, प्रकाश राम,ईश्वरी पासवान ,दिलीप पासवान, किशोर राम, दुर्गा राम ,अशोक राम, गंगाराम ,दशरथ मांझी, शामिल है। इधर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 2 नामजद अभियुक्त अशोक पासवान एवं संतोष पासवान को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया है। इधर सुरेश राम के पुत्र विवेक कुमार ने भी मारपीट करने का आरोप पांडे परिवार पर लगाया है व मामले को लेकर बालूमाथ थाना में आवेदन दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पुलिस पर हमला करने वाले पर दर्ज हुई प्राथमिकी सात अभियुक्त भेजे गए जेल, छापामारी जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** जिला प्रशासन के निर्देश पर गुरुवार को विवादित भूमि पर जबरन कराए जा रहे कंस्ट्रक्शन के कार्य का निरीक्षण करने गए अंचलाधिकारी राकेश सहाय और बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह की टीम पर हमला करने वाले आरडी पब्लिक स्कूल के संचालकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हमलावर एक ही परिवार के सदस्य है। पूरे मामले के संबंध में बरवाडीह पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि लेदगाई में संचालित आरडी पब्लिक स्कूल के संचालकों द्वारा स्थानीय निवासी तुलसी भुइयां, पिता प्यारी भुइयां की जमीन के साथ-साथ सरकारी भूमि पर भी 40 से 50 मजदूरों के द्वारा विद्यालय भवन निर्माण कार्य कराया जा रहा था। जिसकी सूचना दूसरे पक्ष और स्थानीय लोगों के द्वारा प्रशासन को लगातार दी जा रही थी। वहीं उक्त भूमि पर चल रहे कार्य पर रोक लगाने के लिए स्कूल संचालकों को पूर्व में नोटिस भी जारी किया गया था। लेकिन अधिकारियों के निदेशों को दरकिनार कर निर्माण कार्य युद्धस्तर पर कराया जा रहा था। इधर गुरुवार को विवादित भूमि का निरीक्षण करने पहुंचे अंचलाधिकारी द्वारा स्कूल संचालकों से जमीन का कागज दिखाने की मांग की गई, लेकिन उनके द्वारा भूमि से संबधित कोई पेपर नहीं दिखाया गया। जिसके बाद अंचलाधिकारी ने कार्य को रोकने का निर्देश दिया। लेकिन बार-बार कहने के बाद भी कार्य पर रोक नहीं लगाया गया। थाना प्रभारी ने भी स्कूल संचालकों को कार्य पर रोक लगाने की बात कही और कागज लेकर अंचल कार्यालय में आने की सलाह दी। क्योंकि पूर्व से उक्त भूमि पर 144 की कारवाई चल रही हैं। लेकिन प्रशासन की बात समझने की बजाय स्कूल संचालकों जिसमें मुकेश यादव, नीतीश यादव, कमल यादव, पिता तुलसी यादव और मधु देवी, पति मुकेश यादव आदि अन्य लोगों ने उग्र होकर सीओ राकेश सहाय, अंचल अमीन झमन सिंह और थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह से अभद्र व्यवहार करने के साथ-साथ धक्का मुक्की और गाली-गलौज करने लगें। जिसके बाद मामले को किसी तरह शांत कराकर प्रशासनिक टीम वापस आ गई। इधर विवादित स्थल से वापस लौटने के बाद अंचल अमीन झमन सिंह के आवेदन पर बरवाडीह थाना में कांड संख्या 52/2023 धारा 341/ 342/ 323/ 325/ 353/ 332/ 337/ 504/ 34 दर्ज करते हुए बरवाडीह थाना प्रभारी ने कांड के अनुसंधान हेतु उचित पुलिस बल के साथ दुबारा कार्यस्थल पर प्रस्थान किया। जहां देखा गया की निर्माण कार्य जारी है।इसी बीच स्कूल संचालक व उनके परिवार के अन्य सदस्यों ने लगभग 15 से 20 की संख्या में एकाएक पुरुष और महिला पुलिस को गाली गलौज करते हुए हमला कर दिया। इस दौरान अफरा-तफरी का माहौल हो गया। बावजूद इसके पुलिस द्वारा सुझबुझ के साथ अभियुक्तों की गिरफ्तारी का प्रयास किया गया। इसी क्रम में अभियुक्तों द्वारा पुलिस बल पर पत्थर, रड, डंडा इत्यादि से हमला कर दिया गया। जिसमें पुलिस बल के 5 जवान घायल हो गए हैं। जिसमें दो मेदिनीनगर अस्पताल रेफर है। बावजूद पुलिस ने मौके से 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और अन्य की गिस्फ्तारी के लिए छापामारी कर रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

गिरफ्तार अभियुक्तों में तुलसी यादव, सतीश यादव, मनीष यादव, मुकेश, नीतीश, कमल यादव और मधु देवी का नाम शामिल हैं।

## सात लाभुकों को दिया गया बकरा-बकरी



लाभुकों को बकरा-बकरी वितरण करते अतिथि।

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड के लाधुप में शुक्रवार को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत शिविर का आयोजन किया गया। जहां पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शोभा मरांडी, गव्य ई कृषि सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र यादव, मुखिया विफई मुंडा, जिपस पति रोहित यादव ने संयुक्त रूप से योजना में उल्लेखित प्रावधान चयनित 7 लाभुकों बे बीच 75 व 90 प्रतिशत अनुदानित मूल्य पर 4-4 बकरी व 1-1 बकरा का वितरण किया। डॉ शोभा मरांडी ने बताया कि योजना का उद्देश्य पशुपालन गतिविधियों के जरिये महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ना है। जिसको लेकर बकरा विकास योजना, सुकर विकास योजना, लो इनपुट लेयर कुक्कुट विकास योजना, ब्रायलर कुकुट पालन व बतख चूजा वितरण योजना संचालित की जा रही है। इन्होंने लोगो से उक्त योजना का लाभ उठाने की अपील की। मौके पर पशु पालक किसान सुषमा देवी, फुलमनी देवी, सोनमणि देवी, रीना देवी, शमशाद मिया, सरस्वती देवी व रमेला देवी समेत दर्जनों संख्या में लाभुक मौजूद थे।

**एक नजर में**

## वज्रपात की चपेट में आने से बच्ची समेत दो की मौत

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग जगहों में हुई बज्रपात से बच्ची समेत दो लोगों की मौत घटनास्थल में ही हो गई। जबकि अन्य सात लोग घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज लातेहार सदर अस्पताल में किया जा रहा है। बज्रपात की पहली घटना सदर प्रखंड के सबानो गांव में घटी। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के विश्वनाथ भगत के खेत में ट्रैक्टर से जुताई हो रही थी। उस दौरान वहां गांव के कई बच्चे भी मौजूद थे। बारिश भी नहीं हो रही थी। इसी दौरान अचानक बज्रपात हो गई। बज्रपात की चपेट में आने से बच्ची कुमकुम कुमारी (10) की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीण विश्वनाथ भगत, वफई भगत, परमीत कुमार, प्रियासु कुमारी, फुकली कुमारी के अलावा ट्रैक्टर चालक और एक अन्य व्यक्ति बज्रपात की चपेट में आने से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सभी लोगों को तत्काल लातेहार सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक डॉक्टर शंभू नाथ चौधरी ने सभी घायलों का ईलाज किया। डॉक्टर ने बताया कि विश्वनाथ भगत और बिफई भगत की गंभीर स्थिति को देखते हुए इनका ईलाज आईसीयू में चल रहा है। वहीं दूसरी घटना सदर थाना क्षेत्र के डेमू पंचायत के कोदाग गांव में घटी। जहां मंगल देव उरांव की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मंगदेव उरांव अपने खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक वहां बज्रपात हो गया। जिसकी चपेट में आने से मंगल देव की मौत घटनास्थल पर ही हो गई।

## धान बीज वितरण के साथ लैंपस का उद्घाटन



उद्घाटन के मौक पर उपस्थित लोग।

**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड के सरयू लैंपस का उद्घाटन शुक्रवार को जिला कृषि पदाधिकारी सत्यनारायण महतो एवं जिप सदस्य बुधेश्वर उरांव के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। इस मौके पर श्री महतो ने दर्जनों किसानों के बिच आईआर-64 डीआरटी धान बीज का वितरण करते हुए कहा कि बारीश होने की प्रबल संभावना है। सभी किसान समय पर खेती करें। लैंपस के द्वारा समय-समय पर किटनाशक एवं खाध सभी किसानों के बीच उपलब्ध कराया जायेगा। कृषि से संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता के लिये लैंपस से संपर्क कर सकते हैं। इस मौके पर जिला कृषि सलाहकार पदाधिकारी जशमनिया टोप्पो, जिप सदस्य बुधेश्वर उरांव, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सालखु हेंब्रम, प्रखंड कृषि पदाधिकारी जितेन्द्र पाठक, प्रमुख अमीता देवी, उपप्रमुख सुनिल उरांव, मिखिया अंकिता देवी, प्रमिला देवी, अनुज सोरेन, राजेश सिंह, लैंपस अध्यक्ष सिलदेव उरांव, सचिव असगर हुसैन समेत दर्जनों किसान उपस्थित थे।

## बीडीओ ने रोजगार सेवकों के साथ किया बैठक



**बारियातू।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित सभागार मे शुक्रवार को बीडीओ सह सीओ प्रतिमा कुमारी ने नव पदस्थापित प्रखण्ड कर्मियों व रोजगार सेवकों के साथ साप्ताहिक बैठक कर विकास योजनाओं पर चर्चा किया। बैठक मे सर्वप्रथम नव पदस्थापित पंचायत सेवकों जई व रोजगार सेवकों से परिचय प्राप्त किये। इसके पश्चात पंचायत आवंटित कर विकास योजनाओं पर विस्तृत जानकारी देते हुए समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिए। कहा कि सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए कटिबद्ध रहें। कार्य मे किसी प्रकार का शिकायत बर्दाशत नहीं की जाएगी। अगर कोई कर्मी शिथिलता बरतता है तो उस पर विभागीय कार्वाई की जाएगी। नव पदस्थापित रोजगार सेवकों, अरविंद कुमार को गोनिया, सुरेंद्र कुमार पासवान को साल्वे, हिरा लाल सिंह को टोंटी, निरंजन कुमार को अमरवाडीह, सुजीत सिंह को डाढ़ा, राहुल राज को बालुभांग, सुरेन्द्र यादव को शिबला, आलम अंसारी को बारियातू, रानी कुमारी को फुलसु पंचायत में आवंटित किया गया।

# मुआवजा को लेकर, उपायुक्त के जनता दरबार में ग्रामीणों ने लगाया गुहार

- वन क्षेत्र में मशीन द्वारा कार्य से रोजगार एवं आजीविका का हुआ संकट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** जिले के गारू प्रखण्ड के बारेसाढ़ पंचायत के कुजुरूम गांव विकास से कोसो दूर यहां आने जाने के लिए अभी तक रास्ता नहीं है। यहां पर रहने वाले सभी लोग आदिवासी, आदिम जनजाति समुदाय के लोग वन प्रशासन से काफी नाराज है। इस गांव में सरकार द्वारा कोई सुविधा उपलब्ध नहीं होने वाले गांव के ग्रामीणों ने आज लातेहार जिला मुख्यालय में उपायुक्त के जनता दरबार मे वन विभाग द्वारा दिये जा रहे मुआवजा को लेकर फरियाद किया। ग्रामीणों ने बताया कि सभी लोग को विस्थापित किया जा रहा है इसके लिए गांव में गई बार ग्राम सभा किया गया। सभी ग्राम सभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि सभी विस्थापित एक-एक परिवार को 5-5 एकड़ जमीन घर एवं रहने लिए सभी सुविधा देने की बात हुई थी। जिस पर सभी ग्रामीण सर्वसम्मति से सहमत हुए थे। परन्तु वन विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मियों के द्वारा ग्रामीणों की बात को दरकिनार कर अपने मनमानी ढंग से जबरजस्ती मुआवजा को थोपा जा रहा है। कुजुरम ग्राम प्रधान लल्लु उरांव ने बताया कि वन विभाग द्वारा बिना किसी को जानकारी दिए ही कुछ लोगों के नाम पर पैसा पांच साल के लिए फिक्स कर दिया गया है। ग्रामीणों को पैसा नही चाहिए, पैसा खत्म होने में देर नही लगती है। इसलिए सभी ग्रामीणों को 5-5 एकड़ जमीन देने की बात हुई थी साथ ही घर एवं अन्य सुविधा देने की बात हुई थी। वहीं हमलोग को चाहिए परन्तु वन विभाग के द्वारा ऐसा नहीं करके अपना मनमानी किया जा रहा है।



आवेदन देने जाता ग्रामीण।

# बड़े खतरे को आमंत्रण दे रही है इंदिरा चौक पर स्थित जर्जर सूखा पेड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** एनएच 75 रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर स्थित इंदिरा गांधी पर एनएच किनारे शीशम का सुखा हुआ जर्जर पेड़ बड़े खतरे को आमंत्रण दे रही है। बीती रात्रि तेज बारिश और आंधी के बीच सूखे हुए जर्जर पेड़ की कहानियां टूटकर आसपास की दुकानों में गिरी, जिसके बाद आसपास के दुकानदारों में अफरा तफरी मच गई व पेड़ के कभी भी गिरने का भय बन गया। शुक्रवार की सुबह इंदिरा चौक के दुकानदारों ने पेड़ के गिरने के खतरे को देखते हुए समस्या से प्रखंड के उपप्रमुख अश्विनी मिश्रा व मुखिया संगीता लकड़ा को अवगत कराया। उपप्रमुख व मुखिया के अगुवाई में दर्जनों की संख्या में दुकानदार वन विभाग व अंचलाधिकारी से मुलाकात कर जनहित को ध्यान में रखते हुए जर्जर हुए पेड़ को तत्काल हटाने की गुहार लगायी व साथ ही सूखे हुए पेड़ को हटाने की प्रक्रिया को लेकर डीएफओ रौशन से बात की। पेड़ को हटाने को लेकर तत्काल पहल करते हुए अंचलाधिकारी के द्वारा वरीय अधिकारियों को पत्राचार भी कर दिया गया है। विगत कई वर्षों से इंदिरा गांधी चौक पर उक्त जर्जर पेड़ खतरा बनकर खड़ा है। अगर उक्त पेड़ को समय रहते नहीं गिराया गया तो कभी भी पेड़ गिर सकता है व लोगों को जान-माल की क्षति उठानी पड़ सकती है।



इंदिरा गांधी चौक के दुकानदारों ने उप प्रमुख व मुखिया में अधिकारियों से की मुलाकात, पेड़ को हटाने की लगाई गुहार

खतरे को आमंत्रित करती जर्जर पेड़।

## चंदवा में जनसंघ के संस्थापक श्रधेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मना



**चंदवा।** स्थानीय पथ निर्माण विश्रामागार परिसर में शुक्रवार को भाजपा के द्वारा जनसंघ के संस्थापक श्रधेय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल उपाध्यक्ष आशीष सिंह व संचालन मंडल महामंत्री दीपक निषाद ने किया। सर्वप्रथम श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते महेंद्र प्रसाद साहू ने कहा कि भारतीय संस्कृति के नक्षत्र अखिल भारतीय जनसंघ के संस्थापक, राजनीति व शिक्षा के क्षेत्र में सुविख्यात श्रधेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का पूरा जीवन राष्ट्र की एकता और अखंडता को समर्पित रहा। वे एक प्रखर राष्ट्रवादी थे और अपने सिद्धांतों से कभी पीछे नहीं हटे। पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार पाठक ने कहा की डॉ. मुखर्जी अखंड और एक भारत के लिए कश्मीर को देश की मुख्यधारा में लाना चाहते थे। उनका कहना था कि एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे। धारा 370 को हटाने के लिए उन्होंने काफी संघर्ष किया और अपने जीवन का बलिदान किया, प्रधानमंत्री मोदी ने धारा 370 को समाप्त कर डॉक्टर मुखर्जी के सपने को साकार कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी है। मौके पर देवमोहन सिंह, शिवकेश्वर यादव, मनीष गुप्ता, रिकी वर्मा, सूर्यनारायण साहू, मुरारीलाल साहू, शंकर ,बैजू मुंडा, मनोज यादव समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मनिका : जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों के साथ बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो की अध्यक्षता में दिन गुरुवार को जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित प्रखंड क्षेत्र के जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को राशन उठाव एवं वितरण करने के प्रति कई दिशा निर्देश दिए गए। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो ने कहा की प्रखंड क्षेत्र के हर एक गांव में रहने वाले गरीब ग्रामीणों को ईमानदारी पूर्वक उनके कोटे का अनाज मिलना चाहिए। अनाज वितरण करने मे अनियमितता बिल्कुल बर्दाशत नही किया जायेगा। वहीं बीडीओ ने आगे बैठक में उपस्थित सभी डीलरों को निर्देश देते हुए कहा की एफसीआई गोदाम से सुनिश्चित समय पर अनाज का उठाव भी हो इसके प्रति भी डीलर सजग रहे। बैठक मे उपस्थित डीलरों को बीडीओ ने आगे कहा की गरीबों के अनाज में कटौती करने की शिकायत नही मिलनी चाहिए नहीं तो वैसे डीलरों पर सख्त कारवाई की जायेगी। बीडीओ ने उपस्थित सभी डीलरो से अनाज विवरण करने मे आ रही कठिनाईयो के बावत भी उनकी समस्याओ को भी सुना। उन्होंने कहा की कार्डधारियों के पर्ची निकालने के दौरान वैसे डीलर जो पत्थर या बटखारा रख कर कार्डधारियों का ऑनलाइन पर्ची निकालते है वैसे डीलरो को पकड़े जाने पर सीधा उनके लाइसेंस को निरस्त करने की कारवाई की जायेगी। मौके पर मनिका, सिंजो, दुंदू, मटलौंग, बड़काडीह, पल्हैया, बंदुआ, बरवैया कला, नामुदाग समेत कई गांव के डीलर उपस्थित थे।



बैठक में उपस्थित लोग।

## भाजपा मंडल कार्यालय में मनाया गया बलिदान दिवस



**बालूमाथ।** भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा की अध्यक्षता में भाजपा मंडल कार्यालय में बलिदान दिवस मनाया गया। मौके पर किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बालूमाथ पूर्व मुखिया अरविंद भगत उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए बताया की बलिदान दिवस जनसंघ के संस्थापक व स्वतंत्र सेनानी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की याद में मनाया जाता है। उनका नारा था स्वतंत्र भारत में संविधान जम्मू कश्मीर का एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगा। अरविंद भगत ने कहा प्रखर राष्ट्रवादी नेता व महान चिंतक, भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं हमारे प्रेरणा केंद्र श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनके बलिदान दिवस पर कोटि कोटि नमन करते है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी देश की सेवा करने वाले सेवक एवं गलत संविधान के प्रति मुखर होकर के बोलने वाले में से थे। मौके पर मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा मंडल महामंत्री राम कुमार गुप्ता, विजय यादव भाजयुमो, जिला महामंत्री सूरज शाह, मंडल मंत्री अखिलेश भोक्ता मंडल मीडिया प्रभारी पंकज सिन्हा, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रघुनंदन सोनी, मंडल कार्यसमिति सदस्य विजय ठाकुर वीरेंद्र पाठक, बसंत कुशवाहा, बृजेश उरांव, बालेश्वर ठाकुर के अलावा अन्य कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# बच्चे की मौत के 29 वर्ष बाद मिला न्याय

## हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

### अपहरण के बाद हत्या का मामला

मामला कोयलांचल के धनबाद जिले का है। जहां झरिया का रहने वाला 10 वर्षीय शाहनवाज इंडियन स्कूल ऑफ लर्न झरिया में पढ़ाई किया करता था. 12 मार्च 1994 के दिन भी वह रोज की तरह स्कूल पढ़ने के लिए गया था। लेकिन रोज की तरह वह वापस घर नहीं लौटा. स्कूल से वापस लौटने के दौरान मुन्ना उर्फ मुस्ताक, लड्डन वाहिद उर्फ नन्हे और आफताब ने शाहनवाज को अगवा कर लिया। शाहनवाज को एक एंबेसडर कार में बैठा कर तीनों उसे चिरकुंडा स्थित दामोदर नदी के पास ले गए। जहां गाड़ी से उतारकर शाहनवाज की चाकू मारकर हत्या कर कर दी गई। घटना के बाद मृतक के पिता शराफत हुसैन ने झरिया थाना में हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पिता ने शिकायत में कहा था कि हत्या के पहले उनसे 50 हजार की रंगदारी की मांग की गई थी। रंगदारी नहीं मिलने पर शाहनवाज का अपहरण कर लिया गया और उसकी हत्या कर दी गई। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद अदालत में मामले की सुनवाई शुरू हुई। मामले में चश्मदीद ने गवाही भी दी। चश्मदीद ने अपहरण और फिर मर्डर की पूरी कहानी कोर्ट को बताई। जिसके बाद अदालत ने अब अपना फैसला सुनाया है।



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** कहा जाता है कि भगवान के घर देर है अंधेर नहीं है।लेकिन, अब ये न्यायालय के लिए भी कहा जा सकता है। क्योंकि 10 वर्षीय छात्र की मौत मामले में परिजनों को 29 साल बाद जाकर इंसाफ मिला है। मामला 12 मार्च 1994 का है, जब क्लास टू में पढ़ने वाले 10 वर्षीय छात्र शाहनवाज की चाकू गोदकर हत्या कर दी गई थी। इस 29 साल पुराने मामले में अदालत ने अपना फैसला सुनायाहै।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह की अदालत ने मामले की पिछली सुनवाई में ही आरोपी मुस्ताक अंसारी उर्फ मुन्ना मियां को अदालत ने दोषी करार दिया था। गुरुवार को अदालत ने फैसला सुनाते हुए मुस्ताक अंसारी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

### अन्य दो आरोपियों के खिलाफ हाई कोर्ट पहुंचे परिजन

मामले में जहां मुस्ताक अंसारी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है।वहीं बाकि दो अन्य आरोपी लड्डन वाहिद उर्फ नन्हे और आफताब को अदालत ने पहले ही इस मामले में रिहा कर दिया है। जिसके खिलाफ मृत बच्चे के परिजन ने जिला कोर्ट के फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी है। हाई कोर्ट ने दोनों आरोपियों को नोटिस भी जारी की है। मामले में फैसला आने के बाद मृत शाहनवाज के भाई मोहम्मद इंतकाब ने कहा कि देर से ही सही लेकिन अदालत ने अपना फैसला सुनाया है।

## स्पीड न्यूज

### डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का मना बलिदान दिवस

**चिरकुंडा।** भाजपा के पथ प्रदर्शक व युगद्रष्टा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस( पुण्यतिथि) चिरकुंडा के नेहरू रोड स्थित साइंस जोन के पास बुथ संख्या 363,364 व 365 में मनाया गया। उनके चित्र पर लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। लोगों ने उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया व उनके जीवनी पर प्रकाश डाले। मौके पर चिनप के निवर्तमान अध्यक्ष डबलू बाउरी,बापी सेन गुप्ता, जगरनाथ सिंह, रामजी पाण्डेय, बुलन बाउरी, मदन बाउरी, दामोदर सर, नंदलाल कुमार, पप्पु सिंह, अभिमन्यु कुमार, राजेश कुमार, संजय साव, विकास सिंह आदि थे।

### पुटकीः 1.65 लाख की छिनतई

**पुटकी।** पुटकी थाना क्षेत्र के करकेन्द नेहरू पार्क के पास रहने वाले महबूब मिया उम्र 73 वर्ष ओर इनकी पत्नी सफिरन बीबी उम्र 66 वर्ष ने बताया कि दिन के लगभग साढ़े ग्यारह बजे करकेन्द बैंक ऑफ इंडिया से एक लाख पैईसठ हजार की निकासी कर बैग में रुपया लेकर टेम्पू में चढ़ कर अपने घर के पास उतरे और सड़क पर कर रहे थे तभी दो नकाबपोश बाईक सवार ने झपटा मार कर रुपया से भरा बैग छीन कर चलते बने। भुक्तभोगी पति,पत्नी ने धटना की पुटकी थाना मे लिखित शिकायत किया है ।

### एसएसएलएनटी स्कूल में चलाया गया जागरूकता अभियान

**धनबाद।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्री राम शर्मा के निर्देश पर जिले के सभी लीगल लिटरेसी क्लब में जून महीने को अभिभावक माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसकी जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा निताशा बरला ने बताया कि यूनिसेफ एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सहयोग से जून महीने को अभिभावक माह के रूप में जिले में स्थित सभी लीगल लिटरेसी क्लब एवं प्रखंडों में मनाया जा रहा है। इसमें जिले में कार्यरत पैरा वैधानिक स्वयंसेवक एवं सेविकाओं के द्वारा वीडियो क्लिप चलाकर छात्र - छात्राओं एवं दूर सुदूर ग्रामीण इलाकों में रह रहे बच्चों और अभिभावकों के बीच जागरूकता अभियान के माध्यम से बच्चों का लालन-पालन एवं उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

### गैस रिसाव से बचाव को लेकर मॉकड्रिल

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र में गैस रिसाव से बचने हेतु कार्यकारी निदेशक प्रभारी बीके तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित मॉकड्रिल में गैस सेफ्टी ईएमडी सेफ्टी ब्लास्ट फर्नेस प्लांट कंट्रोल चिकित्सा सेवाएए बीएसएल सिक्योरिटी इत्यादि विभागों के अलावा सीआईएसएफए जिला प्रशासन और एनडीआरएफ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मॉकड्रिल में ऐसी आपदा से निपटने के लिए परिचालन तैयारी, त्वरित प्रक्रिया का समय, संबंधित एजेंसियों को दुर्घटना संबंधी सूचना की सम्प्रेषणीयता, चिकित्सीय व्यवस्था की मुस्तैदी और एकाधिक एजेंसियों के शामिल होने की स्थिति में उनके बीच के समन्वय और कमान शृंखला जैसे कई पहलुओं की परख हुई, ताकि बचाव अभियान सुचारू रूप से सफल हो सके। जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमारए सीआईएसएफ और एनडीआरएफ की 9वीं बटालियन के वरीय अधिकारियों ने अपने प्रेक्षणों से सबों को अवगत कराया। ज्ञातव्य हो कि इस्पात संयंत्र में उत्पादन के दौरान कई जहरीली गैसों का उत्सर्जन होता है।

### सीसीएल सीएमडी का बी एंड क्षेत्र का दौरा

**बेरमो।** सेंट्रल कोल फील्ड्स लिमिटेड के अध्यक्ष का प्रबंध निदेशक पीएम प्रसाद शुक्रवार को एकेकेओसीपी परियोजना का दौरा किया। इस दौरान एकेकेओसीपी परियोजना के खनन क्षेत्र समेत कई स्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने सीसीएल महाप्रबंधक से प्रस्तावित खासमहल परियोजना की प्रगति व आ रहे अड़चनों की जानकारी ली।

# पेटरवार में अधिकारियों ने किया राज्यपाल का स्वागत



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** रांची से दुमका जाने के क्रम में झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन पेटरवार स्थित वन विभाग के विश्रामागार में जिले के डीसीए एसपीए डीएफओए डीडीसी व अन्य अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। यहां पड़ाव के दौरान उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण को साफ सुंदर और हरा भरा बनाए रखने का संदेश दिया। पुलिस जवानों द्वारा उन्हें जिले के उपायुक्त कुलदीप चौधरी पुलिस अधीक्षक चंदन झा जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमारए उप विकास आयुक्त कीर्ति श्री जीए समेत वरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मौके पर जिला अनुमंडल व प्रखंड स्तर के कई प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जेसीबी और ट्रैक्टर से हटाया कचरे का अंबार

**कुमारधुबी।** शिवलीबाडी दक्षिण पंचायत के न्यू रोड में हमेशा कचरे का अंबार लगा हुआ रहता था बारिश होने से पूरा कचरा रोड पर फैल जाता था और राहगीरों को आने-जाने में परेशानी होती है और बहुत दुर्गंध भी आता था। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने कई बार मुखिया को दी है। वही ग्रामीणों की समस्या को सुनने के बाद आज शुक्रवार को सड़क किनारे जितना भी कचरा जमा हुआ था उसे जेसीबी और ट्रैक्टर के माध्यम से सफाई करवाया गया और सब्जी विक्रेता और अन्य लोगों से अपील किया गया कि कचरे का अंबार को रोड पर ना फेंके। वहीं मुखिया प्रतिनिधि व कुमारधुबी बाजार के समाजसेवी पप्पू यादव ने कहा कि सड़क किनारे कचरे से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता था।

# बलिदान दिवसः पुण्यतिथि पर याद किये गये डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** मां भारती के अमर सपूत, महान राष्ट्रभक्त एवं शिक्षाविद,जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर सिटी सेंटर के नजदीक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की प्रतिमा पर धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह, धनबाद के विधायक राज सिन्हा , धनबाद नगर निगम के निवर्तमान महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल तथा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण और पुष्प अर्पण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर धनबाद के सांसद श्रीमान पशुपतिनाथ सिंह जी ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी भारत की एकता और अखंडता के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाले थे। राष्ट्र की अखंडता और समाज की उन्नति के लिए आजीवन कार्य करने वाले मूल्य आधारित राजनीति के प्रतीक के रूप में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का ओजपूर्ण व्यक्तित्व प्रत्येक देशवासी को राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का बोध कराता रहेगा। देश शिक्षा और समाज के प्रति उनके योगदान हमेशा हमारी जीवन का आदर्श रहेगी।



### एकता-अखंडता के लिए किया बलिदान

धनबाद के विधायक श्री राज सिन्हा जी ने कहा कि जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का देश की एकता अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा हेतु किया गया बलिदान हम सभी के लिए पाथेय है। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की अवधारणा के प्रेरणा पुंज मां भारती के वैभव के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाले डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी थे भारत की संप्रभुता की रक्षा और सार्वभौमिक उत्कर्ष के लिए डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी सदैव हमारी प्रेरणा बने रहेंगे।

### एक देश में दो विधान दो प्रधान नहीं चलेगा

निवर्तमान महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल ने कहा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और अंत्योदय को देश की प्रगति का आधार मानने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान-नहीं चलेंगे,नहीं चलेंगे' का नारा दिया और कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। राष्ट्रीय एकता व अखंडता के पर्याय जनसंघ के संस्थापक, महान शिक्षाविद व प्रखर राष्ट्रवादी डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस पर शत-शत नमन।

# डॉ मुखर्जी सिंदरी में लाये थे औद्योगिक क्रांति

## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर जनसंपर्क अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** जनसंघ के संस्थापक सदस्य डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 70 वें पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाते हुए सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो की धर्मपत्नी तारा देवी ने शुक्रवार को अपने आवासीय कार्यालय में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। विधायक पत्नी ने कहा कि सिंदरी में औद्योगिक क्रांति लाने और नगर को बसाने वाले को नमन करती हूं। पूरे सिंदरी विधानसभा उनके द्वारा किए गए कार्यों व बलिदान को हमेशा याद रखेगा। वहीं केन्द्र सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर चलाए जा रहे महाजनसंपर्क अभियान की शुरूआत विधायक पत्नी ने पहाड़पुर बूथ संख्या 323 के ग्रामीणों से घर घर जाकर संपर्क कर किया। इस मौके पर उन्होंने ग्रामीणों को केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने मिल रही योजनाओं के लाभ की जानकारी प्राप्त की और समस्याओं को सुनते हुए जल्द समाधान का आश्वासन भी दिया। उन्होंने ग्रामीणों से भाजपा के समर्थन हेतु 9090902024 में मिसकाल करने की अपील की। मौके पर किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतलाल प्रामाणिक, भाजपा ग्रामीण जिला महामंत्री निताई रजवार, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रकाश बाउरी, कुमार महतो, पश्चिमी बलियापुर मंडल अध्यक्ष मंटू रवानी, सिंदरी नगर अध्यक्ष अरविन्द पाठक, श्रवण कुमार, संतोष, धर्मेंद्र महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

# कॉलेज की छात्राओं ने चलाया बाल विवाह के खिलाफ अभियान



**बोकारो/ कसमार।** कसमार प्रखंड के पोंडा पंचायत के कमलापुर में स्थित सरदार पटेल पब्लिक स्कूल व हरनाद स्थित गिरिनाथ विवेकानंद डिग्री कालेज में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन व सहयोगिनी संस्था द्वारा बाल विवाह रोकने को लेकर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति व बुराई को खत्म करने के लिए जागरुकता अभियान चलाकर इसे खत्म करने की बात कही गई। सरदार पटेल पब्लिक स्कूल के प्राचार्य सुमन कुमार ने कहा कि बाल विवाह निषेध कानून का कड़ाई से पालन होना चाहिए। सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने बताया कि हमारा लक्ष्य 2030 तक समाज से बाल विवाह को पूर्णतया समाप्त कर भारत को बाल विवाह मुक्त देश बनाना है। इस क्रम में बोकारो जिले के कुल 150 गांवों में नुक्कड़ नाटक का मंचन, हस्ताक्षर अभियान, शपथ ग्रहण, जन जागरूकता अभियान व अन्य माध्यमों से लोगों को जानकारी दी जा रही है। मौके पर विकास कुमारए प्रियांशु प्रियांशुए जमील अख्तर, राजेश कुमार, गुलाब रजवार, प्रीति कुमारी, सुमन कुमारी, रोशन सिंह आदि मौजूद रहे।

# बीएसएल में पोर्टल से सेवा और खरीद को लेकर कार्यशाला

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल के एचआरडी सेंटर के सभा भवन में जेम पोर्टल के माध्यम से सेवा और खरीद से संबंधित आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन ईडी पी एंड ए राजन प्रसादए सीजीएम प्रभारी टीए बीएस पोपलीए जीएम प्रभारी सीसीएनडब्ल्यू बीपी वर्णवाल और एमटीआई रांची से संकाय के रूप में वरिष्ठ प्रबंधक विश्वजीत आनंद ने किया।

कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए ईडी राजन प्रसाद ने प्रतिभागियों से जेम पोर्टल पर सेवा और खरीद प्रक्रियाओं को सीखना शुरू करने के लिए कहा। सीजीएम श्री पोपली ने जेम पोर्टल के माध्यम से सेवा और खरीद के महत्व के बारे में अवगत कराया। इस विशेष कार्यशाला में 59 अधिकारियों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता विश्वजीत आनंद ने जेम पोर्टल पर बोली और सेवाओं की खरीद की सभी संबंधित प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से बताया और प्रतिभागियों के सवालों के जवाब भी दिए। कार्यशाला का संचालन एचआरडी के वरिष्ठ प्रबंधक अमित आनंद व ए जीएम सीसीएनडब्ल्यू अनुराग शर्मा ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन सहायक महाप्रबंधक सीसीएनडब्ल्यू पीतांबर लाल ने किया।

# हाथियों ने स्कूल में की तोड़फोड़, दहशत

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** जिले के बरवाअड्डा थाना इलाके में झुंड से भटके हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया है। हाथियों ने तिलैया पंचायत के बिहेचिया गांव के धोवाटांड़ नया प्राथमिक विद्यालय की दीवार तोड़ दी और स्कूल को पूरी तरह से तहस नहस कर दिया। हाथियो ने स्कूल के डेस्क और बेंच को भी पूरी तरह से तहस नहस कर दिया है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार रात आये हाथियों के झुंड बिहेचिया गांव में पहुंचा और विद्यालय को निशाना बनाते हुए उसे पूरी तरह से तहस नहस कर दिया। सुबह स्कूल पहुंची शिक्षिका सपना कुमारी ने जब स्कूल का मंजर देखा तो गांव वालों और मुखिया को इसकी जानकारी दी। हाथी ने विद्यालय के खिड़की, दरवाजे तोड़कर वहां रखे दो क्विंटल से अधिक, राशन भी चट कर गए। इसके अलावा दस कुर्सी, टेबल, खेल सामग्री, बर्तन जैसे समानों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया. ग्रामीणों का मानना है कि ये हाथी अपने झुंड से भटक गए थे।

### वन विभाग ने ली मामले की जानकारी



इस घटना की सूचना पर वन विभाग के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया है कि नियामानुसार क्षतिपूर्ती दी जाएगी। ग्रामीण इस बात से राहत महसूस कर रहे हैं कि हादसा घटना रात में हुआ। हाथियों का झुंड अगर दिन में आता तो किसी बड़े घटना से इंकार नहीं किया जा सकता था. स्कूल में बच्चे पढ़ाई करते हैं। ऐसे में बच्चों को भी नुकसान पहुंच सकता था। वहीं, दूसरी ओर स्कूल क्षतिग्रस्त हो जाने से छोटे बच्चों को स्कूल में पढ़ाई करते में भी परेशानी का सामना करना पडेगा।

# कोल वाशरी का उद्घाटन हो गया, शुरू नहीं हुआ उत्पादन

## केंद्रीय कोयला मंत्री ने किया था मधुबन कोल वाशरी का उद्घाटन

- पीजी टेस्ट नहीं होने से उत्पादन नहीं हुआ शुरू
- एचईसी को मिला था कार्यादेश राशि का हो गया भुगतान

अखिलेश कुमार सिंह

**बोकारो।** बीसीसीएल के न्यू मधुबन कोल वाशरी के परिचालन का मुद्दा अजीबोगरीब विरोधाभासी स्थिति में पहुंच चुका है। ज्ञातव्य है कि इस वाशरी का कार्यादेश एचईसी को लगभग 290 करोड़ में वर्ष 2012 में मिला, जो जून 2014 में ही पूरा होना था, लेकिन यह पूरा हुआ वर्ष 2022 में। वह भी 95 प्रतिशत। केंद्रीय कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मार्च 2022 में कोयला राज्यमंत्री, कोयला सचिव, कोल इंडिया के चेयरमैन व अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में इसका ऑनलाइन उद्घाटन भी कर दिया। आत्मनिर्भर भारत निर्माण व विदेशी मुद्रा की बचत सहित तमाम आंकड़े प्रस्तुत किए गए, परंतु अभी तक उत्पादन शुरू नहीं हुआ। इसके लाइव प्रसारण में बीसीसीएल के सीएमडीए सीवीओ, निदेशक सहित अनेक जीएम उपस्थित थे। बीसीसीएल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लगभग 290 करोड़ में एचईसी को शुद्ध रूप से 263 करोड़ का कार्यादेश मिला था। उसमें उसे 250 करोड़ का भुगतान भी हो चुका है, परन्तु अभी तक पीजी टेस्ट का मामला अधर में लटका है। वहीं एचईसी का सेंक प्रोसेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ भुगतान विवाद का मुद्दा न्यायालय में है। पीजी टेस्ट नहीं होने से फिलहाल गेंद एचईसी अथवा बीसीसीएल के पाले में है।

### बीसीसीएल ने 13 जून को एचईसी को भेजा नोटिस

बीसीसीएल ने निर्णायक नोटिस विगत 13 जून को एचईसी को जारी किया है। स्थिति यह है कि बिना कार्यान्वयन के केंद्रीय मंत्री द्वारा उद्घाटन किसके इशारे पर हुआ। आखिर मात्र दो करोड़ की लागत में होनेवाले पीजी टेस्ट (परफॉरमेंस गारंटी) को बीसीसीएल या एचईसी किसी अन्य कंपनी से क्यों नहीं करवा सका। इसमें सीआईएल या बीसीसीएल के उच्च पदाधिकारियों का एचईसी से न दिखने वाले गठजोड़ की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

## पेज 3 का शेष

### अगली बैठक शिमला में...

**सीबीआइ, इडी से डराया जाता है :** ममता ने कहा कि अगर भाजपा के खिलाफ कोई कुछ बोलता है तो उसके खिलाफ ईडी और सीबीआई की कार्रवाई की जाती है। छुपे रुस्तम की तरह कोई ना कोई केस कराकर कार्रवाई करायी जाती है, लेकिन बेरोजगारी, आम जनता, आर्थिक स्थिति, दलितों पिछड़ों पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। ऐसे में हम सब ने भाजपा के खिलाफ साथ आकर लड़ने का फैसला लिया है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, एक होकर 2024 की लड़ाई हम लोगों को लड़ना है। हम जरूर कामयाब होंगे। राहुल गांधी ने कहा कि ये विचारधारा की लड़ाई है। हम सब एक साथ खड़े हैं। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा कि यहां सभी प्रमुख नेता मौजूद हैं। स्वभाविक है हमारे विचारधारा अलग हों, लेकिन देश एक है। सीताराम युचेरी ने कहा कि, हम सब को मिलकर मुल्क के चरित्र का हिफाजत करना है। लालू यादव ने कहा हम अब फिट है, नरेन्द्र मोदी को फिट कर देंगे। **चार घंटे बैठक, 27 नेता शामिल :** नीतीश कुमार की पहल पर शुक्रवार को यहां आयोजित बैठक करीब 4 घंटे चली। बैठक में 15 दलों के करीब 27 नेता मौजूद रहे। बैठक में नीतीश कुमार को संयोजक बनाने पर चर्चा हुई, लेकिन फैसला अभी नहीं हुई। साथ ही, केंद्र के अध्यादेश, सीट बंटवारे और कॉमन मिनिमम प्रोग्राम पर चर्चा हुई। बैठक में नीतीश कुमार, राहुल गांधी, ममता बनर्जी, एमके स्टालिन, मल्लिकार्जुन खड़गे, भगवंत मान, अरविंद केजरीवाल, हेमंत सोरेन, उद्धव ठाकरे, शरद पवार, लालू प्रसाद, अखिलेश सिंह यादव, उमर अब्दुल्ला, महबूबा मुफ़्ती, टीआर बालू, दीपंकर भट्टाचार्य, तेजस्वी यादव, अभिषेक बनर्जी, डेरेक ओ'ब्रायन, केसी वेणुगोपाल, सुप्रिया सुले, मनोज झा, फिरहाद हकीम, प्रफुल्ल पटेल, राघव चड्ढा और संजय सिंह. संजय राऊत, राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, संजय झा, सीताराम येचुरी, आदित्य ठाकरे डी राजा शामिल हुए।

### पटना में लिट्टी चोखा खाकर...

**देश में नफरत फैला रही है भाजपा :** पीसी में कांग्रेस नेता राहुल गांधी कहा कि भाजपा पूरे देश में नफरत फैला रही है लेकिन उनकी पार्टी लोगों के बीच प्रेम और भाईचारे का संदेश देकर भगवा पार्टी के नफरत के एजेंडे को विफल कर देगी। उन्होंने कहा कि देश की नींव पर हमला हुआ है। देश में नफरत बढ़ रही है। नफरत को खत्म करके प्यार का पैगाम हमें देना है। यह केवल लोगों के बीच प्रेम और भाईचारे का संदेश देकर ही किया जा सकता है। उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधा और उसे तानाशाही शासन करार किया। साथ ही सभी से भाजपा को हराने के लिए एकजुट होकर लड़ने का आह्वान किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पटना में शुक्रवार को हुई विपक्षी दलों की बैठक को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि भाजपा के खिलाफ विपक्ष की यह एकजुटता देश को नयी दिशा देगी।

### आतंक को कुचलना...

**भारत आज पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था :** पीएम मोदी ने कहा जब सात वर्ष पहले उन्होंने पीएम के रूप में पहली बार अमेरिका का दौरा किया, तो भारत दुनिया की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। आज भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। जब भारत बढ़ता है तो पूरी दुनिया बढ़ती है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका पुराने समय के संकोच और झिझक को पीछे छोड़कर दोस्ती की कसौटी पर खरे उतरे हैं। सात साल पहले जब मैं यहां आया था तब से अमेरिका बहुत कुछ बदल गया है, लेकिन बहुत कुछ वैसा ही बना हुआ है - जैसे भारत और अमेरिका के बीच दोस्ती को गहरा करने की हमारी प्रतिबद्धता। यूक्रेन युद्ध का उल्लेख करते हुए मोदी कहा कि यह लड़ाई का युग नहीं है यह संवाद और कूटनीति का युग है। हम सब को इस खून खराबे को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करने चाहिए। दोनों देशों के महान पुरूषों से मिली प्रेरणा का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा, दो शताब्दियों से अधिक समय से हमने महान अमेरिकियों और भारतीयों के जीवन से एक-दूसरे को प्रेरित किया है। हम महात्मा गांधी और मार्टिन लूथर किंग जूनियर को श्रद्धांजलि देते हैं।

### दुमका से दिल्ली...

इस तरह शिकारीपाड़ा थाना की तत्परता से चार नाबालिग लड़की को बचा लिया है। दरअसल, पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि शिकारीपाड़ा रेलवे स्टेशन पर चार नाबालिग आदिवासी लड़कियां ट्रेन के इंतजार में बैठी हैं। उनके साथ एक दंपती है। पुलिस तुरंत रेलवे स्टेशन पहुंची और वहां से लड़कियों को बरामद किया। साथ ही साथ निर्दोष कुमार नामक एक युवक और उसकी पत्नी किरण देवी को हिरासत में लेकर थाना ले आयी। पूछताछ में पता चला कि किरण देवी, जिसका मायका दुमका जिले के ही रानीश्वर थाना क्षेत्र के रंगलिया गांव में है और उसकी शादी उत्तर प्रदेश के हाथरस के मनोरा थाना क्षेत्र के निर्दोष कुमार के साथ हुई है। यह दोनों दुमका आये थे और चार नाबालिग आदिवासी लड़की को काम दिलाने के नाम पर बहला फुसलाकर दिल्ली ले जा रहे थे। इस मामले में खास बात यह है कि बरामद चार लड़कियों में एक चौथी कक्षा, दूसरी सातवीं कक्षा, तीसरी नौवीं कक्षा और चौथी दसवीं की स्टूडेंट है।

### संसदीय चुनाव समेत कई...

**बयानबाजी पर चर्चा :** पार्टी के कई केंद्रीय समिति सदस्य नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि पिछले कई दिनों से महागठबंधन में रहकर झारखंड राजद के राज्य स्तरीय नेताओं की बयानबाजी महागठबंधन धर्म के अनुरूप नहीं है। ऐसे में 04 जुलाई की बैठक के दौरान अध्यक्ष की अनुमति से इस विंदु को भी उठाया जायेगा। चार जुलाई को रांची के हरमू सोहराई भवन में प्रस्तावित केंद्रीय समिति की बैठक में जिन एजेंडों पर चर्चा होगी उसमें पिछले बैठक की कार्यवाही की समीक्षा और उसके बाद उसकी संपुष्टि केंद्रीय समिति द्वारा की जायेगी। केंद्रीय महाधिवेशन के पश्चात लिए गए निर्णय के अनुसार सदस्यता अभियान पर विचार विमर्श किया जायेगा। केंद्रीय समिति की बैठक में पार्टी के सांगठनिक स्थिति पर भी विचार विमर्श होगा। इसके बाद केंद्रीय अध्यक्ष की अनुमति से जो भी विषय के लिए समिति के सामने लाये जायेंगे। उस पर विस्तृत चर्चा होगी। केंद्रीय समिति की ओर से जारी आमंत्रण पत्र में स्पष्ट लिखा गया है कि बैठक में शामिल नहीं होने वाले केंद्रीय समिति सदस्य, जिलाध्यक्षों-जिलासचिवों के कृत्य को अनुशासनहीनता मानते हुए कार्रवाई की जायेगी।

# अमेरिका की प्रथम महिला ने बिछाया दस्तरख्वान, 400 मेहमानों ने मोदी के साथ किया भोजन

## भारतीय प्रधानमंत्री के सम्मान में व्हाइट हाउस में आयोजित हुआ राजकीय डिनर



**वाशिंगटन (हि.स.)।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सम्मान में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और उनकी पत्नी जिल बाइडेन कोई कोर-कसर नहीं छोड़ना चाहतीं। अमेरिकी राष्ट्रपति के आवास व्हाइट हाउस में भारतीय प्रधानमंत्री के सम्मान में राजकीय डिनर का आयोजन किया गया। इसमें अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडेन ने दस्तरख्वान बिछाया और 400 विशिष्ट मेहमानों ने मोदी के साथ भोजन किया। इनमें मुकेश अंबानी, आनंद महिंद्रा, सुंदर पिचाई और सत्या नडेला जैसे दिग्गज शामिल रहे।

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिकी दौरे के दूसरे दिन वाशिंगटन में अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। इसके बाद मोदी राजकीय डिनर के लिए व्हाइट हाउस पहुंचे, जहां राष्ट्रपति जो बाइडेन और उनकी पत्नी जिल बाइडेन ने भारतीय प्रधानमंत्री का स्वागत किया। इस रात्रिभोज में मोदी के साथ दुनिया भर के 400 लोगों ने भोजन किया। पत्नी नीता अंबानी के साथ उद्योगपति मुकेश अंबानी से लेकर महिंद्रा कंपनी के अध्यक्ष आनंद महिंद्रा, भारतीय मूल के सीइओ सुंदर पिचाई, माइक्रोसॉफ्ट के सीइओ सत्या नडेला और उनकी पत्नी अनु नडेला, भारतीय-अमेरिकी बिजनेस एक्जीक्यूटिव इंदिरा नूई और एप्पल के सीइओ टिम कुक भी व्हाइट हाउस के राजकीय डिनर में शामिल हुए। डिनर में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा के साथ अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन, अमेरिकी स्पीकर नैंसी पेलोसी और भारत में अमेरिकी दूत एरिक गासेर्टी भी मौजूद थे। भारतीय-अमेरिकी फिल्म निमार्ता एम नाइट श्यामलन, जेरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामथ, फ्लेक्सट्रॉनिक्स की सीइओ रेवती अद्वैथी, नेटफ्लिक्स की चीफ कंटेंट ऑफिसर बेला बजरिया, एडोब के सीइओ शांतनु नारायण, अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू और भारतीय मूल के अमेरिकी प्रतिनिधि रो खन्ना और उनकी पत्नी रीता खन्ना के साथ राजाकृष्ण मूर्ति डिनर में शामिल हुए।

### मोदी ने कहा- अपने घर के दरवाजे खोलने के लिए धन्यवाद

**वाशिंगटन (हि.स.)।** अमेरिका की राजकीय यात्रा के आखिरी चरण से कुछ समय पहले भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने व्हाइट हाउस में स्टेट डिनर (राजकीय रात्रिभोज) के बाद राष्ट्रपति जो बाइडेन का आभार जताया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- अपने घर के दरवाजे खोलने के लिए आपका धन्यवाद।

### संबंधों को उच्च स्तर पर ले जायेगी मोदी की यात्रा : हैरिस

**वाशिंगटन।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को उम्मीद है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को उच्च स्तर पर ले जायेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने भी दोनों देशों के बीच साझेदारी को लेकर उत्साहित होने की बात कही है। भारतीय प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को अमेरिकी संसद के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित किया था। इसके बाद अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका की पहली राजकीय यात्रा अंतरिक्ष, रक्षा, उभरती प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखलाओं में द्विपक्षीय संबंधों को उच्च स्तर पर लेकर जायेगी।

### नौकरशाही की बाधाओं को दूर करना जरूरी : मैक्कॉनेल

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीनेट में रिपब्लिकन पार्टी के नेता मिच मैक्कॉनेल ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से साफ कहा है कि नौकरशाही की बाधाओं को दूर करना जरूरी है। दोनों नेताओं ने आपस में गहरे संबंधों की उम्मीद जाहिर की। नरेंद्र मोदी से मिलकर खुशी जाहिर करते हुए मैक्कॉनेल ने कहा कि प्रधानमंत्री की यात्रा दोनों देशों के संबंधों में एक महत्वपूर्ण क्षण है। भारत की जनसंख्या, स्थान और संसाधन इसे वैश्विक अर्थव्यवस्था की आधारशिला बनाते हैं।

### पीएम के अमेरिका दौरे से यह होगा फायदा

**रक्षा क्षेत्र**

**ड्रोन :** भारत को मिलेंगे एमक्यू-9 रीपर ड्रोन। भारत तीस एमक्यू-9बी प्रीडेटर ड्रोन खरीदेगा।

**बनेंगे लड़ाकू जेट इंजन :** जनरल इलेक्ट्रिक का हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ समझौता। इससे देश में ही जेट इंजन बन सकेगा।

**व्यापार क्षेत्र**

**तकनीकी व्यापार :** कई द्विपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर। इनमें वाणिज्य, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, सेमीकंडक्टर, 5जी और 6जी दूरसंचार और ओपन सोर्स आधारित दूरसंचार नेटवर्क, क्वांटम और उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग आदि शामिल हैं।

**अंतरिक्ष क्षेत्र**

**आर्टेमिस समझौते पर हस्ताक्षर :** भारत ने आर्टेमिस समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। इसके साथ ही भारत उन 26 अन्य देशों में शामिल हो गया है, जो चंद्रमा, मंगल और उससे आगे की खोज को सक्षम करेंगे।

**सुरक्षा क्षेत्र**

**एआइ पर जोर :** भारत और अमेरिका ने जेनरेटिव एआइ सहित भरोसेमंद एआइ पर संयुक्त और अंतरराष्ट्रीय सहयोग विकसित करने की प्रतिबद्धता जतायी है।

**कूटनीति**

**दो वाणिज्य दूतावास :** दोनों देशों के बीच संपर्क को और बढ़ावा देने के लिए अमेरिका भारत में दो वाणिज्य दूतावास खोलेगा। एक बेंगलुरु में, जबकि दूसरा अहमदाबाद में होगा।

### भारत को हथियारों की बिक्री में तेजी लाने संबंधी विधेयक अमेरिकी संसद में पेश

**वाशिंगटन।** अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के दोनों सदनों में गुरुवार को भारत को हथियारों की बिक्री में तेजी लाने संबंधी विधेयक पेश किया गया। सांसदों के एक समूह ने कहा कि सामरिक साझेदारी मजबूत करने से उनके साझा सुरक्षा हितों की रक्षा होगी। यह विधेयक ऐसे समय में पेश किया गया, जब भारतीय प्रधानमंत्री अमेरिकी राष्ट्रपति के निमंत्रण पर अमेरिका की अपनी पहली आधिकारिक राजकीय यात्रा पर हैं।

## अब काहिरा में प्रधानमंत्री मोदी का इंतजार



**काहिरा (हि.स.)।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समय अमेरिका के दौरे पर हैं। अमेरिका में मोदी छाए हुए हैं। अमेरिका के बाद अब काहिरा में मोदी का इंतजार किया जा रहा है। अपनी अमेरिका यात्रा समाप्त कर भारतीय प्रधानमंत्री मिस्त्र की यात्रा पर जायेंगे। भारतीय प्रधानमंत्री 23 जून तक अमेरिका की यात्रा पर रहेंगे। अमेरिका से मोदी मिस्त्र के लिए रवाना होंगे। वे 24-25 जून को दो दिन की राजकीय यात्रा पर मिस्त्र में रहेंगे। यह वर्ष 1997 के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली मिस्त्र यात्रा होगी। वे मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्दुल फतह अल-सीसी के निमंत्रण पर यह यात्रा कर रहे हैं। अपनी मिस्त्र यात्रा के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मिस्त्र की राजधानी काहिरा स्थित अल हकीम मस्जिद भी जायेंगे।

स्पीड न्यूज

### संरा का आतंकवाद पर व्यापक समझौते को अपनाने का आह्वान

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपने 193 सदस्यों से भारत के प्रस्ताव पर अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक समझौते को अपनाने का आह्वान किया है। भारत का यह प्रस्ताव एक चौथाई सदी से भी अधिक समय से लटका हुआ है। महासभा ने गुरुवार को अपने एक प्रस्ताव पर अपने सदस्यों से यह आह्वान किया। संयुक्त राष्ट्र वैश्विक आतंकवाद-रोधी रणनीति की समीक्षा करने वाले इस प्रस्ताव में सभी देशों के आतंकवादी समूहों को सुरक्षित पनाहगाह, संचालन की स्वतंत्रता, आंदोलन और भर्ती और वित्तीय, सामग्री या राजनीतिक समर्थन से इनकार करने और आतंकवादियों और उनके प्रत्यर्पण को न्याय के दायरे में लाने या प्रत्यर्पित करने का दायित्व दोहराया गया। महासभा ने आतंकवाद-रोधी सप्ताह के दौरान इस प्रस्ताव पर उच्चस्तरीय बैठक में चर्चा की।

### रेलवे ने अमेरिकी एजेंसी के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किये

**नयी दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने शुक्रवार को घोषणा की कि भारतीय रेलवे ने 2030 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन की उपलब्धि हासिल करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा और ऊर्जा दक्षता पर सहयोग के लिए अमेरिकी संघीय सरकारी एजेंसी के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। भारतीय रेलवे (आइआर) और यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट, इंडिया (यूएसएआइडी/इंडिया) के बीच 14 जून को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये गये।

### विहिप की बैठक आज से रायपुर में

**रायपुर।** मतांतरण, लव जिहाद, गोहत्या व मंदिरों को सरकारी अधिग्रहण से मुक्ति के साथ धर्मांतरण विरोधी कानून केंद्र व राज्यों में आये, इसके लिए प्रयास किया जायेगा। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के केंद्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे ने यह बात शुक्रवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने बताया कि केंद्रीय समिति की बैठक में इन सभी मुद्दों को लेकर योजना बनेगी। देशभर में सभी संत जन जागरण यात्रा करेंगे। उन्होंने बताया कि विहिप की केंद्रीय प्रबंध समिति की बैठक 24 जून से रायपुर में होने जा रही है। इस त्रिदिवसीय बैठक में संगठन की 2024 में होने वाली षष्ठीपूर्ति (60 वर्ष) के लक्ष्य तय करने के साथ उनकी सिद्धि हेतु व्यापक कार्ययोजना बनायी जायेगी। विहिप अपने सेवा कार्यों को द्रुत गति देने के साथ धर्मांतरण, लव जिहाद, गौ हत्या व मंदिरों के सरकारी अधिग्रहण से मुक्ति हेतु मंथन करेगी।

## केंद्र सरकार ने बिजली नियमों में किया संशोधन, टीओडी टैरिफ पेश

# उपभोक्ताओं को अब मिलेगी सस्ती बिजली

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने प्रचलित बिजली व्यवस्था में दो महत्वपूर्ण बदलाव करने के लिए शुक्रवार को विद्युत (उपभोक्ताओं के अधिकार) नियम, 2020 में एक संशोधन पारित किया है। ये बदलाव दिन के समय (टीओडी) टैरिफ की शुरुआत और स्मार्ट मीटरिंग प्रावधानों के युक्तिकरण से संबंधित है। बिजली मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है।

दिन के समय (टीओडी) टैरिफ प्रणाली में, दिन के हर समय एक ही दर पर बिजली के लिए शुल्क लेने के बजाय, बिजली के लिए आपके द्वारा भुगतान की जाने वाली कीमत दिन के समय के अनुसार अलग-अलग होगी। टीओडी टैरिफ प्रणाली के तहत, सौर घंटों (राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा निर्दिष्ट एक दिन में आठ घंटे की अवधि) के दौरान टैरिफ सामान्य टैरिफ से 10 से 20 प्रतिशत कम होगा, जबकि पीक घंटों के दौरान टैरिफ 10 से 20 प्रतिशत अधिक होगा।

टीओडी टैरिफ 10 किलोवाट और उससे अधिक की अधिकतम मांग वाले वाणिज्यिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए 1 अप्रैल, 2024 से और कृषि उपभोक्ताओं को छोड़कर अन्य सभी उपभोक्ताओं के लिए 1 अप्रैल, 2025 से लागू होगा। स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं के लिए टाइम ऑफ डे टैरिफ स्मार्ट मीटर लगने के तुरंत बाद प्रभावी कर दिया जायेगा।

केंद्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने कहा कि टीओडी उपभोक्ताओं के साथ-साथ बिजली प्रणाली के लिए भी फायदे का सौदा है। उन्होंने कहा, टीओडी टैरिफ में पीक आवर्स, सोलर आवर्स और सामान्य घंटों के लिए अलग-अलग टैरिफ शामिल हैं, उपभोक्ताओं को टैरिफ के अनुसार अपने लोड का प्रबंधन करने के लिए मूल्य संकेत भेजा जा सकता है। टीओडी टैरिफ तंत्र के बारे में जागरूकता और प्रभावी उपयोग से उपभोक्ता अपने बिजली बिल को कम कर सकते हैं। चूंकि सौर ऊर्जा सस्ती है, सौर ऊर्जा घंटों के दौरान टैरिफ कम होगा, इसलिए उपभोक्ता को लाभ होगा। गैर-सौर घंटों के दौरान थर्मल और जल विद्युत के साथ-साथ गैस आधारित क्षमता का उपयोग किया जाता है, उनकी लागत सौर ऊर्जा की तुलना में अधिक होती है, यह दिन के समय के टैरिफ में दिखायी देगी। अब उपभोक्ता अपनी बिजली लागत को कम करने के लिए अपने उपभोग की योजना बना सकते हैं। बिजली की लागत कम होने पर सौर घंटों के दौरान अधिक गतिविधियों की योजना बना सकते हैं।

सरकार ने स्मार्ट मीटरिंग के नियमों को भी आसान कर दिया है। उपभोक्ताओं की असुविधा व उत्पीड़न से बचने के लिए, उपभोक्ता की मांग में अधिकतम स्वीकृत भार व मांग से अधिक वृद्धि पर मौजूदा जुमार्ने को कम कर दिया गया है। मीटरिंग प्रावधान में संशोधन के अनुसार, स्मार्ट मीटर की स्थापना के बाद, स्थापना तिथि से पहले की अवधि के लिए स्मार्ट मीटर द्वारा दर्ज की गयी अधिकतम मांग के आधार पर उपभोक्ता पर कोई दंडात्मक शुल्क नहीं लगाया जायेगा। लोड संशोधन प्रक्रिया को भी इस तरह से तर्कसंगत बनाया गया है कि अधिकतम मांग को केवल तभी ऊपर की ओर संशोधित किया जायेगा, जब स्वीकृत लोड एक वित्तीय वर्ष में कम से कम तीन बार से अधिक हो गया हो। इसके अलावा, स्मार्ट मीटर को दिन में कम से कम एक बार दूर से (रिमोटली) पढ़ा जायेगा और उपभोक्ताओं के साथ डाटा साझा किया जायेगा, ताकि वे बिजली की खपत के बारे में सूचित निर्णय ले सकें।

## कश्मीर घाटी के युवा लैपटॉप उठायें और आगे बढ़ें : शाह



**श्रीनगर (हि.स.)।** राजभवन श्रीनगर में कई परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि कश्मीर घाटी की युवा पीढ़ी का भविष्य बंदूकों और पत्थरों में नहीं है, बल्कि विशाल भारतीय और वैश्विक बाजार उनकी प्रतिभा का इंतजार कर रहे हैं। शाह ने कहा कि कश्मीरी युवाओं को बंदूक और पत्थर सौंपने वाले कभी भी घाटी के युवाओं के शुभचिंतक नहीं थे। कश्मीरी युवाओं का भविष्य बंदूकों और पत्थरों में नहीं है। लैपटॉप उठायें और आगे बढ़ें, क्योंकि बड़े अवसर आपका इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में कश्मीर में काफी बदलाव आया है। स्कूल बंद होने, हड़ताल के आह्वान और विस्फोटों पर नियंत्रण कर लिया गया है और कश्मीर घाटी में शांति का माहौल है। पिछले साल 1.88 करोड़ पर्यटकों ने कश्मीर का दौरा किया था। शाह ने कहा कि गांधी, अब्दुल्ला और मुफ्ती परिवारों ने कभी भी जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को पनपने नहीं दिया। 70 साल तक यहां कभी पंचायत चुनाव नहीं हुए। बदलाव सुनिश्चित करने के लिए इच्छाशक्ति की जरूरत है और यह इच्छाशक्ति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिखायी, जिन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाया कि जम्मू-कश्मीर में पंचायत चुनाव हों और लोकतंत्र जम्मू-कश्मीर के हर गांव तक पहुंचे। नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला और पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती पर कहा कि उन्होंने अपने-अपने तरीके से जी-20 शिखर सम्मेलन का स्वागत किया, लेकिन जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के व्यक्तिगत प्रयासों से यह आयोजन एक बड़ी सफलता बन गया।

## दुनिया में रहने के लिए सबसे श्रेष्ठ शहर आस्ट्रिया का वियना

**नयी दिल्ली (हि. स.)।** दुनिया में रहने के लिए सबसे श्रेष्ठ शहर आस्ट्रिया का वियना है। यह दावा इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट ने 'ग्लोबल लिवेबिलिटी इंडेक्स 2023' नामक जारी में डाटा में किया गया है, जिसमें रहने योग्य सबसे उत्तम और सबसे खराब शहरों का जिक्र है। सूची में दिल्ली और मुंबई को 60वां स्थान मिला है। इस सूची में स्वास्थ्य व्यवस्था, संस्कृति, स्थिरता और पर्यावरण समेत कई कारकों के आधार पर यह आंकड़ा तैयार किया गया है। 'ग्लोबल लिवेबिलिटी इंडेक्स 2023' द्वारा जारी की गई सूची के मुताबिक, टॉप 10 शहरों में कोई भी भारतीय शहर नहीं है। इस सूची में रहने योग्य सबसे उत्तम शहर वियना है, जबकि डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन दूसरे पायदान पर है। जबकि, ऑस्ट्रेलिया का मेलबर्न तीसरा और सिडनी को चौथा स्थान मिला है। कनाडा का वैंकूवर पांचवें पायदान पर है। टॉप 10 शहरों में कनाडा के सबसे ज्यादा तीन शहर, ऑस्ट्रेलिया और स्विट्जरलैंड के दो-दो शहर शामिल हैं। सर्वे के मुताबिक, एशिया-प्रशांत शहरों ने जहां एक तरफ तरक्की की है। वहीं, पश्चिमी यूरोपीय शहर 2023 की रैंकिंग में नीचे खिसक गये। यूक्रेन की राजधानी कीव को 173 शहरों की सूची में 165वां स्थान मिला है, जबकि 2022 में रूस का मॉस्को शहर खिसककर 96वें स्थान पर आ गया था और इस वर्ष मॉस्को अपने स्थान पर बरकरार है।

## साहित्य अकादमी का युवा पुरस्कार अतुल राय को

**नयी दिल्ली।** साहित्य अकादमी ने वर्ष 2023 के लिए युवा और बाल साहित्य पुरस्कार की शुक्रवार को घोषणा की। हिंदी के लिए युवा पुरस्कार अतुल कुमार राय के उपन्यास चांदपुर की चंदा और बाल साहित्य के लिए सूर्यनाथ सिंह की पुस्तक कौतुक ऐप को प्रदान किया जायेगा। साहित्य अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक की अध्यक्षता में अकादमी के कार्यकारी मंडल की बैठक में 20 युवा लेखकों की पुस्तकों एवं 22 बाल साहित्यकारों के लिए पुरस्कार-2023 अनुमोदित किये गये। इन पुस्तकों को त्रिसदस्यीय निर्णायक मंडल ने पुरस्कार के लिए चुना।

## लापता पनडुब्बी में सवार सभी की मौत टाइटैनिक का मलबा देखने गये थे

**बोस्टन (हि.स.)।** टाइटैनिक जहाज का मलबा देखने के लिए टाइटन पनडुब्बी से गये सभी सवार लोगों की मौत हो गयी है। यह पनडुब्बी उत्तरी अटलांटिक में लापता हो गया था। तलाशी अभियान के दौरान टाइटैनिक जहाज के पास लापता पनडुब्बी का मलबा मिला। यूएस कोस्ट गार्ड ने यह जानकारी दी है। यूएस कोस्ट गार्ड के रियर एडमिरल जॉन माउगर ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि टाइटन सबमर्सिबल की खोज के दौरान लगाये गये यंत्रों में धमाकों की आवाज नहीं सुनाई दी, जिससे माना जाता है कि पनडुब्बी में सवार सभी यात्रियों की मौत हो गयी है।

माउगर ने कहा कि जब हम इसकी तलाशी अभियान चला रहे थे तो हमारे पास पूरे पानी में सुनने के उपकरण थे। हालांकि, उपकरण में धमाकों की आवाज नहीं सुनाई दी। मालूम हो कि अमेरिकी तटरक्षक, कनाडाई सैन्य विमान, फ्रांसीसी जहाज और टेलीगाइडेड रोबोट ने तलाशी अभियान चलाया था। अमेरिकी तटरक्षक बल व कंपनी की ओर से बताया गया कि पनडुब्बी से स्थानीय समयानुसार रविवार सुबह छह बजे जब संपर्क टूटा था, उस समय उसमें चार दिन की आक्सीजन आपूर्ति थी। वहीं, पनडुब्बी संचालक कंपनी ओसिएनगेट ने अपने एक बयान में कहा कि कंपनी के सीइओ स्टॉकटन रश सहित जहाज पर सवार सभी पांच लोगों की मौत हो गयी है।

## स्पेशल डिस्काउंट के बाद भी नहीं चली फिल्म 'आदिपुरुष'

**सुपर स्टार** प्रभास, कृति सेनन और सैफ अली खान स्टारर 'आदिपुरुष' को रिलीज हुए एक हफ्ता हो गया है। एक तरफ जहां इस फिल्म की आलोचना हो रही है, वहीं इन सबका असर बॉक्स ऑफिस कलेक्शन पर भी पड़ रहा है। अब इस फिल्म का सातवें दिन का कलेक्शन सामने आ गया है। कलेक्शन के आंकड़े बेहद निराशाजनक हैं। रिलीज के बाद 'आदिपुरुष' ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर शानदार ओपनिंग की थी। फिल्म ने पहले वीकेंड में ही वर्ल्डवाइड 300 करोड़ का कलेक्शन कर लिया। लेकिन, रिलीज के दो दिन बाद से ही 'आदिपुरुष' की हालत खराब हो गयी। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का



कारोबार लगातार धीमा होता जा रहा है। फिल्म 'आदिपुरुष' की सातवें दिन की कमाई इतनी कम है कि 500 करोड़ से ज्यादा के बजट पर बनी इस फिल्म के मेकर्स को पसीना आ रहा है। फिल्म के डायलॉग की लगातार हो रही ट्रोलिंग के चलते मेकर्स ने विवादित डायलॉग को भी बदल दिया है। इतना ही नहीं, दर्शकों को सिनेमाघरों तक लुभाने के लिए टिकट के दाम भी कम कर दिये गये हैं। अब भी इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर खास सफलता नहीं मिल रही है। 'आदिपुरुष' के कलेक्शन के नये आंकड़ों पर नजर डालें, तो आपको इस बात का एहसास हो जायेगा कि इस फिल्म को कितना रिस्पांस मिल रहा है। सैकनिल्क के शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक, सातवें दिन भी आदिपुरुष के कलेक्शन में भारी गिरावट आयी है। फिल्म ने 22 जून को देशभर में 5.50 करोड़ का ही बिजनेस किया है। 'आदिपुरुष' ने सात दिनों में घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कुल 260 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है।

### 'आदिपुरुष' को छोड़कर नेपाल में हिंदी फिल्मों का प्रदर्शन शुरू

**काठमांडू (हि.स.)।** 'आदिपुरुष' को छोड़कर अन्य हिंदी फिल्मों का प्रदर्शन नेपाल में शुक्रवार से दोबारा शुरू हो गया है। काठमांडू और देशभर में शुक्रवार को हिंदी फिल्में दिखायी गयीं। दरअसल, गुरुवार को नेपाल की अदालत ने हिंदी फिल्मों की स्क्रीनिंग पर प्रतिबंध लगाने के काठमांडू मेट्रोपॉलिटन सिटी के मेयर बालेन शाह के कदम को रोकने के लिए अंतरिम आदेश जारी किया था। इसके बाद नेपाल में फिल्म संचालकों के संगठन नेपाल फिल्म एसोसिएशन के महासचिव नरेंद्र महर्जन ने बताया था कि 'आदिपुरुष' को छोड़कर शुक्रवार से देशभर में हिंदी फिल्में दिखायी जायेंगी। कोर्ट के आदेश का पालन करने के लिए फिल्म एसोसिएशन ने आज से फिल्म दिखाना शुरू कर दिया है।

## एनएचआरसी ने राज्यों के प्रशासन को जारी की एडवाइजरी

**नयी दिल्ली।** न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने न्यायिक हिरासत में कैदियों द्वारा जानबूझकर खुद को नुकसान पहुंचाने और आत्महत्या के प्रयासों को कम करने के लिए केंद्र, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन को एक परामर्शी जारी की है। एनएचआरसी ने पाया है कि अधिकांश कैदियों की अप्राकृतिक मौतें आत्महत्या के कारण होती हैं। इन आत्महत्याओं को रोकने के लिए उनपर ध्यान देने के अलावा एनएचआरसी ने इस बात पर जोर दिया है कि बैरकों के साथ-साथ शौचालयों को, जहां सबसे अधिक आत्महत्याएं होती हैं, उन वस्तुओं से मुक्त रखा जाना चाहिए।






# क्यों मोबाइल फोन के क्षेत्र में भारत की प्रगति मैन्यूफैक्चरिंग की दृष्टि से एक बड़ी सफलता है!




## अब भारत में उपयोग किए जा रहे 99.2 प्रतिशत मोबाइल हैंडसेट भारत में ही निर्मित

**राजेश कुमार सिंह एवं कुमार वी. प्रताप**

**हाल** में अखबारों में छपे कई लेखों ने इस आशय की एक धारणा बनाने की कोशिश की है कि भारत में कम मूल्यवर्धन के कारण मोबाइल फोन के निर्यात को बढ़ावा देने में उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना की भूमिका संदिग्ध रही है।

इस तरह की आलोचना में निम्नलिखित प्रमुख तत्व शामिल होते हैंः - केवल सीमा शुल्क की ऊंची दर लागू करने के कारण ही मोबाइल का शुद्ध आयात सकारात्मक हो गया है; पीएलआई योजना के तहत किए जाने वाले प्रोत्साहन का भुगतान भारत में होने वाले मूल्य वर्धन से अधिक हो सकता है; पीएलआई योजना की घोषणा के बाद से भारत आयात पर निर्भर हो गया है और इस बात का नए सिरे से मूल्यांकन करने की जरूरत है कि पीएलआई योजनाओं के तहत नौकरियां सृजित की गई हैं या नहीं और ऐसी नौकरियों के लिए संबद्ध लागत क्या रहीं हैं। तर्क के ये बिंदु काफी हद तक गलत हैं, जैसाकि निम्नलिखित विस्तृत व्याख्या से स्पष्ट हैः

सीमा शुल्क नीति में बदलाव उत्पादन और निर्यात संबंधी घरेलू क्षमताओं को बढ़ाने की एक सोची समझी रणनीति का हिस्सा है। वर्ष 2015 की तुलना में, अब भारत में उपयोग किए जा रहे 99.2 प्रतिशत मोबाइल हैंडसेट भारत में ही निर्मित हैं।

पीएलआई के तहत प्रोत्साहन छह प्रतिशत भी नहीं है (यह चरणबद्ध तरीके से दो प्रतिशत से भी कम हो जाएगा) और यह केवल वृद्धिशील उत्पादन पर लागू है। पीएलआई योजना के लाभार्थियों की बाजार हिस्सेदारी जहां मात्र 20 प्रतिशत थी, वहीं वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान मोबाइल फोन के निर्यात में उनकी भागीदारी 82 प्रतिशत थी। विश्लेषणों से यह पता चलता है कि मॉडल और जटिलता के आधार पर मोबाइल में घरेलू मूल्यवर्धन 14-25 प्रतिशत के बीच है।

चार्जर, बैटरी पैक, हेडसेट, मैकेनिक्स, कैमरा मॉड्यूल, डिस्प्ले असेंबली से जुड़ी सब-असेंबली एवं आपूर्ति श्रृंखला के मामले में ठोस विकास देखा जा रहा है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को भारत में स्थानांतरित किए जाने के अलावा पश्चिमी यूरोप, अमेरिका और विकसित एशिया सहित निर्यात के लिए नए बाजारों का समावेश किया गया है। घटकों से जुड़े इकोसिस्टम में भी सकारात्मक बदलाव दिखाई दे रहे हैं। इस इकोसिस्टम में टाटा जैसी बड़ी भारतीय कंपनियां प्रवेश कर चुकी हैं और इस प्रकार, इस तरह के नीतिगत हस्तक्षेप से पैदा होने वाली बाह्यताएं महत्वपूर्ण हो गई हैं।

हमें इस बात पर विचार करने की जरूरत है कि पीएलआई योजना के अभाव में मोबाइल एवं उसके घटकों के आयात का क्या हश्र हुआ होता और जैसाकि अन्य देशों के अनुभवों से स्पष्ट है, इनकी आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करने में कितना समय लगा होता। चीन ने 25 वर्षों में 1.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग तैयार किया है, लेकिन अभी भी उसके पास सेमीकंडक्टर्स, मेमोरी और ओएलईडी डिस्प्ले जैसे स्मार्टफोन के प्रमुख घटकों के निर्माण की क्षमता का अभाव है। ये घटक मिलकर स्मार्टफोन के मूल्य का 45 प्रतिशत होते हैं। वर्ष 2022 में चीन का इलेक्ट्रॉनिक्स का आयात 650 बिलियन अमेरिकी डॉलर का था। कुल 15 वर्षों के बाद, वियतनाम के पास 18 प्रतिशत मूल्यवर्धन के साथ 140 बिलियन अमेरिकी डॉलर का इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग है।

इन दोनों देशों के अनुभव घरेलू मूल्यवर्धन को बढ़ाने के लिए पैमाने के महत्व को रेखांकित करते हैं। विशेष रूप से निर्यात के संदर्भ में। कई आलोचनात्मक रिपोर्टें नीतिगत हस्तक्षेप की एक ठहरी हुई तस्वीर पेश करती हैं, जबकि इसका परिप्रेक्ष्य बहुआयामी होना चाहिए।

एलएसईएम के लिए पीएलआई योजना ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के अंत तक 65.62 बिलियन रुपये का निवेश आकर्षित किया है, जिससे कुल 2.84 ट्रिलियन रुपये मूल्य का उत्पादन हुआ है। इसमें 1.29 ट्रिलियन रुपये का निर्यात शामिल है और 100,000 से अधिक का प्रत्यक्ष रोजगार और लगभग 2,50,000 अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुआ है। सभी नई सृजित नौकरियों में महिला रोजगार की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत है, जो भारत में औपचारिक क्षेत्र के रोजगार में लैंगिक संतुलन को ठीक रखने में मदद करेगा। वर्ष 2014 के बाद से, इस क्षेत्र में एक मिलियन से अधिक नौकरियों का समावेश किया गया है।

एप्पल के अपने सबसे उन्नत मॉडलों के निर्माण सहित भारत में आईफोन के अपने उत्पादन का विस्तार करने के फैसले के साथ भारत ने इस क्षेत्र में एक आकस्मिक प्रगति की है। अनुमान है कि 2025 तक कुल ऐप्पल आईफोन का एक चौथाई हिस्सा भारत में निर्मित होगा।

निष्कर्ष के तौर पर, पीएलआई योजनाओं की सफलता को रोजगार सृजन, मैन्यूफैक्चरिंग के क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में वृद्धि, निर्यात में वृद्धि और निर्यात के क्षेत्र में होने वाले विविधीकरण के साथ-साथ उल्लेखनीय मूल्यवर्धन और कई पीएलआई उत्पादों, विशेष रूप से मोबाइल फोन के क्षेत्र में बढ़ती स्थानीय मूल्य श्रृंखला के निर्माण के रूप में इसके योगदान की दृष्टि से देखा जाना चाहिए।

# भारत ने वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने हेतु एक इकोसिस्टम वाला दृष्टिकोण अपनाया

**किसी** को भी इस तथ्य की सराहना करनी चाहिए कि इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन के एक मजबूत इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के क्रम में, उत्पादन प्रक्रिया के विभिन्न तत्व स्थानीयकरण के विभिन्न चरणों में हैं। प्रारंभिक ध्यान जहां भारत में बड़े पैमाने पर मोबाइल फोन की असेंबली को आकर्षित करने पर रहा है, वहीं अगला चरण घटकों के स्थानीयकरण के साथ उत्पादन मूल्य श्रृंखला को मजबूत करने की दिशा में होगा। अधिकांश आलोचनात्मक रिपोर्टों में इस प्रगतिशील बदलाव की सूक्ष्म समझ नहीं दिखाई दे रही है।

भारत सरकार ने भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन एंड मैन्यूफैक्चरिंग (ईएसडीएम) के वैश्विक केन्द्र के रूप में स्थापित करने हेतु एक इकोसिस्टम वाला दृष्टिकोण अपनाया है। वर्ष 2014-15 के दौरान, न्यूनतम मूल्यवर्धन एवं उच्च आयात निर्भरता के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन 37 बिलियन अमेरिकी डालर का था। पिछले नौ वर्षों में, भारत ने इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन में महत्वपूर्ण प्रगति की है जो 2022-23 में (उद्योग जगत के अनुमानों के अनुसार) लगभग तीन गुना बढ़कर 101 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है, निर्यात चार गुना बढ़कर 23 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है और मूल्यवर्धन बढ़कर 23 प्रतिशत हो गया है। वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी 2012 के 1.3 प्रतिशत से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2021-22 में 3.75 प्रतिशत हो गई है।

इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के लिए पीएलआई योजना के शुभारंभ के परिणामस्वरूप, भारत संख्या के मामले में दुनिया में मोबाइल फोन के दूसरे सबसे बड़े निमार्ता के रूप में उभरा। मोबाइल फोन का उत्पादन वित्तीय वर्ष 2014-15 में 60 मिलियन से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2021-22 में लगभग 320 मिलियन हो गया।



वर्ष 2014 में दुनिया का कुल तीन प्रतिशत मोबाइल हैंडसेट निर्माण करने से लेकर इस साल भारत अनुमानित रूप से दुनिया के कुल 19 प्रतिशत मोबाइल हैंडसेट का निर्माण करेगा। मूल्य की दृष्टि से मोबाइल फोन का उत्पादन वित्तीय वर्ष 2014-15 में 190 बिलियन रुपये से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2022-23 में 3.5 ट्रिलियन रुपये का हो गया है। 101 बिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के कुल इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन में, स्मार्टफोन का उत्पादन 44 बिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य का है और उसका निर्यात 11.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य का है। इस तथ्य को स्थापित करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं कि भारत में मोबाइल का उत्पादन मजबूत होने के साथ-साथ व्यापक होता जा रहा है, जिसमें घरेलू मूल्यवर्धन, रोजगार और आय में वृद्धि शामिल है।

# भारत इंटरनेट स्पीड में 56वें स्थान पर




**ओकला** की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, मई में भारत की औसत मोबाइल रफ्तार वैश्विक रूप से तीन स्थान बेहतर हुई है। वैश्विक मोबाइल इंटरनेट रफ्तार की नवीनतम रैंकिंग में भारत तीन स्थानों के सुधार के साथ 56वें स्थान पर आ गया है। ओकला स्पीडटेस्ट ग्लोबल इंडेक्स की हालिया रैंकिंग में यह जानकारी दी गई। मई के लिए जारी इस रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में मोबाइल डाउनलोड की औसत रफ्तार अप्रैल में 36.78 मेगाबाइट प्रति सेकंड (एमबीपीएस) से बढ़कर मई में 39.94 एमबीपीएस हो गई। ओकला मासिक आधार पर दुनियाभर के मोबाइल और फिक्स्ड ब्रॉडबैंड की रफ्तार की रैंकिंग तय करती है।

ओकला की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, मई में भारत की औसत मोबाइल रफ्तार वैश्विक रूप से तीन स्थान बेहतर हुई है। हालांकि फिक्स्ड ब्रॉडबैंड की औसत रफ्तार में भारत मई में एक स्थान नीचे खिसकते हुए 84वें स्थान पर आ गया है।

वहीं, फिक्स्ड औसत डाउनलोड रफ्तार में भारत का प्रदर्शन मई में 52.53 एमबीपीएस हो गया जबकि अप्रैल में यह 51.12 एमबीपीएस था। ओकला स्पीडटेस्ट ग्लोबल इंडेक्स की मई रैंकिंग में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) मोबाइल रफ्तार के मामले में सबसे आगे है जबकि मॉरीशस ने 11 स्थानों की छलांग लगाई है। फिक्स्ड ब्रॉडबैंक डाउनलोड रफ्तार में सिंगापुर मई में सर्वश्रेष्ठ बना हुआ है वहीं बहरीन ने 17 स्थानों की छलांग लगाई है।




## इलेक्ट्रानिक्स निर्यात देश का सबसे बड़ा तीसरा निर्यातक

**इलेक्ट्रॉनिक्स** का निर्यात भारत होने वाला तीसरा सबसे बड़ा निर्यात हो जाएगा और वह 2025 तक रत्न एवं आभूषण को पीछे छोड़ते हुए तीसरे स्थान पर काबिज हो जाएगा।

अप्रैल-मई 2023 के दौरान इलेक्ट्रॉनिक्स सामान का निर्यात बढ़कर छठे से चौथे पायदान पर आ गया। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक यह पहला मौका है, जब भारत से होने वाले शीर्ष 30 जिंसों के निर्यात में इलेक्ट्रॉनिक सामान शीर्ष 5 में शामिल हो पाया है। इलेक्ट्रॉनिक्स ने कार्बनिक व अकार्बनिक रसायनों और दवाओं व फार्मास्यूटिकल्स को पछाड़ दिया है।इस अवधि के दौरान इलेक्ट्रॉनिक्स आयात पिछले साल की समान अवधि के 3.06 अरब डॉलर की तुलना में 48 प्रतिशत बढ़कर 4.54 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इंडियन सेलुलर ऐंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) के मुताबिक मोबाइल उपकरणों के निर्यात में जोरदार बढ़ोतरी से इसे बल मिला है, जो बढ़कर 2.66 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। कुल इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में मोबाइल की हिस्सेदारी 58 प्रतिशत से ज्यादा है।

अप्रैल-मई 2023 के दौरान शीर्ष 10 निर्यातित वस्तुओं में इलेक्ट्रॉनिक्स की हिस्सेदारी मूल्य के हिसाब से बढ़कर 8 प्रतिशत हो गई है, जो पहले के साल में सिर्फ 4.54 प्रतिशत थी। इसे भारत के निर्यात बॉस्केट में इसके बढ़ते महत्त्व का पता चलता है। यह भी दिलचस्प है कि रत्न एवं आभूषण (जो तीसरे स्थान पर है) के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स का अंतर बहुत तेज घट रहा है, क्योंकि इस सेक्टर में वैश्विक मंदी है और यूरोप के कई देशों में आर्थिक सुस्त के कारण मांग घटी है।

इसकी वजह से रत्न एवं आभूषण का निर्यात अप्रैल-मई के दौरान घटकर 5.25 अरब डॉलर रह गया है, जो पिछले साल की समान अवधि में हुए 6.69 अरब डॉलर निर्यात से 22 प्रतिशत कम है। हालांकि अभी भी रत्न एवं आभूषण का निर्यात वित्त वर्ष 23 के अप्रैल मई के दौरान इलेक्ट्रॉनिक्स के निर्यात से करीब 15 प्रतिशत ज्यादा है, लेकिन इसके पहले यह 118 प्रतिशत अधिक था।

आईसीईए का अनुमान है कि इलेक्ट्रॉनिक्स का निर्यात भारत होने वाला तीसरा सबसे बड़ा निर्यात हो जाएगा और वह 2025 तक रत्न एवं आभूषण को पीछे छोड़ते हुए तीसरे स्थान पर काबिज हो जाएगा।यह सफलता सिर्फ एक सेग्मेंट, मोबाइल डिवाइस की वजह से दिख रही है, जिसमें ऐपल के वेंडरों फॉक्सकॉन, विस्ट्रॉन और पेगाट्रॉन की अहम भूमिका है। मोबाइल डिवाइस के कुल निर्यात में इनकी हिस्सेदारी 75 प्रतिशत से कम है। दूसरे हिसाब से कहें तो ऐपल का निर्यात अप्रैल-मई 2023 के दौरान शीर्ष 10 नियार्तों के कुल मूल्य का 3.5 प्रतिशत था।

# एआई और आइटी की तरह चिंताजनक है पर्यावरण परिवर्तन

**पर्यावरण के नीति और नियम में खोट से समस्या बढ़ रही है: सरयू राय**

रांची विश्वविद्यालय के प्रबंधन संस्थान के सभागार में जलवायु परिवर्तन और टिकाउ विकास विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुक्रवार को आयोजित इस कार्यक्रम में विधायक और पर्यावरणविद सरयू राय, विनोभा भावे यूनिवर्सिटी के पूर्व वीसी रमेश शरण, श्यामा प्रसाद विवि रांची के वीपी प्रो तपन कुमार शांडिल्य सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया।






कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विधायक एवं पर्यावरणविद सरयू राय ने कहा अब हमारी जिंदगी में पर्यावरण ऐसा रच बस गया है कि हमारा सुबह मौसम की गर्मी तो दोपहर तपती गर्मी शाम बादलों और बरसात की प्रतिक्षा में बीतता है। मॉनसून आया कि नहीं यह आम लोगों के चर्चा का विषय बना हुआ है। दुनिया प्रकृति के अनुसार चल रही है और हम पृथ्वी के गर्भ में से भी कोयला, तेल, जल निकालने में लगे हुए है। प्रकृति का विनाश हम विकास के क्रम में कर रहें हैं। सिर्फ तीन सौ साल में ही हमने इतना सर्वनाश कर दिया है। औद्यागिक क्रांति कोयला मिलने और उससे वाप्प की ताकत मिलने से आरंभ हुई जो गैस, पेट्रोल और बिजली मिलने के बाद और अधिक तेज हो गयी। पहले परिवर्तन का समय भी अधिक था अब यह कम होता जा रहा है। पृथ्वी पर चिंता किया जा रहा है लेकिन एक से एक विकसित अविष्कार जैसे आर्टिफिसिलय इंटलिजेंस जैसे विषयों से होने वाले परिवर्तन की चिंता हो रही है। हमारी स्थिति कालिदास जैसी हो गयी है कि हम जिस पृथ्वी पर रहते हैं उसी के नाश में लगे हुए है। 18 वीं सदी से 21 वीं सदी के बीच हमने प्रकृति पर विजय प्राप्त करने की बात करते-करते पृथ्वी के नाश की कहानी तैयार कर दी। हमें कितना पानी और कितने कोयले का खपत करना है यह समझना होगा। पृथ्वी एक धुरी पर घूम रही है। पृथ्वी को खोखला करने से इसके धूर्णप पर हाने वाले असर का अध्ययन करना अभी शेष है। आज समय आ गया है जब ग्रीनरी के साथ डवलपमेंट अनिवार्य हो गया है। पृथ्वी पर उपलब्ध संसाधनों को हम अपने जीडीपी से जोड़ते हैं। दोहर की कोई सीमा नहीं तय की गयी है। आज अमीरी भी बढ़ी है और गरीबी भी। श्री राय ने जोर देते हुए कहा कि समय आ गया है जब अंतरिक्ष में जाने वाले को जिस प्रकार ताप और दबाव सहने की प्रेरणा दी जाती है उसी प्रकार का प्रशिक्षण हमलोगों को लेना पड़ेगा। हम 1990 तक पानी के बोतल की कोई कल्पना नहीं करते थे लेकिन आज यह किस प्रकार जगह बना लिया है। प्लास्टिक कूड़ें से होने वाले प्रभाव पृथ्वी और समुद्र दोनों स्थान पर देखे जा रहे हैं। 1961 में रोम में पर्यावरण पर चिंता व्यक्त करने के लिये सम्मेलन हुए तब से आज तक लगातार सम्मेलनों का दौर जारी है। अब वर्ष में चार सम्मेलन हो रहें हैं। आज सरकारें आम लोगों की चिंता नहीं कर रही है। चांडिल स्टेशन के प्लेटफार्म से कोयला की लोड़िंग हो रही है जबकि यह नियम के खिलाफ है। सरकार की नीतियों में कमी है खोट है।

इस अवसर पर आरपीपी सिंह फाउडेशन की ओर से अविनाश कुमार ने कहा पिताजी का आज जन्म दिन है और इस अवसर पर हम उनके द्वारा दिखाये रास्ते पर चलने का प्रयास कर रहें हैं। फाउडेशन शिक्षा के क्षेत्र में लगातार काम करता रहेगा और महत्वपूर्ण विषयों पर संवाद इसमें अवश्य शामिल होगा। आज भले आरपीपी सिंह नहीं हैं लेकिन उनके कृत्य और विचार को लेकर हम आगे बढ़ेंगे। पर्यावरण की समस्या आज दुनिया की सबसे बड़ी समस्या हैऔर पृथ्वी ही नहीं पूरे यूनिवर्स का अस्तित्व संकट में है।

डॉ रमेश शरण ने कहा कि वर्षा के दिनों का कम होना, जाड़ें और गर्मी में उतार चढ़ाव पर पूरे विश्व को चिंता करने की आवश्यकता है। हमें सोलर और पवन ऊर्जा पर ध्यान देना चाहिए। आज 80 प्रतिशत संसाधनों का उपयोग मात्र 20 प्रतिशत लोग कर रहें हैं। संसाधनों का अधांधुंध उपयोग से पर्यावरण की स्थिति बिगड़ती जा रही है। हमें बुद्धिज्म इकोनॉमी की ओर जाना होगा या हमें गांधी जी के साधनों के उपयोग के नियमों का पालन करना होगा। प्रो तपन कुमार शांडिल्य ने कहा रांची को हम बेहतर मौसम के कारण जानते थे लेकिन आज जिस प्रकार तापमान 42 डिग्री से अधिक हो रहा है वह संकेत दे रहा है कि पर्यावरण की सुरक्षा पर चिंतित होने की जरुरत है।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के बाद सरस्वती वंदना से की गयी। इकोनॉमी डिपार्टमेंट की प्रो रंजना श्रीवास्तव ने सेमिनार में आये हुए शिक्षाविदों, पर्यावरणविद और छात्रों का स्वागत किया। इकोनॉमी विभाग की डॉ मधुमिता दास गुप्ता ने सेमिनार के विषय वस्तु और विषय की गंभीरता से उपस्थित जनों को अवगत कराया। इस अवसर पर विशेषज्ञों ने अपनी राय रखी और इस गंभीर समस्या के निराकरण की। आइएमएस के निदेशक डॉ वीएस तिवारी ने डॉ आरपीपी सिंह फाउंडेशन रांची द्वारा विवि प्रबंधन संस्थान के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित होने और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम में विभाग के शिक्षण और बुद्धिजीवियों को सम्मानित किया गया।

स्पीड न्यूज

## गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे समेत तीन बरी

**दुमका।** लोकसभा चुनाव के दौरान गोडडा से लोकसभा प्रत्याशी प्रदीप यादव के खिलाफ अमार्यादित टिप्पणी करने के मामले में गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे समेत तीन को न्यायालय ने बरी करने का आदेश सुनाया। आदेश एमपी-एमएलए विशेष अदालत जितेंद्र राम के न्यायालय ने शुक्रवार को सुनाया। सांसद के केस की पैरवी कर रहे अधिवक्ता मनोज साह ने बताया कि वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता उल्लंघन को लेकर देवघर जिले के जसीडीह थाना में मामला दर्ज हुआ था।

## राज्यपाल से एसकेएमयू के कुलपति ने किया शिष्टाचार मुलाकात

**दुमका।** राज्यपाल सह कुलाधिपति सी पी राधाकृष्णन के संथाल परगना प्रमंडल के तीन दिवसीय दौरे के दौरान सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिमल प्रसाद सिंह ने शुक्रवार को शिष्टाचार मुलाकात किया। प्रभारी कुलपति ने राजभवन में कुलाधिपति से विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं विकासत्मक गतिविधियों से अवगत कराया। विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय हूल कार्यक्रमों की तैयारियों से कुलाधिपति को अवगत कराया। कुलपति ने कुलाधिपति को विश्वविद्यालय के संशोधित बीएड फीस से अवगत कराया।

## हूल दिवस को लेकर एसकेएमयू प्रशासन की तैयारी शुरू

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में हूल दिवस पर तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित होना है। इस बावत विश्वविद्यालय प्रशासन ने जोर-शोर से तैयारी शुरू कर दिया हैं। हूल दिवस कार्यक्रम का मुख्य अतिथि डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी विश्विद्यालय, रांची के कुलपति प्रो. डॉ. तपन कुमार शांडिल्य होंगे। आयोजन का सफल कार्यान्वयन के लिए कुलसचिव डॉ. संजय सिन्हा ने आयोजक समिति का गठन किया। हूल दिवस की तैयारी को लेकर एसकेएमयू कुलपति प्रो. डॉ विमल कुमार सिंह के अध्यक्षता में पदाधिकारियों और समिति समन्वयक की बैठक आयोजित हुई। बैठक में कुलपति डॉ सिंह ने विभिन्न समितियों द्वारा आयोजन को लेकर की जा रही तैयारियों के बारे में जानकारी लेकर विभिन्न समितियों के समन्वयक ने खर्च का ब्योरा सौंपते हुए अपना समिति का कार्य प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने दी।

### 'आपकी मम्मी कहती है, बात नहीं सुनते, अब शादी करो'

# राहुल गांधी को सलाह देकर लालू ने लूटी महफिल

खबर मन्त्र संवाददाता



**पटना।** पटना में विपक्षी एकता की मीटिंग में काफी कोई नतीजा तो नहीं निकला, लेकिन विपक्षी दलों के दिल्ली प्लान का खाका जरूर तैयार हो गया। अब 12 जुलाई को पटना में जुटी पार्टियों के नेता शिमला में मिलेंगे और वहां से लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्लानिंग करेंगे। इस बीच पटना में हुई बैठक में कई रोचक पूर्ण दृश्य देखने को मिले। सबसे विशेष तो यह रहा कि इस पूरी बैठक में लालू यादव की सियासी तौर पर वापसी होती दिखी। उन्होंने औपचारिक रूप से इस राजनीतिक मीटिंग में हिस्सा लिया। दूसरा यह कि इस मीटिंग के बाद अंत में जब प्रेस कांफ्रेंस हुआ तो वह महफिल भी लूट ले गए। राजद प्रमुख लालू यादव की अहमियत आप इस बात से समझ सकते हैं कि इस पूरे कार्यक्रम के सूत्रधार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के ठीक बगल में बैठे और दूसरी ओर मलिकार्जुन खरगे। मलिकार्जुन खरगे के बगल में राहुल गांधी और इस प्रकार विभिन्न दलों के नेता क्रम में बैठे। इस दौरान लालू यादव अपने फॉर्म में दिखे। एक वक्त ऐसा भी आया जब लालू अपने अंदाज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर टिप्पणी कर रहे थे। इसी बीच उन्होंने राहुल गांधी को भी अपने लपेटे में ले लिया और उनकी शादी की बात छेड़ दी। फिर क्या था लोगों ने भी इस पल का आनंद उठाया। लालू ने राहुल की शादी की चर्चा करते हुए कहा कि राहुल गांधी जल्दी से शादी करिए हम लोग बराती चलेंगे। लालू के बोलते ही पूरा कमरा हंसी से गूंज उठा।

**लालू के लपेटे में राहुल :** दरअसल, लालू लगातार राहुल गांधी की शादी की बात करते रहे और कई बार राहुल गांधी झेंपते हुए नजर आए। लालू यादव ने कहा कि अब आपको शादी करनी ही पड़ेगी। इस पर राहुल गांधी ने कहा कि मम्मी कहेगी तो कर लूंगा। फिर लालू यादव ने कहा कि मुझे आपकी मम्मी ने कहा है कि आप बात नहीं मानते हैं। अब आपको शादी करनी ही पड़ेगी। मम्मी आपकी बोलती हैं कि शादी नहीं करते हैं, शादी करवाइए आप। अब पक्का आपको करनी ही पड़ेगी इस बार।

**राहुल ने नीतीश की बात नहीं मानी :** इससे पहले एक मौका ऐसा भी आया जब बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विशेष आग्रह को भी राहुल गांधी ने टाल दिया। दरअसल सीएम नीतीश ने प्रेस कांफ्रेंस की औपचारिक शुरूआत की। परिचय के बाद नीतीश कुमार ने राहुल गांधी से मीडिया को ब्रीफ करने की गुजारिश की, मगर उन्होंने मल्लिकार्जुन खरगे को आगे कर दिया। थोड़ा आप भी बोल दीजिएङ्घसबलोगङ्घ बोलिए थोड़ा। इसके बाद राहुल गांधी ने बगल में बैठे मल्लिकार्जुन खरगे की ओर बोलने के लिए इशारा किया।

**फिर भी नहीं बोले राहुल गांधी :** हालांकि, इसके नीतीश कुमार ने एक बार फिर राहुल से कहा कि आप ही बोलिए न।। अच्छा रहेगा, आप ही बोलिए। इसके बाद भी राहुल गांधी बोलने को तैयार नहीं हुए। उन्होंने एक बार फिर मल्लिकार्जुन खरगे की ओर इशारा किया। मल्लिकार्जुन खरगे भी राहुल गांधी से बोलने की अपील की। लेकिन, इन तमाम प्रयासों के बीच राहुल गांधी बोलने को तैयार नहीं हुए। तब मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि अच्छा ठीक है। इसके बाद मीटिंग के बारे में मल्लिकार्जुन खरगे ने मीडिया को ब्रीफ किया।

## पटना की मीटिंग में विपक्षी एकता पर बनी सहमति

बिहार में हो रही 15 दलों की विपक्षी एकता की बैठक खत्म हो गई है। करीब चार घंटे तक चली बैठक के बाद मीटिंग में शामिल नेताओं ने साझा प्रेस वार्ता की। बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने प्रेस वार्ता की शुरूआत करते हुए कहा कि ये काफी अच्छी मुलाकात हुई है एक साथ चलने की सहमति हुई है। कुछ ही दिनों के बाद सब पार्टी की एक और बैठक की जाएगी। एक साथ चुनाव लड़ने पर सहमति हुई है। नीतीश कुमार ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे अगली मीटिंग करेंगे। संभावित तौर पर अगले महीने ये बैठक होगी। नीतीश कुमार ने कहा कि अभी जो भी शासन में हैं देश के हित में काम नहीं कर रहे हैं। राज्यों और सरकार के बारे में चुनौतियां आती है उस पर भी बात हुई है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि चुनाव लड़ने का कॉमन एजेंडा तैयार कर रहें हैं। 10-12 जुलाई को शिमला में बैठक करेंगे हालांकि ये अभी संभावित तिथि है। बैठक कर इसमें आगे का एजेंडा बनाया जायेगा। पत्रकारों से बात करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि ये लड़ाई विचारधारा की लड़ाई है। कुछ समय बाद फिर बैठक होगी। राहुल गांधी ने कहा कि हम सब अच्छे तरीके से आगे बढ़ने जा रहे हैं। ममता बनर्जी ने प्रेस मीट में कहा कि मैंने पटना में मीटिंग करने को कहा था क्योंकि कोई भी जन आंदोलन यहीं से शुरू होता है। हमलोग साथ लड़ेंगे और हमे विपक्षी नहीं बोलिये हमलोगों ने तय किया कि बीजेपी की तानाशाह सरकार जो चल रही है उसको हटाना है।

आज राज्य की सरकारों को परेशान किया जा रहा है। देश के कई हिस्सों में काला कानून लाया जा रहा है। अगर इस बार भी तानाशाह सरकार आएगी तो देश का भला नहीं हो सकता है। इसलिये हमलोगों ने साथ चलने और लड़ने का फैसला लिया है। बीजेपी देश का इतिहास बदलना चाहती है जिसे हम होने नहीं देंगे।

## इलाज के बाद हम फिट हैं, अब न्मोदी को फिट करेंगे : लालू

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** विपक्षी एकता की बैठक के बाद प्रेस कान्फ्रेंस में लालू यादव ने अपने पुराने और मजाकिया अंदाज में नरेंद्र मोदी सरकार के अलावा विपक्षी दलों के नेताओं और यहां तक की राहुल गांधी से भी चुटकी ली। मुख्यमंत्री आवास पर विपक्षी एकता की बैठक के बाद प्रेस कान्फ्रेंस में लालू यादव ने अपने जाने पहचाने अंदाज में चुटकी लेते हुए कहा कि इलाज के बाद अब पूरी तरफ से ठीक हो गए हैं और अब नरेंद्र मोदी को भी फिट कर देना है। आज जो बैठक हुई सभी लोगों ने खुलकर अपनी बातों को रखा है। संयोजक के नाम पर अगली बैठक में मुहर लगेगी।

**मोदी बांट रहे चंदन की लकड़ी :** लालू यादव ने कहा कि जनता कहती थी कि आपलोग एक नहीं होते हैं। इस कारण वोट बंट जाता है और बीजेपी जीत जाती है। अब हमलोग एक हो रहे हैं। नरेंद्र मोदी घूम-घूम कर चंदन की लकड़ी बांट रहे हैं, अमेरिका जाकर के भी लकड़ी बांटे। वहीं अमेरिका जो गोधरा कांड के बाद इन लोगों को आने से मना कर दिया था और अपने लोगों को भी भारत नहीं जाने बोला था, पता नहीं कैसे वो लोग भूल गए। लालू यादव ने आगे कहा कि देश टूट के कगार पर खड़ा है। हम तो सब्जी खरीदने नहीं जाते हैं, लेकिन सुनते हैं कि 60 रुपया किलो भिंडी मिल रहा है। महंगाई का यह हाल है। देश में हिंदू मुस्लिम करके, हनुमान जी का नाम लेकर बीजेपी चुनाव लड़ते हैं, लेकिन इस बार कर्नाटक में हनुमान जी बीजेपी से नाराज हो गए और राहुल गांधी की पार्टी की जीत हो गई। अब हनुमान जी हमलोग के साथ हैं। हमलोग कोल, भील नल नील सब को जमा कर रहे हैं। अब ये लोग बीजेपी के तरफ नहीं जाएंगे। इसके अलावा लालू यादव ने 2000 के नोट को बंद करने पर भी तंज कसा।

## पटना बना पॉलिटिकल हबः अंदर बैठक, बाहर चचाओं का दौर, कौन बनेगा बास

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** 2024 के महासंग्राम को लेकर बिहार के पटना में विपक्षी दलों की महत्वपूर्ण बैठक हो रही है। बैठक में क्या होता है? क्या कोई बड़ा फैसला लिया जा सकता है? इस तरह के कई सवालों पर कयासों का बाजार गर्म है। पूरे देश की नजर पटना पर टिकी है। जाहिर है पटना आज पॉलिटिकल हब बना है। वजह साफ है कि पटना में देश की विपक्षी दलों की बैठक की जा रही है और इस बैठक में देश के विपक्षी दलों के प्रमुख नेता मौजूद हैं। ऐसे में पूरे पटना में राजनीतिक चचाओं का दौर चल रहा है। बैठक का क्या नतीजा होगा या फिर यह बैठक बेनतीजा समाप्त हो जायेगी? उससे पहले लोगों में अलग-अलग प्रतिक्रियाएं हैं। कार्यकताओं की अलग सोच है तो, वहीं पूरे देश से आई मीडिया भी अलग-अलग चर्चा कर रही है। पटना की सड़कों पर पोस्टर बैनर छाए पड़े हैं और इसमें अपने-अपने दल के नेताओं को प्रमुखता देने की होड़ मची है। मीडिया को बैठक से दूर रखा गया है। बैठक में क्या चर्चा हो रही है, किस बात पर सहमति बनाई जा रही है या फिर नेता एक दूसरे पर क्या टीका टिप्पणी कर रहे हैं, ये खबरें बाहर नहीं आ पा रही है। हालांकि अलग-अलग समय पर इस बात की चर्चा हो जा रही है कि विपक्षी एकता के संयोजक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बनाया जा रहा है। इस बात पर भी चर्चा हो रही है कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच में तीखी बयानबाजी हुई है, लेकिन, इसकी पुष्टि वही कर सकता है जो उस बैठक में अंदर शामिल है। सभी अपने-अपने तरीके से इस बैठक की व्याख्या कर रहे हैं और उसके परिणाम की उम्मीद भी जता रहे हैं। बैठक के बाद जब सभी नेता अपनी तरफ से बयान देंगे, तब पता चलेगा कि इस बैठक में क्या कुछ चर्चा हुई और किस बात पर सहमति बनी।

**पोस्टर बाजी में आगे निकलने की होड़ :** जब देश के इतने सारे नेता पटना में मौजूद हों तो पोस्टर बाजी कैसे नहीं होगी? पूरे पटना को पोस्टर बैनर से पाट दिया गया है। अलग-अलग दलों के अलग-अलग पोस्टर लगे हैं। किसी में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बड़ा चेहरा बताया गया है तो किसी में राहुल गांधी को बड़े बड़े स्तर का नेता बताया गया है।राहुल गांधी के लिए लगाए गए इस पोस्टर की हो रही चचार्राहुल गांधी के पक्ष में लगाए गए।

**इस पोस्टर की हो रही चर्चा 'मोहब्बत करने वाला नेता राहुल गांधी':** कई जगहों पर स्लोगन भी लिखे गए हैं, जिसमें उन्होंने अपने नेता को देश का नेता बताया तो, किसी ने अपने नेता को देश का लाल बताया है। कहीं मोहब्बत की दुकान लगाई गई, जिसमें राहुल गांधी को मोहब्बत करने वाला नेता बताया गया है। इस तरह से पटना की सड़कें पोस्टर बैनर से पट गई हैं।

एक नजर में

## पाइनल ब्लास्ट से बुरी तरह झुलसी महिला, रिम्स रेफर



**जयनगर (कोडरमा)।** डीवीसी द्वारा संचालित एसआर ट्रबो कंपनी में कार्यरत महिला कामगार प्लांट के अंदर हुए पाईनल ब्लास्ट से झुलस कर घायल हो गई। उल्लेखनीय है कि महिला का पति गोपाल सिंह भी पहले यही काम करता था और बीमारी की हालत में उसकी मौत हो गई थी एवं प्रबंधन ने उसके जगह पर उसकी पत्नी 34 वर्षीय आरती देवी ग्राम बाजाबिगहा थाना टनकूप्पा जिला गया बिहार को काम पर रखा था। वहीं गुरुवार की दोपहर वह प्लांट में काम कर रही थी तथा लंच आवर रहने के कारण कंट्रोल रूम में आराम कर रही थी। इसी दौरान हुए पाईनल विस्फोट में उसका दाहिना हाथ और चेहरा झुलस गया। फिलहाल घायल महिला का इलाज रिम्स रांची में चल रहा है।

## पुलिस सक्रियता से मानव तस्करी की शिकार होने से बची नाबालिग लड़कियां

**शिकारीपाड़ा।** दुमका पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर शिकारीपाड़ा पुलिस ने शिकारीपाड़ा रेलवे स्टेशन से पत्नी किरण देवी उर्फ पुतूल डोमिन एवं पति निर्दोष कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पति पत्नी अपने साथ चार नाबालिग लड़कियों को बहला-फुसलाकर दिल्ली में काम कराने के बहाने ले जा रहे थे। दोनों मानव तस्करों की पहचान मनोरा गांव के थाना मनोरा जिला हाथरस उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। मानव तस्करी नवोदित झारखंड राज्य के लिए एक बदनुमा दाग है और आए दिन किसी न किसी जिले से नाबालिग बच्चों विशेषकर लड़कियों को बहला-फुसलाकर महानगरों में काम के बहाने ले जाकर उनके शोषण की कहानियां सामने आती रहती है। मानव तस्करी के जाल से गरीब बच्चियां बच सकती हैं। छापेमारी टीम में एसडीपीओ नूर मुस्तफा अंसारी, थाना प्रभारी उमेश राम आदि मौजूद थे।

## संदेहास्पद स्थिति में महिला की मौत, ससुराल वालों पर आरोप

**कांडी।** थाना क्षेत्र के सरकोनी पंचायत अन्तर्गत मझिगांवा गांव निवासी आलोक कुमार ठाकुर की 30 वषीर्या पत्नी संजू देवी की मौत गुरुवार की रात्रि में संदेहास्पद स्थिति में हो गयी। शुक्रवार को पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है। मृतका के पिता लखन ठाकुर ने अपनी पुत्री की हत्या करने का आरोप ससुराल वालों पर लगाते हुए थाना में आवेदन दिया गया है। मृतका के पिता ने बताया कि 2005 में संजू की शादी मझिगांवा गांव निवासी आलोक कुमार ठाकुर से हिन्दू रीतिरिवाज के अनुसार दान दहेज देकर किये थे। उन्होंने कहा कि मेरी पुत्री को लाठी डंडा से मारकर और रस्सी से गल्ला घोंट कर मार दिया गया है। उन्होंने बताया कि ससुराल वाले दहेज की मांग को लेकर बराबर प्रताडित करते थे।

## गढ़वा की निरीह जनता का उपायुक्त के नाम त्राहिमाम पत्र

**गढ़वा।** देह चिर देने वाली गर्मी को जीवन को निगल लेने को आतुर उमस के साथ दो दिनों से बिजली से वंचित गढ़वा वासियों का धैर्य शुक्रवार को जवाब दे दिया। वे बिजली विभाग की लापरवाही और स्थानीय प्रशासन की सुस्ती के खिलाफ सड़क पर उतर गए। गढ़वा शहर के सांसद प्रतिनिधि चंदन जयसवाल के आह्वान पर सैकड़ो युवाओं का दल मोटरसाइकिल से मेन रोड, रंका रोड, होते हुए समाहरणालय पहुँचा। वे डीसी से बिजली-पानी की मांग की आक्रोशित युवाओं में राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन के प्रति काफी आक्रोश था। सर्वविदित है कि गढ़वा शहर लगातार एक महीने से बिजली संकट से जूझ रहा है। अब स्थिति यह है कि थोड़ी भी वारिस होने पर शहर की बिजली 12 से 20 घण्टे तक गुल हो जाती है। जबकि शहर के रिहायसी इलाके में बिजली जाती है नहीं है। इस दोहरे मापदंड से भी जनता में आक्रोश है। यही कारण है कि लोगों का सब्र का बाँध टूट गया और वे पिछले 48 घंटे से गढ़वा शहर में ब्लैक आउट का विरोध करने सड़क पर उतर आए। शहर वासियों ने डीसी को एक त्राहिमाम पत्र सौंपा।

## उपायुक्त ने प्रोजेक्ट रेल व प्रोजेक्ट इंपैक्ट के बारे में एडीपीओ को दिया प्रशिक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जेईपीसी रांची सभागार में राज्य के सभी जिलों के एडीपीओ का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपायुक्त आदित्य रंजन ऑनलाइन शामिल हुए। उपायुक्त ने कोडरमा जिला के सरकारी विद्यालय के बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए चलाये जा रहे प्रोजेक्ट रेल और प्रोजेक्ट इंपैक्ट के बारे में बिंदुओं को साझा किया। उन्होंने प्रोजेक्ट रेल के बारे में बताते हुए कहा कि पिछले डेढ़ सालों से जिले में लगातार प्रोजेक्ट रेल के जरिए वीकली टेस्ट लिया जा रहा है और बच्चों की तैयारी को लेकर मॉनिटरिंग की जा रही है। बच्चों का मॉडल सेट देकर परीक्षा की तैयारी करायी जाती है। उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट इंपैक्ट के माध्यम से सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता, आधारभूत संरचना आदि में सुधार लाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। वहीं उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूल की व्यवस्था को सुधार लाना है, अच्छा स्कूल बनाना है, जहां सभी बच्चे नामांकन कराना चाहें। स्कूल को संस्थागत रूप से विकास करने के साथ साथ स्कूल में मूलभूत सुविधाएं बेहतर करने की जानकारी दी। वहीं उन्होंने कहा कि अपने अपने पोषण क्षेत्र अंतर्गत टोला टैंगिंग करें और गांव व टोला का भ्रमण कर बच्चों के स्कूल आने के लिए प्रेरित करने, अभिभावक के साथ बैठक, अभिभावकों का काउंसलिंग करने से संबंधित जानकारी दी एवं हर क्लास के बाद चेतना सत्र और विभिन्न गतिविधियां कराकर बच्चों का सर्वांगीण विकास करने के बारे में बताया।

## बीएलओ और सुपरवाइजर को दिया गया प्रशिक्षण

**कोडरमा।** फरेंदा स्थित जिला पंचायत संसाधन केंद्र में उप निर्वाचन पदाधिकारी जयपाल सोय की अध्यक्षता में मरकच्चो प्रखण्ड के बीएलओ को ईआरओ नेट 20 से सम्बंधित प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण शिविर में विशेष संक्षिप्त मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर सभी बीएलओ को घर-घर जाकर सर्वे करने और दीवारों में स्टिकर चिपकाने से सम्बंधित विस्तृत जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण में उन्हें फॉर्म 6, 6ए, 6 बी, 7 और 8 को ऑनलाइन भरने हेतु प्रोजेक्टर से जानकारी दी गयी।

### कोडरमा पहुंच कर दोनों प्रोजेक्ट से हुए रूबरू, कहा, जिला को शिक्षा हब बनाने में सहायक सिद्ध होगा प्रोजेक्ट

## प्रोजेक्ट रेल और प्रोजेक्ट इम्पैक्ट से प्रभावित हुए खूंटी एसडीओ

### दोनों प्रोजेक्ट को महामहिम राज्यपाल और मुख्यमंत्री से भी मिल चुका है प्रशंसा

खबर मन्त्र संवाददाता





**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन के निर्देश पर जिले में सन्चालित प्रोजेक्ट रेल और प्रोजेक्ट इम्पैक्ट अब पहचान का मोहताज नही रह गया बल्कि इन दोनों प्रोजेक्ट की सफलता देख राज्य भर में सुर्खियां बटोर रहा है, राज्य के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, कई मंत्रियों के अलावे आला अधिकारी से इन दोनों प्रोजेक्ट से रूबरू होने के लिए कोडरमा का दौरा कर चुके है अब इन सबके बीच दोनों प्रोजेक्ट के सकारात्मक परिणाम से खूंटी के एसडीओ अनिकेत सचान भी प्रभावित हुए, शुक्रवार को खूंटी एसडीओ और डीईओ अतुल कुमार चौबे कोडरमा पहुंच कर प्रोजेक्ट रैल और प्रोजेक्ट इम्पैक्ट से रूबरू हुए। अधिकारियों की टीम ने प्लस टू उच्च विधालय उरवां, आरएमएम प्लस टू उच्च विधालय चंदवारा और परियोजना बालिका उच्च विधालय कोडरमा का भ्रमण कर प्रोजेक्ट रेल और प्रोजेक्ट इम्पैक्ट से सम्बंधित विभिन्न गतिविधियों का न केवल अवलोकन किया बल्कि छात्र छात्राओं से बातचीत कर दोनों प्रोजेक्ट से हो रहे लाभ की जानकारी ली। वहीं खूंटी एसडीओ ने कहा की कोडरमा जिला को शिक्षा हब बनाने में ये दोनों प्रोजेक्ट मिल का पत्थर साबित होगा। जिला प्रशासन और उपायुक्त इसके लिए बधाई के पात्र है, जिन्होंने एक पवित्र और ईमानदार प्रयास कर इस तरह के प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारने का काम किया है। इसके बाद खूंटी एसडीओ सदर अस्पताल पहुंचे और विभिन्न वार्डो का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में चिकित्सा व्यवस्था देख काफी प्रभावित हुए। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने कहा कि जिले में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में जिस तरह से काम किया जा रहा है। उससे आने वाले दिनों राष्ट्रीय स्तर पर कोडरमा को पहचान मिलेगी, साथ ही यहां के बच्चों का बेहतर भविष्य का भी निर्माण हो सकेगा। मौके पर डीईओ अलका जयसवाल, गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय, डीएस डॉ मनोज कुमार, डॉ सुनील कुमार आदि मौजूद थे।

## कारो नदी में बने पुल का मंत्री जोबा माझी ने किया उद्घाटन

**चक्रधरपुर।** मनोहरपुर की विधायक सह सूबे की महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा मंत्री जोबा माझी ने शुक्रवार को नक्सल प्रभावित गुदड़ी प्रखंड के बहुप्रतक्षित कारो नदी पर सेरेंगदा-जोजोदा पुल का उदघाटन विधिवत पूजा अर्चना व फीता काट कर किया। मौके पर मंत्री ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार गुदड़ी जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्रों के विकास के लिए वचनबद्ध है। जिसको लेकर विगत चार सालों में सुदूरवर्ती क्षेत्रों को प्रखंड व जिला मुख्यालय से जोड़ने के पुल-पुलिया व सड़क का निर्माण कर रही है। जिससे ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा मुहैया किया जा सके। उन्होंने कहा जब वह गुदड़ी प्रखंड के सुदूर में स्थित टोमडेल पंचायत के गांवों में चुनाव प्रचार करने के लिए आयी थी, तब ग्रामीणों की मांग पर कारो नदी पर सेरेंगदा व जोजोदा के बीच पुल का निर्माण को लेकर ग्रामीणों से वादा किया था। अब उन्होंने यह वादा निभाया है।

## सड़क दुर्घटना में नामधारी कॉलेज के अनुसेवक की मौत

**मेराल।** गढ़वा-मझिआंव मुख्य सड़क पर मेराल थाना क्षेत्र के औरैया मोड़ के पास शुक्रवार की दोपहर में एक बस की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार नामधारी कॉलेज के अनुसेवक की मौत मौके पर हो गई। जानकारी के मृतक राधेश्याम राम उम्र 52 गढ़वा के नामधारी कॉलेज में अनु सेवक के पद पर कार्यरत थे। वह बाइक से अपने घर मझिआंव थाना क्षेत्र के कर्मडीह गांव जा रहे थे, इसी बीच औरैया मोड़ के पास मझिआंव से गढ़वा की ओर आ रही एक सवारी बस की चपेट में आ गए जिससे उनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई।

## बीएड के फीस में बढ़ोतरी को लेकर अभाविप ने कुलपति का किया घेराव

**दुमका।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला इकाई ने बीएड नामांकन शुल्क में बढ़ोतरी के विरोध में सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के कुलपति का गुरूवार को घेराव किया। अभाविप ने कुलपति को 24 घंटे का अल्टीमेटम देने के बाद भी बढ़े हुए नामांकन फीस वापस नहीं होने पर घेराव किया। इस अवसर पर अभाविप के प्रांत जनजातीय कार्य प्रमुख मनोज सोरेन ने कहा कि बिना सिंडिकेट की बैठक किए बीएड की फीस बढोतरी किया गया है। साथ ही सेवानिवृत्त हो चुके लोगों को विश्वविद्यालय में संविदा पर नियुक्ति का विरोध किया। संथाल परगना के छात्रों के लिए 90 फीसदी बीएड में सीट सुरक्षित करने का मांग किया। जिला संयोजक जयंत कुमार ने कहा कि ग्रामीण छात्रों को बढ़ी हुई फीस से काफी परेशानी होगी। बढ़ी हुई फीस वापस नहीं होने पर अभाविप उग्र आंदोलन की चेतावनी दिया।